फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 98 प्रभात जयपुर, सोमवार 8 नवम्बर, 2021 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com




"God Must Be A Journalist..."

Human beings like order, structure and hierarchy. A newspaper is just that from the lead headline, to the bold or plain headline, it creates a hierarchy.

ADHD Treatment

Prettiest Hair Colours





*विश्व में कितनी वैडल सील हैं? सच्चाई यह है कि वैज्ञानिकों को अब तक पता ही नहीं था। अब ''साईन्स एडवांसेज़'' के सितम्बर 2021 के संस्करण में इस एन्टार्कटिक सील की वैश्विक आबादी का पहला आकलन छपा है, जिसके नतीजे हैरान करने वाले हैं। शोध की मुख्य लेखक और युनिवर्सिटी ऑफ मिनसोटा की रिसर्च एसोसिएट मिशैल लरु ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण खोज यह है कि सील की संख्या हमारी उम्मीद से बहुत कम है। हमारे आकलन के हिसाब से विश्व में सिर्फ दो लाख मादा सील ही हैं। धरती के सूदूर दक्षिणी छोर, जहां शायद ही कोई अन्य स्तनपायी रहता हो, में बसेरा करने वाली ये सील दक्षिणी सागर के इकोसिस्टम में भी अहम् भूमिका निभाती हैं। एन्टार्कटिका को घेरे हुए इस सागर को विश्व का पांचवा महासागर मान लिया गया है।'' लरु ने बताया कि, दो प्रमुख कारणों से वैडल सील दक्षिण सागर के लिए प्रमुख ''इण्डीकेटर'' प्रजाति हैं, एक तो यह कि, ये एन्टार्कटिका की ''फास्ट आइस'' (ऐसी बर्फ जो एन्टार्कटिका महाद्वीप से स्थायी रुप से सटी हुई है) पर रहना पसंद करती हैं, इस प्रकार सील और उसके आवास व व्यवहार को समझकर वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिल सकती है कि जलवायु परिवर्तन से यह इकोसिस्टम किस प्रकार बदल रहा है। दूसरा कारण यह कि, वैडल सील एन्टार्कटिक टूथफिश को खाती हैं। इस फिश को चिलिअन सी बास भी कहते हैं। लरु ने कहा कि ''ना केवल ये हमें जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी देती हैं बल्कि, यह भी कि इकोसिस्टम कैसे काम कर रहा है। क्योंकि एन्टार्कटिक टूथफिश एन्टार्कटिका के इकोसिस्टम का बहुत महत्वपूर्ण भाग हैं। वैडल सील का हालांकि बहुत अध्ययन हुआ है पर अभी तक इनकी सही संख्या पता नहीं थी, क्योंकि वैज्ञानिकों के पास सही तकनीक नहीं थी। लरु ने कहा, ''एक -एक सील को देख सकने वाली सैटलाइट इमेजरी दस साल पहले उपलब्ध नहीं थी। पूर्व में उनकी गणना जलयानों व हवाई जहाज से की जाती थी। इसके आधार पर उनकी आबादी का अनुमान काफी ऊंचा, लगभग 8 लाख था। तथापि, इसका अर्थ यह नहीं है कि सील की संपूर्ण आबादी वास्तव में घटी है। अब इस नए व ज्यादा सटीक आंकड़े से शोधकर्ताओं को भविष्य में आबादी की घटत-बढ़त को नापने में मदद मिल सकती है। वर्तमान में वैडल सील आई.यू.सी.एन. की रैड लिस्ट में ''लीस्ट कंसर्न'' (कम चिंताजनक स्थिति) वाले वर्ग में हैं लेकिन उनकी आबादी का रुझान, संख्या घट रही है या बढ़ रही है, अज्ञात थी। लरु ने बताया कि यह नई सटीक गणना सैटलाइट तकनीक और सैंकड़ों हजारों सिटिज़न साइन्टिस्ट की वजह से संभव हुई है। लरु ने कहा ''सफेद बर्फ पर सील काले ब्लॉब की तरह दिखती हैं। सैटलाइट छवियों को जब कम्प्यूटर पर देखते हैं तो ये आराम से नज़र आ जाती हैं।''*

# 'भाजपा बंगाल में ममता बनर्जी के खिलाफ संघर्ष और तेज करेगी'

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का मुद्दा मुख्यतः छाया रहा साथ ही पांच राज्यों में चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई

- **बैठक के दौरान जे.पी. नड्डा ने कहा कि, प. बंगाल में ममता बनर्जी के जाने और लोकतंत्र की वापसी तक भाजपा का संघर्ष पूरी कड़ाई से जारी रहेगा।**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक नई दिल्ली में हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय कार्य समिति के पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ परिसर से जुड़े। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी शामिल हुए।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों ने पार्टी व विभिन्न राज्यों में संगठन की मजबूती को लेकर मंत्रणा की। साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में हुए विकास और उपलिब्धयों को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव और संगठन की मजबूती को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक खत्म होने के बाद भाजपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2023 के चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही है।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व मंत्री लता उसेंडी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की कमियों को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। सरकार की वादा-खिलाफी से उन्हें अवगत कराएंगे। सत्ता पाने के लिए गंगाजल लेकर कसमें खाने वाली सरकार अब अपने वादों से मुकर रही है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की भर्त्सना करते हुए कहा है कि वह राज्य की जनता के साथ चट्टान की तरह खड़ी रहेगी और राज्य में राजनीति की एक नयी इबारत लिखेगी। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को नयी दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के प्रथम सत्र में पश्चिम बंगाल में पार्टी के बढ़ते जनाधार का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आस्था प्रकट की है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में जब भी बंगाल में चुनाव होगा तब भाजपा प्रजातांत्रिक तरीके से बंगाल को बचाने के लिए, बंगाल में प्रजातंत्र को, संविधान को बहाल करने के लिए लड़ेगी।

प्रथम सत्र की कार्रवाई की जानकारी केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने संवाददाताओं को दी। बाद में वित्त मंत्री ने बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकारिणी ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा और विपक्ष की नकारात्मक राजनीति की निंदा की है।

नड्डा ने अपने संबोधन में कहा, "पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास प्रकट किया है।" उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनावों के बाद वहां भाजपा के कई कार्यकताओं की हत्या कर दी गयी है पर "भाजपा पश्चिम बंगाल की जनता के साथ डटी रहेगी।" नड्डा ने पश्चिम बंगाल की जनता को यह भरोसा दिलाया है कि पार्टी प्रदेश में राजनीति की एक नयी कहानी लिखेगी। गौरतलब है कि भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव बड़ी मेहनत और दमखम से लड़ा था और उसका दावा था कि इस बार चुनाव में नया खेला होगा और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार पलट जाएगी। पार्टी पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के अपने प्रयास में सफल नहीं हो सकी पर आज वह विधानसभा में सबसे बड़ा दल है। लेकिन राज्य में राजनीतिक हिंसा के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो जैसे भाजपा के कुछ सांसद, विधायक और कार्यकर्ता तृणमूल कांग्रेस में वापस चले गए है।

# महंगाई और पैट्रोल डीजल की कीमतों के खिलाफ कांग्रेस के जन जागरण अभियान पर लगेगा ग्रहण

## क्योंकि केंद्र की ओर से एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद पड़ोसी राज्यों में भी राजस्थान के मुकाबले 15 रुपए तक सस्ता मिल रहा है पैट्रोल-डीजल

- **राज्य में वैट कम करने के बजाय मुख्यमंत्री ने फिर लिखा गृह मंत्री अमित शाह को पत्र, एक्साइज ड्यूटी घटाने और जी.एस.टी. पुनर्भरण की मांग की।**

जयपुर, 7 नवम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस की ओर से 14 नवम्बर से आसमान छूती मंहगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस सहित आवश्यकता की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरूद्ध प्रदेशभर में होने वाले जागरूकता जन सम्पर्क कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं, लेकिन अब पेट्रोल डीजल की कीमतों को लेकर राजस्थान की कांग्रेस सरकार ही लोगों के निशाने पर आती दिख रही है। इसका कारण यह है कि केंद्र सरकार ने डीजल पर 10 और पेट्रोल पर 5 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम की है। वहीं कई प्रदेशों ने अपने स्तर पर वैट में कमी की है और जनता को राहत मिली है। दूसरी ओर पड़ोसी राज्यों के मुकाबले राजस्थान में इस समय सबसे महंगा डीजल-पेट्रोल मिल रहा है।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्पष्ट रूप से वेट कम करने से मना कर दिया है। ऐसे में अब प्रदेश कांग्रेस दुविधा में है कि आखिरकार वह बढ़ती महंगाई को लेकर कैसे 14 नवंबर से जनता के बीच जन जागरण कर पाएगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की दुविधा यही नहीं है कि केंद्र सरकार ने डीजल पर 10 और पेट्रोल पर 5 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम की है, बल्कि पड़ोसी राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली, जहां पहले से ही राजस्थान के मुकाबले 10 से 12 रुपए पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम हैं। वहां भी राज्य सरकारों ने वेट कम कर दिया है और रविवार को कांग्रेस शासित राजस्थान के पड़ोसी राज्य पंजाब के मुख्यमंत्री ने भी पेट्रोल और डीजल पर क्रमश 10 और 5 रुपए कम कर दिए हैं। ऐसा होने का असर ना सिर्फ आम जनता पर पड़ रहा है बल्कि पड़ोसी राज्यों के नजदीकी जिलों के पेट्रोल-डीजल डीलरों पर भी पड़ रहा है। उन जिलों के वाहन चालक पड़ोसी राज्यों से जाकर पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं। इससे डीलरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं राज्य सरकार को भी मिलने वाला कर नहीं मिल पा रहा है।

अब राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भी दबाव है कि वह स्टेट वेट कम करे लेकिन ऐसा करने के बजाय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पेट्रोल-डीजल पर लगाई जा रही एक्साइज ड्यूटी में और कमी करने का आग्रह किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने जीएसटी पुनर्भरण के बकाया चल रहे 5,963 करोड़ रुपये का भुगतान जल्द करने का भी आग्रह किया है। रविवार को गहलोत ने अपने पत्र में यह भी दिखा कि यदि केंद्र सरकार ऐसा करती है तो महंगाई से जूझ रही जनता को राहत मिल पाएगी। पत्र में लिखा कि केन्द्र की ओर से एक्साइज ड्यूटी कम करने के साथ ही राज्यों का वैट आनुपातिक रूप से अपने आप ही कम हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है कि केन्द्र सरकार की ओर से पेट्रोल पर 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी कम करने से राज्य में वैट की दर में पेट्रोल पर 1.8 रुपये प्रति लीटर व डीजल पर 26 रुपये प्रति लीटर की कमी स्वत: हो गई है। इससे राज्य के वैट राजस्व में लगभग 1800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की हानि होगी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से राजस्थान की जनता को राहत देने के लिए हमारी सरकार ने इस वर्ष की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देवबंद में राजनेताओं के आने पर रोक

- **सेकुलर दलों के नेताओं के देवबंद स्थित विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारूल उलूम देवबंद में किसी न किसी बहाने आने के इरादो को दारूल उलूम ने बडा झटका देते हुए चुनावों के दौरान उनके यहां आने पर रोक लगा दी है।**

देवबंद (सहारनपुर) 7 नवम्बर (वार्ता)। सेकुलर दलों के नेताओं के देवबंद स्थित विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारूल उलूम देवबंद में किसी न किसी बहाने आने के इरादो को दारूल उलूम ने बडा झटका देते हुए चुनावों के दौरान उनके यहां आने पर रोक लगा दी है।

दारूल उलूम देवबंद के चांसलर मुफ्ति अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश की आठ करोड़ जनता को लूटने का क्रम जारी रखना चाहती है लुटेरी गहलोत सरकार : देवनानी

## 'पैट्रोल-डीजल की कीमतें कम करने का प्रदर्शन करना मात्र कांग्रेस की नौटंकी'

- **'राज्य सरकार ने पैट्रोल-डीजल पर वैट कम नहीं किया तो सड़क से सदन तक घेरेगी भाजपा'।**

जयपुर/जोधपुर, 7 नवम्बर (का.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी के जोधपुर शहर संगठन प्रभारी एवं पूर्व मंत्री अजमेर विधायक वासुदेव देवनानी ने पेट्रोल डीजल पर प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार को घेरा और कहा कि केन्द्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर पांच रुपए और दस रुपए घटाकर आमजन को राहत प्रदान की है लेकिन मुख्यमंत्री वैट कम करने को राजी नहीं है, कोविड के समय राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता से करीब दस हजार रुपए की खुली लूट जारी रखी थी। केन्द्र की मोदी सरकार ने कीमतें कम करके जनता को राहत प्रदान की है। केन्द्र सरकार के निर्णय के बाद भाजपा शासित अधिकांश राज्यों ने आदेश का अनुसरण करते हुए वेट कम किया लेकिन प्रदेश की गहलोत सरकार को अपना 1800 करोड़ का हिस्सा कम होने की चिंता सता रही है। गहलोत सरकार प्रदेश की आठ करोड़ जनता को राहत नहीं देना चाहती और प्रदेश की जनता को लूटने का क्रम जारी रखना चाहती है। जबकि यही लोग केन्द्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे अब राज्य सरकार वेट कम क्यों नहीं कर रही। पेट्रोज-डीजल की कीमतें कम करने का प्रदर्शन करना मात्र कांग्रेस की नौटंकी ही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का बस एक ही काम रह गया है मोदी, भाजपा और आरएसएस को कोसना और मिथ्या आरोप लगाना। येन-केन प्रकारेण मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। इसी के चलते पिछले पौने दो वर्ष से अपने घर जोधपुर तक को नहीं संभाला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गहलोत का राज्य के विकास को लेकर कोई लेना देना नहीं है क्योंकि उनको आभास हो चुका है कि भविष्य में वो तो सत्ता में नहीं आने वाले।

देवनानी ने रविवार को यहां जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार में कांग्रेस के ही जनप्रतिनिधि दुखी है। किसी को थाने में धरना देना पड़ रहा है तो कोई अपनी मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। गहलोत सरकार ने प्रदेश को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारतीय नौका पर पाकिस्तान ने फायरिंग की

- **पाकिस्तानी नौसेना की ओर से की गई इस फायरिंग में एक भारतीय मछुआरे की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गया।**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। पाकिस्तानी नौसेना ने रविवार को गुजरात तट पर स्थित एक भारतीय नाव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में एक भारतीय मछुआरे की दर्दनाक मौत हो गई है और एक मछुआरा घायल हो गया। मृतक मछुआरे का नाम श्रीधर बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया वहीं, घायल को द्वारका के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी नौसेना ने इस तरह की हरकत की है। इससे पहले भी पाक की तरफ से कई मछुआरे की तरफ से गिरफ्तारी की गई है। पिछले साल अप्रैल में भी पाकिस्तानी नौसेना ने दो नावों पर फायरिंग कर दी थी।

# जी-20 के रोम घोषणापत्र में भारत का दबदबा कायम हुआ

## घोषणापत्र में भारत के सुझाये नौ मुद्दों को प्रमुखता से शामिल किया गया

- **प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 बैठक के दौरान कई बार करोना की विभीषिका को देखते हुए डब्ल्यु.एच.ओ. की तरफ से दूसरे देशों के टीकाकरण को मंजूदी देने की अपील की थी। इस विषय को भी जी-20 की घोषणापत्र में जगह दी गई और इसके तीसरे दिन ही डब्ल्यु.एच.ओ. ने भारत को स्वदेशी कोवैक्सीन को मंजूरी दे दी।**
- **जी-20 इस घोषणापत्र के बाद भारत तेजी से दूसरे देशों के साथ हवाई मार्ग व पर्यटन को खोलने का समझौता कर सकता है।**
- **कोयला बिजली संयत्रों को लेकर भी विश्व समुदाय ने भारत की मांग को स्वीकार किया है। विकसित देशों का दबाव था कि सभी ताप बिजली संयत्रों को बंद करने का लक्ष्य तय होगा। लेकिन भारत का कहना था कि, पहले चरण में ताप बिजली संयंत्रों को किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं देने की शुरुआत होनी चाहिए।**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। दुनिया में आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे मजबूत 20 देशों के संगठन जी-20 की बैठक समाप्त हो चुकी है। बीते रविवार को इसकी तरफ से जारी घोषणा पत्र को विश्व की मौजूदा कई चुनौतियों के समाधान के तौर पर देखा जा रहा है। इस घोषणा पत्र में कम से कम नौ ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी भारत लंबे समय से मजबूती के साथ पैरोकारी करता रहा है, जिसमें पूरी दुनिया में कारपोरेट टैक्स की न्यूनतम दर 15 प्रतिशत करना प्रमुख है।

सूत्रों का कहना है कि घोषणा पत्र में शामिल कई मुद्दे हैं जिसको लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने समूह के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अलग-अलग मुलाकात में उठाया था। पी.एम. मोदी ने कई बार करोना की विभीषिका को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू.एच.ओ.) की तरफ से दूसरे देशों के टीकाकरण को मंजूरी देने की अपील की थी। इसको जी-20 की घोषणा पत्र में जगह दी गई और इसके तीसरे दिन ही डब्ल्यू.एच.ओ. ने भारत की स्वदेशी कोवैक्सीन को मंजूरी दे दी है।

भारत का मानना है कि एक समान फार्मूले के आधार पर ही हर देश की वैक्सीन की गुणवत्ता जांची जानी चाहिए। जी-20 की घोषणा पत्र के बाद भारत तेजी से दूसरे देशों के साथ हवाई मार्ग व पर्यटन को खोलने का समझौता कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक दूसरा मुद्दा जिसकी भारत लगातार वकालत करता रहा है और जिसे घोषणा पत्र में मंजूरी दी गई है वह है पूरी दुनिया में बढ़ते उपभोक्तावाद को संतुलित करना।

जी-20 की बैठक में भी भारत ने इसे शामिल करने पर खास जोर दिया। इसके बगैर पर्यावरण सुरक्षा की बात अधूरी है। इसी तरह से वर्ष 2014 सम्मेलन में पहली बार हिस्सा लेते हुए न्यूनतम कारपोरेट टैक्स की अवधारणा को लागू करने का प्रस्ताव किया था। शुरुआत में कई देशों ने इसका विरोध किया था लेकिन अब इस पर सहमति भी बनी है और रोम घोषणा पत्र में इसे शामिल भी किया गया है। भारत ने डाटा के इस्तेमाल को लेकर जो शंकाएं जताई थी, रोम घोषणा पत्र में उसका समाधान किया गया है। इसमें विकासशील देशों की आशंकाओं के समाधान की खास तौर पर ध्यान रखा गया है।

मोटे तौर पर इसका मतलब यह है कि डाटा का विश्वसनीय तरीके से इस्तेमाल होगा। ब्याज देनदारी को स्थगित करने के प्रस्ताव को मिली जगह इसी तरह से विकासशील देशों पर बकाये कर्ज पर ब्याज देनदारी को कुछ समय तक और स्थगित करने का प्रस्ताव भी जी-20 देशों ने स्वीकार किया है। पिछले वर्ष भारत के सुझाव पर ही इसे एक वर्ष के लिए टाला गया था। इससे दर्जनों को देशों को वित्तीय राहत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने पांच ग्रामीणों को अगवा किया

- **नक्सली इन अपहृत ग्रामीणों की रिहाई के बदले अपने नक्सली साथियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं।**

रायपुर, 7 नवम्बर। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों ने पांच ग्रामीणों को अगवा कर लिया है। नक्सली शुक्रवार की शाम एक और शनिवार की शाम को चार ग्रामीणों को अपने साथ ले गए हैं। ग्रामीण जब रविवार शाम तक घर नहीं लौटे तब परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की और ग्रामीणों की सकुशल वापसी की गुहार लगाई। सर्व आदिवासी समाज ने भी नक्सलियों से अपील की है कि वे सभी ग्रामीणों को छोड़ दें।

मिली जानकारी के मुताबिक जिन ग्रामीणों का अगवा किया है। वे सभी कोंटा थाना क्षेत्र के बंदा पंचायत स्थित बटेर गांव के निवासी हैं।

## विचार बिन्दु

**निरन्तर बदलने की इच्छा रखना एक ताकत होती है, चाहे इसकी वजह से कंपनी का एक बड़ा हिस्सा कुछ देर के लिए पूरी तरह से अव्यवस्थित क्यों ना हो जाए। –जैक वेल्च**

# केवल पैसा ही नहीं बोलता है!

हम अपने चारों तरफ यह देखने के अभ्यस्त हो चुके हैं कि कुछ पैसे ज़्यादा खर्च करके अतिरिक्त विशेष सुविधा और दूसरों पर वरीयता प्राप्त की जा सकती है। हवाई यात्रा करने वाले जानते हैं कि कुछ पैसे ज़्यादा खर्च करके बोर्डिंग में प्राथमिकता हासिल की जा सकती है या यात्रा पूरी होने पर औरों से पहले अपना सामान प्राप्त किया जा सकता है। इस बात के हम इतने अधिक अभ्यस्त हो चुके हैं कि यह हमें अखरती नहीं है। दुनिया के बहुत सारे देशों में फास्ट ट्रैक टिकिट या वीआईपी पास खरीद कर संगीत समारोहों से लगाकर हवाई अड्डे की सुरक्षा जांच तक में प्राथमिकता प्राप्त कर लेना चलन में है। कुछ बरस पहले गार्डियन अखबार के एक स्तम्भकारजूलियनबगीनी ने शिकायत के स्वर में कहा था कि यह सब 'पैसा बोलता है संस्कृति' के हावी होते जाने के कारण हो रहा है। जानकार लोग मानते हैं कि पैसे से सब कुछ–प्राथमिकता भी–खरीद सकना अमरीकी अवधारणा है जो अब पूरी दुनिया में चलन में आ चुकी है। बैंकों में अधिक राशि जमा रखने वाले ठााहकों को अन्यों पर वरीयता देना तो हमारे यहां भी काफी समय से चलन में था ही, इधर हाल में मेक्सिको के सबसे बड़े बैंकों में से एक बर्नोटे ने यह व्यवस्था की है कि अगर आप खाते में ज़्यादा पैसा रखने वाले ठााहक हैं तो बैंक की 900 में से किसी भी शाखा में आप जाएं, आपको प्राथमिकता और अधिक सम्मान मिलेगा। ऐसा करने के लिए उन्होंने एक ख़ास तंत्र विकसित किया है।

हमारे देश के बहुत सारे धार्मिक स्थानों पर इस तरह की घोषित–अघोषित व्यवस्थाएं हैं जिनकी वजह से अधिक पैसा खर्च करने वाले या दान देने वालों को वरीयता प्राप्त होती है। बहुत जगहों पर स्वयं धार्मिक स्थलों की ही तरफ से ऐसी व्यवस्थाएं है कि आप ज़्यादा पैसा देकर प्राथमिकता खरीद सकते हैं और जहां इस तरह की आधिकारिक व्यवस्था नहीं है वहां सम्बद्ध धार्मिक स्थल के सेवक अनौपचारिक रूप से आपको विशिष्ट सुविधाएं दिलवा देते हैं। एक प्रमुख धार्मिक स्थल पर मैंने खुद इसका अनुभव किया। उस धर्म विशेष में समानता की खूब बात की जाती है और एक बार मैंने खूब धक्के खाकर पुण्य लाभ किया। दूसरी दफा जब मैं किसी जानकार के साथ गया तो उन्होंने एक सेवक को खासी बड़ी रकम दक्षिणा में दी, और इसका परिणाम यह हुआ कि हमें किसी अन्य मार्ग से ले जाकर बिना किसी असुविधा के तुरंत पुण्य लाभ करा दिया गया। कहने की ज़रूरत नहीं कि बहुत सारे धार्मिक स्थलों में यह व्यवस्था चलन में है, और वे धार्मिक स्थल किसी ख़ास धर्म से नहीं कई धर्मों से ताल्लुक रखते हैं।

ये कुछ प्रसंग पैसे से विशेष सुविधा खरीदने के हैं। हमारे अपने देश में पैसे से भी अधिक प्रभावी साबित होता है आपका वीआईपी होना। अगर आप वीआईपी हैं तो बग़ैर पैसा खर्च किये तमाम तरह की सुविधाएं हासिल कर सकते हैं। ऐसा होते हुए हम आए दिन देखते हैं। अगर कोई सरकारी आयोजन होता है तो उसमें आगे की कुछ कतारें वीआईपी लोगों के लिए आरक्षित रहती हैं। यह आरक्षण कई बार तो इतना मज़बूत होता है कि इन कतारों को खाली रहने दिया जाता है, चाहे पीछे लोगों को खड़ा ही क्यों न रहना पड़ जाए। राजमार्गों पर जो टोलप्लाज़ा बने हुए हैं उनके ठीक पहले एक बहुत बड़े सूचना पट्ट पर यह लिखा हुआ पढ़ना बहुत मनोरंजक होता है कि किन किन महानुभाव को टोल टैक्स देने से छूट मिली हुई है। काफी लम्बी सूची वहां होती है। उसे देखकर मैं हर बार यह सोचता हूं कि इतने सारे लोगों को टोल टैक्स मुक्ति प्रदान करने के पीछे क्या भाव रहा होगा? शायद यही कि बड़े लोगों को कतार में न लगना पड़े। लेकिन यह बात अब फास्ट टैग व्यवस्था के बाद बेमानी हो गई है। जो लोग सरकारी ड्यूटी पर यात्रा करते हैं वे अपने यात्रा व्यय का पुनर्भरण प्राप्त करते समय टोल टैक्स का भी पुनर्भरण प्राप्त क्यों नहीं कर सकते? और यही बात जन प्रतिनिधियों पर भी लागू होती है। अगर किसी को राशि का पुनर्भरण नहीं होता है तो इसका प्रावधान किया जा सकता है। लेकिन मुझे यह बात समझ में आ जानी चाहिए थी कि विशिष्ट जन भला सामान्य जन जैसे कैसे हो सकते हैं? हम समानता चाहते ही कहां हैं? हम तो चाहते हैं कि ख़ास और आम में अंतर बना रहे। अगर समानता चाहते होते तो इस तरह के अपमानजनक प्रावधानों को हटा सकते थे।

> **हमारे अपने देश में पैसे से भी अधिक प्रभावी साबित होता है आपका वीआईपी होना। अगर आप वीआईपी हैं तो बग़ैर पैसा खर्च किये तमाम तरह की सुविधाएं हासिल कर सकते हैं। ऐसा होते हुए हम आए दिन देखते हैं। अगर कोई सरकारी आयोजन होता है तो उसमें आगे की कुछ कतारें वीआईपी लोगों के लिए आरक्षित रहती हैं।**

यह वर्णन स्पष्ट करता है कि दो तरह से अलग और बेहतर व्यवहार प्राप्त किया जा सकता है। वीआईपी बन कर या पैसा खर्च करके। जहां तक वीआईपी बनने का और बेहतर व्यवहार प्राप्त करने का सवाल है, सैद्धांतिक रूप से अधिकांशतः इसका विरोध ही किया जाता है। अपने देश में, जहां वीआईपी प्रथा कुछ ज़्यादा ही चलन में है, जब भी कोई नई सरकार बनती है, उसके कर्ता धर्ता ज़ोर शोर से वीआईपीकल्चर ख़त्म करने की घोषणा करते हैं, लेकिन बात घोषणा से आगे शायद ही कभी बढ़ती हो। मैंने इस वीआईपीकल्चर के अनेक हास्यास्पद रूप भी देखे हैं। सरकारी कार्यालयों में जहां शौचालयों की वैसे ही कमी होती है, कुछ बड़े अफसर किसी एक शौचालय पर ताला लगाकर उसे केवल अपने उपयोग के लिए आरक्षित करते भी देखे गए हैं। बात केवल शौचालय तक ही सीमित नहीं है। यह बात लिफ्ट तक भी जा पहुंचती है। एक लिफ्ट केवल साहब के लिए आरक्षित रख ली जाती है। सरकारी विश्राम गृहों में प्रायः एक दो कमरे बहुत बड़े लोगों के लिए सदा अघोषित रूप से आरक्षित रहते हैं। ये कुछ उदाहरण हैं। यह रोग क्योंकि सब जगह नहीं है, इस पर ज़्यादा चर्चा नहीं होती है। भारत जैसे देश में हम आम लोगों ने इसे अपनी नियति मान कर स्वीकार कर लिया है। निकट भविष्य में कोई उम्मीद भी नज़र नहीं आती कि यह व्यवस्था ख़त्म हो जाएगी।

लेकिन जहां तक पैसों के बल पर विशिष्ट सुविधा व व्यवहार प्राप्त करने की बात है, इस पर दुनिया भर में विमर्श होता रहता है। एक ख़ास संदर्भ में ब्रिटेन के एक संवैधानिक वकील एण्ड्रयू ली स्यूर ने कहा है कि पैसे चुकाकर प्राप्त किया गया विशेषाधिकार अन्यों के मानवाधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने यह बात सीमा पर पैसे चुका कर जल्दी प्रवेश पाने के विकल्प के संदर्भ में कही है, लेकिन इसे और सारे संदर्भों पर भी लागू करके विचार किया जा सकता है। लेकिन सारे लोग इस सोच से सहमत नहीं हैं। मसलन शिकागो विश्वविद्यालय के एक बिज़नेस स्कूल की व्यवहार विज्ञान विशेषज्ञ आयलेटफिशबैक का कहना यह है कि प्राथमिकता वाली कतारें लोगों को यह चुनने का अधिकार देती हैं कि वे आगे बढ़ने के लिए किस संसाधन का इस्तेमाल करना चाहते हैं, समय का या पैसे का। समय और पैसे वाली इस बात में मुझे भी दम लगता है। अगर कहीं जाना होता है तो हम भी तो यह चुनाव करते हैं कि पैसेन्जर रेल से जाएं या एक्सप्रेस रेल से या फिर हवाई जहाज से। हवाई जहाज से यात्रा करते हैं तब भी यह चुनाव हम करते हैं कि हमें बिना रुके यात्रा करनी है या एक दो स्टॉपेज वाली यात्रा करनी है। और हमारे ये सारे फैसले आधारित होते हैं हमारी खर्च करने की इच्छा या क्षमता पर।


और यहीं यह बात भी सामने आती है कि कुछ प्राथमिकताएं हम चुनते हैं और कुछ हम पर थोप दी जाती हैं। जिन्हें हमचुनते हैं उनके मामले में भी बहुत बार चुनाव हमारे हाथ में होकर भी हमारे हाथ में नहीं होता है। देश के एक बहुत बड़े और अत्यंत लोकप्रिय धार्मिक स्थल पर हमने पैसे देकर प्राथमिकता खरीदी लेकिन वहां जाकर पाया कि एक खास बिंदु के बाद सब समान थे। यह एक तरह से धोखा था। लेकिन हमने सहा। आप किसी निजी और महंगे अस्पताल में यह सोचकर जाते हैं कि वहां आपको प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी या बहुत कम करनी पड़ेगी लेकिन वहां जाकर आप पाते हैं कि हालात वैसे के वैसे हैं। आप किसी निजी डॉक्टर के पास सलाह मशविरा लेने जाते हैं, अच्छी खासी फीस देते हैं और वह आपको एक ख़ास समय पर आने का निर्देश देता है। जब आप उस निर्धारित समय पर पहुंचते हैं तो पाते हैं कि कतार में आपसे पहले और बहुत सारे लोग हैं। आपने कतार से बचने के लिए ही पैसे खर्च किये थे, लेकिन कतार फिर भी आप पर थोप दी जाती है। ऐसा अनेक जगहों पर होता है।

जहां तकनीक का विवेकपूर्ण प्रयोग हुआ है वहां बहुत सारे मामलों में समानता लागू भी हो गई है। आपको कतार में नहीं रहना पड़ता है और अपने चुने हुए एकांत से आप सारा काम कर लेते हैं। लेकिन ऐसा न तो हर जगह हुआ है और न हो सकता है। जहां नहीं हुआ है वहां भी सबके साथ समानता का बर्ताव हो, यह हर विवेक सम्पन्न नागरिक चाहता है। देखना यह है कि उसका चाहा कब यथार्थ में रूपांतरित होता है! तब तक इन मुद्दों पर विमर्श ज़ारी रहेगा, और रहना चाहिए। शायद उसी से कोई राह निकले।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# खेती किसानी ही अर्थव्यवस्था की बड़ी ताकत

## 2003 में बड़े काश्तकार 11.6 प्रतिशत थे जो 2019 में 3.9 फीसदी ही रह गए हैं



कोरोना महामारी ने दुनिया के देशों को एक सबक दिया है और वह यह कि खेती किसानी ही अर्थव्यवस्था को बचा सकती थी। यह साफ हो जाना चाहिए कि आने वाले समय में भी खेती किसानी ही अर्थ व्यवस्था की बड़ी ताकत रहेगी। कोरोना में अन्नदाता की बदौलत ही देशवासियों खासतौर से जरुरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री का मुफ्त वितरण किया जा सका। 2019 से अब तक देश में कोरोना काल में भूख से मौत की एक भी सुर्खी नहीं बनी। यह सब संभव हो पाया अन्नदाता और सरकार के कृषि क्षेत्र में सुधारों से ही। अन्न की पोष्टिकता को लेकर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इस पर फिर कभी चर्चा। पर सवाल यह है कि छोटी होती जोत का कोई ना कोई हल सरकार को खोजना ही पड़ेगा। इसी तरह से परिवार कल्याण कार्यक्रम को गांवों में और अधिक प्रभावी बनाना होगा वहीं कृषि योग्य भूमि पर औद्योगिक विकास या अन्य विकास कार्यों का विकल्प खोजा जाना होगा। हांलाकि अब देश में छोटे परिवार के महत्व को क्या गांव और क्या शहर सब समझने लगे हैं पर इस पर ध्यान जारी रखना होगा। समय रहते इस और नीति निर्माताओं को ध्यान देना होगा। सरकार के थिंक टेंकों को को इसका समाधान खोजना होगा। क्योंकि खेती आज भी प्रमुख रोजगार प्रदाता है तो अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार। ऐसे में समय रहते कोई ना कोई समाधान खोजना ही होगा। नई सहकार नीति और देश की कृषि सुधार कार्यक्रमों को इसे ध्यान रखना ही होगा।

कृषि प्रधान देश के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती अन्नदाता की घटती जोत को लेकर हो गई है। देश में एक और किसानों की जोत कम होती जा रही है वहीं खेती की लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की हालिया रिपोर्ट चेताने वाली होने के साथ ही चिंतनीय भी है। देश में बड़े और मंझौले किसान कम होते जा रहे हैं तो लघु और सीमांत किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। हांलाकि घटती जोत के लिए केवल सरकार को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अपितु जोत छोटी होने का बड़ा कारण शहरीकरण और बढ़ता परिवार है। पारिवारिक बंटवारे के चलते दिन प्रतिदिन जोत कम होती जा रही है। यदि बड़े और मंझौले काश्तकारों की संख्या में बढ़ोतरी होती तो निश्चित रुप से सरकार और केवल सरकार को दोषी ठहराया जा सकता था, सरकार की नीतियां दोषी हो सकती थी, पर बड़े और मध्यम श्रेणी के किसान कम होने से साफ होता जा रहा है कि पारिवारीक बंटवारा इसका प्रमुख और मुख्य कारण हो सकता है। मजे की बात यह है कि हालिया रिपोर्ट की माने तो भूमिहीन किसानों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। यानी खेती पर निर्भरता कम नहीं हुई है अपितु खेत–किसानी की जोत जरुर कम हो रही है।

छोटे–बड़े किसानों की गणित को यों समझा जा सकता है कि एक से दो हैक्टेयर भूमि वाले किसान छोटे या सीमांत किसान की श्रेणी में आते हैं तो 0.002 हैक्टेयर से कम भूमि वाले किसानों को भूमिहीन किसानों की श्रेणी में रखा जाता है। इसी तरह से दस हैक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों को बड़े किसानों की श्रेणी में रखा जाता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण ने अपनी 77 वें दौर की रिपोर्ट में 2019 तक के आंकडों का विश्लेषण किया है। प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो 2003 में देश में दस हैक्टेयर या इससे अधिक भूमि वाले बड़े काश्तकार 11.6 प्रतिशत थे जो 2013 में घटकर 5.8 प्रतिशत रह गए और 2019 में और कमी होते हुए बड़े किसान 3.9 फीसदी ही रह गए हैं। इसी तरह से मंझौले किसान भी 2003 की 23.1 प्रतिशत की तुलना में 2013 में 18.8 प्रतिशत और 2019 आते आते 14.7 फीसदी ही रह गए। यह निश्चित रुप से चिंतनीय हालात है। क्योंकि छोटी जोत में खर्चा निकलना ही मुश्किल हो जाता है। यह सबतो तब है जब देश में कृषि सुधार कार्यक्रम तेजी से चलाए जा रहे हैं। जंगल सीमित होते जा रहे हैं। खेती में नवाचारों के चलते आधुनिक साधनों का उपयोग होने लगा है। खेती कार्य आसान हो जाने से अब पूरे परिवार को खपने की आवश्यकता नहीं होकर कम मानव संसाधन से भी आसानी से खेती की जा सकती है। अतिरिक्त आय के साधन भी विकसित हुए हैं।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**वरिष्ठ लेखक**

# लोकतंत्र में विरोध को समझना होगा सत्ता को



विरोध करना लोकतंत्र की खूबसूरती है, विरोध करने वालों को संबंधित विषयों पर मंथन करना चाहिए, तार्किक ढंग से किया गया विरोध जुम्बिश पैदा करता है। लोकतंत्र में विरोध जरूरी है और तब तक बंद न हो जब तलक सत्ता में जमे लोगों की आँख न खुल जाये।

जो सत्ता विपक्ष को महत्व देती हो वही लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी देती है। विपक्ष विहीन लोकतंत्र तानाशाही शासन होता है। लोकतंत्र में तानाशाही का कोई स्थान नहीं है।

विपक्ष की भी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे किसी भी विषय पर विरोध निश्चित तौर पर विस्तार से करें परन्तु तर्क संगत मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए फिर विरोध किया जाना चाहिए। ऐसे विरोध में लोक की सहमति होती है। विपक्ष को अपने साथ केवल विपक्षी सांसदों और विधायकों तक सीमित नहीं रहते हुए आम जन को मुद्दों से सम्बंधित विषयों पर प्रमुखता से परिचित कराने का काम करना होगा तभी वह विरोध किसी एक राजनैतिक दल का नहीं होकर आम अवाम की बात होगी।

सत्ता में बैठे लोगों को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्हें पाँच साल का परमिट मिला हुआ है, लोक को सर्मपित लोक कल्याणकारी शासन संचालित करने की जिम्मेदारी संख्या के आधार पर मिली है। जिन मुद्दों पर भरोसा और विश्वास रखते हुए आप द्वारा किए गए वादों के आधार पर आपको सत्ता सौंपी गई थी। सत्ता द्वारा कोई भी विषय संसद के पटल पर रखे जाते है और उन विषयों पर कानून बनाये जाने से पहले विपक्षी विरोध पर गहराई से समझने की कोशिश होनी चाहिए और यह जिम्मेदारी सत्ता की लोकतंत्र में आवश्यक रूप से होती है। वह तानाशाही रवैया होता है कि हमने तो बना दिया यही फाइनल अनुमोदित किया जाना चाहिए।

जातिगत आधार पर लोकतंत्र में लोक के साथ खुले आम अवाम के दिमाग पर चोट करती सत्ता का असली चेहरा सामने आयेगा तब देश बिक चुका होगा। लोकतंत्र में तानाशाही शासन की अवधि कुछ समय के लिए ही होती है स्थायी रूप से नहीं हो सकती।

विपक्ष के विरोध को गंभीरता से समझने की जरूरत है आखिर विपक्षी दल भी लोक कल्याण के लिए ही तो विरोध करते हैं। लोकतंत्र में ऐसा करना सत्ता की नैतिक जिम्मेदारी है ऐसा नहीं करना तानाशाह बनने की राह देखना है।

विरोधी दलों को कभी भी संसद से बहिस्कार नहीं करना चाहिए, संसद में बैठे रहते हुए सरकार को आइना दिखाने का काम करना होगा तभी सरकारी तंत्र विरोध को समझेगा। लोकतंत्र में सत्ता में उँचे पदों पर काबिज नेता कभी भी विरोध झेलते नहीं है इसलिए ही वें संसद में आते तक नहीं है, विपक्षियों को उन्हें यह समझाने की ताकत होनी चाहिए कि संसद के बगैर सरकार नहीं है। जिस दिन सत्ता विरोध को गंभीरता से स्वीकार करना सीखेगी और विपक्ष विरोध का तात्पर्य सरकार को समझा देगा मानो लोकतंत्र में लोक की आवाज़ को तंत्र द्वारा दबाने की साजिश कामयाब नहीं होगी।

**–राजेन्द्र जोशी**
**कवि- कथाकार**

# स्वास्थ्य केंद्र पर चार माह से शो–पीस बनकर खड़ी एम्बुलेंस




- **17 लाख रुपए की एम्बुलेंस, डीजल और चालक के लिए नहीं मिला बजट**
- **ड्राइवर की व्यवस्था आरएमआरएस बांदनवाड़ा के माध्यम से ऑन कॉल बेसिस पर की जानी थी**

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। भले ही बांदनवाड़ा अस्पताल को एम्बुलेंस मिल गई हो, लेकिन 4 माह से एम्बुलेंस केवल शोपीस बनकर रह गई है। ड्राइवर के अभाव में एम्बुलेंस अब तक एक इंच भी नहीं हिली है। राष्ट्रीय राजमार्ग 79 पर स्थित बांदनवाड़ा सीएचसी पर एम्बुलेंस आए चार माह बीत जाने के बाद भी ड्राइवर की उपल ब्धता नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों ने बताया कि बांदनवाड़ा अस्पताल में एम्बुलें स के आने के बाद खुशी मिली थी, लेकिन यह अब ड्राइवर के अभाव में खड़ी रहती है। अभी कुछ दिन पहले ही अस्पताल के सामने हाईवे पर न्यारा मोड़ में एक बाईक सवार पिता पुत्र की दुर्घटना हो गई और गंभीर घायल हो गए व उन्हे सी एच सी से रैफर कर दीया गया। जिसमें घायल ावस्था में एक घंटे तक वाहन का इंतजार करना पड़ा व 08 एम्बुलेंस के जल्दी नहीं आने बांदनवाड़ा अस्पताल में स्थित एम्बुलेंस में ड्राईवर नहीं होने से इन्हें भी निजी वाहन में ले जाना पड़ा।

जानकार सूत्रों की मानें तो एंबुलेंस के संचालन के लिए ड्राइवर की व्यवस्था नियमानुसार आरएमआरएस बांदनवाड़ा के माध्यम से ऑन कॉल बेसिस पर की जानी थी। स्थानीय स्तर पर कमेटी गठित कर इस सम्बंध में निर्णय लिए जाने की बात हुई थी लेकिन अभी तक अस्पताल प्रशासन की उदासीनता से एंबुलेंस पर धूल की परतें चढ़ ती जा रही हैं।

# श्री शंकराचार्य और केदार

श्री शंकराचार्य उन महान आध्यात्मिक गुरुओं में से एक हैं जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक विरासत को समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी गूढ दार्शनिक स्थापनाओं तथा अपने भावपूर्ण भजनों से लाखों लोगों – बौद्धिक वर्ग तथा साधारण जनता दोनों – के दिलों को गहराई से छुआ है। 'शंकर विजय' के इतिवृतों से उनकी जीवनी का पता चलता है। श्री विद्यारण्य के बताए जाने वाले माधवीय शंकर विजय से स्पष्ट पता चलता कि श्री शंकराचार्य ने पवित्र नगरी केदार में सिद्धि प्राप्त की थी।

इसमें श्री शंकराचार्य के परमात्मा में विलीन होकर भगवान शिव के रूप में अपना मूल स्वरूप पा लेने का काव्यात्मक वर्णन है। इसमें बताया गया है कि वे केदार कैसे पहुंचे। सनातन धर्म के सभी संप्रदायों पर विजय प्राप्त करने तथा कश्मीर स्थित सर्वज्ञ पीठ पर आरूढ़ होने के बाद वे वह अपने नश्वर शरीर को त्याग कर अपने मूल स्वरूप को प्राप्त करने के लिए केदार पहुंचे।

परिकाक्षीश्वरोप्यापदुद्धारकं सेवमानातुलस्वस्तिविस्तारकं।
पापदावानलातापसंहारवं योगिवृंदाधिपः प्राप केदारकम।।

इसके बाद, आचार्य शिव की पवित्र भूमि केदार गए, जहां पाप की गर्मी से मानव मुक्त होते हैं और उनके मन शांत होते हैं, जहां भगवान के भक्त जीवन के खतरों और कठिनाइयों से उबरा हुआ महसूस करते हैं। माधवीय शंकर विजय के अनुसार आचार्य ने अपने शिष्यों को भारी ठंड से बचाने के लिए गर्म पानी का एक झरना (तप्तोदक) बनाया।

तत्रातिशीतार्दितशिष्यसंघसंरक्षण ायातुलितप्रभावः।
तप्तोदकं प्रार्थयाते स्म चंद्रकलाधरात्तीकर प्रधानः।।
वारमान्दिवान्दपातिना गिरिशोर्थितः सन् सन्तप्तवारिलहरीं स्वपदारविन्दात्।
प्रावर्तयत् प्रथयति यतिनाथकीर्ति याद्यापि तत्र समुंचति तप्ततोया।।

वहां ठंड इतनी तेज थी कि उनके शिष्य इसे सहन नहीं कर पा रहे थे। अतः आचार्य ने उन्हें राहत दिलाने के लिए भगवान शिव का ध्यान लगाया तो प्रभु के चरणों से गर्म पानी का एक सोता फूट पड़ा जो आचार्य शंकर की महिमा का गान करते हुए आज भी बह रहा है।

इति कृतसुरकार्यं नेतुमाजग्मुरेनं रजतशिखरिश्रङ्गं तुंग मीशातारम्।
विधिशतमखचन्द्रोपेन्द्रवाय्वग्नि पूर्वाः सुरनिकरवरेण्याः सर्षितसंघा प्रसिद्धाः।।
विद्युद्वल्लीनियुतसमुदारब्ध युद्धे अरर्विमानः संख्यातीतैः सपदि गगनाभोगमाच्छादन्तः।
स्तुत्वा देवं त्रिपुरमथनं ते यतीशानवेषं मन्दारोत्थै कुसमनिचयैः अब्रुवन्नर्चयन्तः।।

अब ब्रह्मा की अध्यक्षता में ऋषि और देवों की एक सभा हुई कि देहधारी शिव को उनकी पवित्र अवस्था में कैलाश के शिवलोक में वापस ले जाएं। प्रकाशमय रथों के समूह से स्वर्गीय पथ को भर गए। आकाश से देवताओं ने मंदरा के फूलों की भारी बारिश की और संन्यासी का रूप धारण करने वाले भगवान शिव की महिमा गाई। अंत में वे केदार में शिव के मूल रूप में समा गए।

इंद्रोपेन्द्रप्रधानैः त्रिदशपरिवृढै स्तूयमानः प्रसूनैः, दिव्यैरभ्यच् र्यमानैः सरसिरुहभुवा दत्त हस्तावलंबः।
आरुह्यो क्षाणमाठाया प्रकटितसुजटाचूडचन्द्रावतंसः श्रण्वन्नालोकशब्दं समुदितमृषिभिः धाम नैजं प्रस्तथे।

इन रोमांचक घटनाओं के बीच, ब्रह्मा ने सहारा दिया और वह महान संन्यासी दिव्य बैल पर आरूढ़ हुए और खुद को अपने वास्तविक जटाधारी भगवान शिव के रूप में ले आए जिनके सिर पर अर्धचंद्र झांक रहा था। देवों और ऋषियों के जयकारे के बीच उन्होंने अपने दिव्य निवास को प्राप्त किया।

इस प्रकार माधवीय शंकर विजय में आचार्य के केदार पहुंच कर परम धाम की सिद्धि पाने का स्पष्ट विवरण मिलता है। अन्य ग्रंथ भी इस घटना का संदर्भ देते हैं। शिवरहस्य के कुछ अंश कहते हैं कि कैसे उन्होंने नारायण की स्तुति करके जलकुंड बनाया।

नारायणं तत्र तपज्जलौघं कुण्डं प्रशीतस्य निवारणाय।
ध्यात्वा शिवं तत्र निविश्य तस्थो कैलाशदेसा द्वशभश्च देवाः।।

कड़ी ठंड से राहत के लिए वहां वे गर्म पानी का तालाब उपलब्ध कराने के लिए नारायण का ध्यान करने बैठे। कैलाश से आये देवता और वृषभ ने उनकी महिमा गाई।

मार्कन्डेय संहिता, जिसे अकसर कांची मठ के इतिहास में उद्धृत किया जाता है, में इसका संदर्भ मिलता है कि आचार्य ने कैलाश से पांच शिव लिंग और सौंदर्य लहरी प्राप्त किए और केदार में मुक्ति लिंग स्थापित किया।

गत्वा कैलाशशैलं जगदखिलगुरुः शंकराचार्ययोगी, दृष्ट्वा साम्बं शिवं तं स्वयमिति सूचिरं चिन्तयन्नन्तरंगे
लब्ध्वा पंचालिंगान्यमलतरशु भालिंग्तान्यंगभाजां, भूत्यै सौन्दर्यसारं हिमगिरिदुहितुः प्रापयन् गामयासीत्।
मुकतिलिंग तु केदारे नीलकंठे वरेश्वरम् प्रतिष्ठाप्य महायोगी परां प्रीतिमवाप सः।।

सारे संसार के गुरु कैलाश पर्वत पर गए और भगवान की शिव और पार्वती की पूजा करने के बाद उन्हें उनके साथ एकात्म होने का ज्ञान मिला। उन्हें पांच आत्मलिंग तथा सौंदर्य लहरी मिले जिन्हें उन्होंने संसार में स्थापित किया। केदारंग में मुक्तिलिंग स्थापित किया गया तथा वराहलिंग नीलकंठ में।

अन्य शंकरविजयों में भी आचार्य की केदार यात्रा तथा सिदविलास, गोविंदनाथ आदि लिंगों की स्थापना का जिक्र आता है। आज भी हम केदारनाथ में आचार्य की महासमाधि देख सकते हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 8 नवम्बर, 2021**


कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2078, मूल नक्षत्र सायं 6:49 तक, सुकर्मा योग दिन 3:26 तक, विष्टि करण दिन 1:17 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–धनु, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मकर, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।


आज रवि योग सायं 6:49 तक है। कुमार योग दिन 1:14 से सायं 6:49 तक है। भद्रा दिन 1:17 तक है। आज विनायक चतुरथी और दुर्वा गणपति व्रत है और सूर्य छठ व्रत आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:06 तक, शुभ 9:28 से 10:49 तक, चर 1:32 से 2:53 तक, लाभ–अमृत 2:53 से सूर्यास्त तक, शुभ 1:33 से 2:53 तक।


**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:45, सूर्यास्त 5:36




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।




**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




**मिथुन**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।




**कर्क**
परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिव स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है।



**सिंह**
महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। मन खिन्न हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**
परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिव स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

# भाजपा ने पांच राज्यों में अगले साल होने वाले चुनावों पर मंथन किया

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक आयोजित

**जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को दिल्ली में आयोजित की गई। इसके साथ ही करोना गाइडलाइन को देखते हुए सभी प्रदेशों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया एवं प्रदेश के अन्य नेताओं ने जुड़कर संवाद किया।

- **उप चुनाव में हुई हार पर चुप्पी साधी, जीतने वालों को बधाई दी**




**भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में रविवार को जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद ओम माथुर, सांसद जसकौर मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बैठक में हिस्सा लिया।**

बैठक में उप चुनाव में हुई हार पर नेताओं ने चुप्पी साधे रखी। जहां पार्टी को जीत मिली, वहां जीतने वाले लोगों को बधाई दी गई, लेकिन जिन राज्यों में हार मिली, वहां आलाकमान ने कोई बात नहीं की।

उप चुनाव में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में पार्टी को हार सामना करना पड़ा है। उम्मीद थी कि बैठक में हार के कारणों की समीक्षा होगी, लेकिन आलाकमान ने केवल गहलोत सरकार के राज में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर ही बात रखी। बैठक के बाद भाजपा मुख्यालय से निकले नेताओं ने पूरे मामले पर चुप्पी साधे रखी।

बैठक का पूरा फोकस पांच राज्यों में अगले साल होने वाले चुनाव पर रखा गया। इस दौरान भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। पूरे देशभर से कार्यसमिति सदस्यों ने वर्चुअली बैठक में हिस्सा लिया। जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद ओम माथुर, सांसद जसकौर मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बैठक में हिस्सा लिया।

इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर और प्रदेश के तीनों केंद्रीय मंत्रियों ने दिल्ली में बैठक में शामिल हुए।

## खाचरियावास का जयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**जयपुर, (कासं)।** परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के सफलतम नेतृत्व में वल्लभनगर में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत और भाजपा उम्मीदवार की जमानत जप्त होने से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर 52 के एक मैरिज गार्डन में कांग्रेस महासचिव रोहिताश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रताप सिंह खाचरियावास का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन और भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया।

सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा की पूरे प्रदेश में कांग्रेस की गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी और विकास की नीतियों की प्रशंसा हो रही है, यही कारण है कि मेवाड़ की धरती पर वल्लभनगर और धरियाबाद में वहां के मतदाताओं ने भाजपा के झूठ, फरेब और धोखे को हराकर कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताया। उन्होंने कहा कि जेडीए और नगर निगम में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत सरकारों द्वारा पट्टा देने के लिए दी गई छूट का लाभ जनता को मिले इसके लिए जेडीए नगर निगम के अधिकारियों की वे शीघ्र ही मीटिंग लेकर कैंप में बैठकर जनता को पट्टे देने की कार्यवाही को गति प्रदान करेंगे। मंत्री खाचरियावास के स्वागत कार्यक्रम में जिला महासचिव-रोहताश सिंह चौहान, पार्षद- मनोज मुदगल, साधु राम शर्मा, उत्तम शर्मा, रश्मि गुजराती, ज्योति चौहान, वार्ड अध्यक्ष-मनोज जांगिड़ सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पोएट्री के पास लाइसेंस है, जो कि अन्य शैलियों में नहीं मिलता : जगदीप सिंह




**जयपुर के कवि जगदीप सिंह की पुस्तक ''माय एपीटॉफ'' का विमोचन पूर्व पर्यटन मंत्री बीना काक, जयपुर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, अपूर्व कुमार और अभिनेता सुहास अहूजा ने किया।**

**जयपुर, (कासं)।** जयपुर के कवि जगदीप सिंह ने कहा कि पोएट्री के पास लाइसेंस है, जो कि अन्य शैलियों में नहीं मिलता। इससे कवि के लिए कल्पना और शब्दों के परस्पर मेल से अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करना आसान हो जाता है। नाटक लिखने वाले और उपन्यासकारों के लिए ये सुविधा नहीं होती। वे मुंबई के अभिनेता, गायक और गीतकार सुहास आहूजा के साथ रविवार को होटल क्लार्क्स आमेर में अपने कविता संग्रह माय एपीटॉफ पुस्तक पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। चर्चा से पहले इस पुस्तक का विमोचन पूर्व पर्यटन मंत्री बीना काक, अध्यक्ष, जयपुर सिटीजन फोरम, राजीव अरोड़ा, अपूर्व कुमार और अभिनेता सुहास अहूजा ने किया।

पुस्तक पर चर्चा के दौरान उन्होंने कविताओं के लेखन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे कन्फेशनल कविता सब्जेक्टिव और ऑब्जेक्टिव कविता से भिन्न होती है। उन्होंने कहा कि टीएस एलियॉट और एज़्रा पाउंड जैसे क्लासिस्ट कवियों की प्रतिक्रिया के रूप में, सिल्विया प्लाथ और ऐन सेक्सटन जैसे कवियों की व्यक्तिगत भावनाओं को प्रभावित करने वाली कन्फेशनल कविताएं ट्रेंड बन गई। और उसके बाद, कन्टेम्परारी कविता में कन्फेशनल कवियों का एलिमेंट भी होता है, जब वे अपनी आंतरिक भावनाओं और स्वयं के भीतर के असमंजस को प्रदर्शित करते हैं।

इस दौरान कवि ने दर्शकों के लिए अपनी कुछ कविताएं भी पढ़ीं जैसे माय एपीटॉफ, फॉर सिल्विया प्लाथ आदि। इनमें से एक कविता, टू महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय जयपुर के लोगों की सिविक सेंस पर व्यंग्य थी। चर्चा के बाद सवाल-जवाब का राउंड हुआ जिसमें जयपुर के साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में प्रश्न पूछे।

# 'समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदने की मांग को लेकर कल मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे किसान'

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रदेश में दिवाली पर भी समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बाजरा खरीदने की घोषणा नहीं करने पर गहलोत सरकार से खफा किसान महापंचायत ने अब मुख्यमंत्री निवास को घेरने की घोषणा कर दी है। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने 9 नवम्बर को मुख्यमंत्री निवास पर किसानों से कूच करने का ऐलान किया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि गहलोत सरकार एमएसपी पर फसल नहीं खरीद रही जिससे बिचौलिए किसानों से लूट रहे हैं। औने-पौने दाम देकर किसानों की फसलें खरीदी जा रही हैं। मजबूरी में दुखी मन से किसान प्रोडक्शन कॉस्ट से भी सस्ता बाजरा बेच रहे हैं।

रामपाल जाट ने कहा कि इस साल किसानों ने 37.36 लाख हेक्टेयर जमीन पर बाजरे की खेती की थी। सरकारी अनुमान के अनुसार सम्भावित बाजरे की पैदावार 44.87 लाख मीट्रिक टन है। केन्द्र सरकार ने बाजरे का मिनिमम सपोर्ट प्राइस प्रति क्विंटल 2250 रुपए घोषित किया है लेकिन राजस्थान में बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों को अपना बाजरा 1300-1400 रुपए प्रति क्विंटल के औने-पौने दामों पर बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को 1 क्विंटल पर ही 850 से लेकर 950 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, किसानों को 1 क्विंटल बाजरे के लिए मिलने वाला पैसा सरकार की ओर से एस्टीमेटेड प्रोडक्शन कॉस्ट 1550 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम है। यानि किसानों के बाजरे की प्रोडक्शन कॉस्ट भी नहीं निकल पा रही है।

- **गहलोत सरकार बाजरा नहीं खरीद रही, बिचौलिये किसानों को लूट रहे हैं : रामपाल जाट**

रामपाल जाट ने कहा कि यह हालात तो तब हैं, जब केन्द्र सरकार संसद में कई बार लिखित उत्तर दे चुकी है कि बाजार में एसएसपी से कम भाव होने पर सरकार एमएसपी पर खरीद करेगी। उन्होंने कहा कि हम किसानों को कम दामों में अपनी उपज बेचने को मजबूर नहीं होने देंगे। राजस्थान के पड़ोसी राज्यों हरियाणा, गुजरात और मध्य प्रदेश में बाजरा की खरीद हो रही है। साथ ही पेमेंट में कमी होने पर स्कीम चलाकर एमएसपी दने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान में देश के कुल प्रोडक्शन का 40 फीसदी से ज्यादा बाजरा पैदा होता है।

युवा किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री और प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पिंटु यादव और ऑफिस सेक्रेट्री गोपाल सैनी ने कहा कि प्रदेश भर के बाजरा किसानों से सम्पर्क किया गया है। अब तक किसान दिवाली के त्योहार की वजह से बड़ा आंदोलन करने से बच रहे थे। त्योहार पर भी सरकार की ओर से बाजरा खरीद की घोषणा नहीं होने और बाजरा किसानों का भविष्य अंधकार में नजर आने के कारण अब आर-पार की लड़ाई होगी।

## मनीष कुमार शर्मा निदेशक पद पर नियुक्त

**जयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर मनीष कुमार शर्मा को उनके पद के साथ शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक पद पर नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार शर्मा शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक पद पर पूर्णकालिक निदेशक की नियुक्ति अथवा पदस्थापना होने अथवा आगामी आदेशों तक अपना कार्य सम्पादित करेंगे।



# जयपुर जिले में 5 नये करोना संक्रमित मिले

- **शेष 32 जिलों में कोई नया मरीज नहीं मिला**
- **प्रदेश भर में फिलहाल 45 एक्टिव केस शेष**

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में रविवार को एक बार फिर 5 नये करोना संक्रमित रोगी मिले हैं। प्रदेश से शेष 32 जिलों में कोई भी रोगी नहीं मिला है। राहत की बात यह है कि 4 संक्रमित इस महामारी से रिकवर होकर घर भी लौटे हैं। इनमें तीन मरीज जयपुर और एक मरीज अजमेर का है।

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेशभर में करोना के 45 एक्टिव केस शेष बचे हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा एक्टिव केस जयपुर में 22 है और फिर बीकानेर में 10 है। इनके अलावा अजमेर में 4, जोधपुर, टोंक, श्रीगंगानगर और बाड़मेर में 2-2 तथा बारां में 1 एक्टिव केस है।

वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विभाग ने रविवार को प्रदेशभर में 17 हजार 230 लोगों को कोविड वैक्सीन लगाई। इनमें से 2225 मरीजों को पहली तथा 15 हजार पांच मरीजों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगी। कोविशील्ड वैक्सीन के लिए 27 तथा कोवैक्सीन के लिए 6 सेंटर्स बनाये गये थे।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये राजस्थान पुलिस का दल यूपी रवाना

**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान पुलिस की तीरंदाजी टीम का 25 सदस्यीय दल आज उत्तरप्रदेश में नोएडा के लिए रवाना हो गया है। इस दल में कुल 22 खिलाड़ी हैं जिनमे एक आरपीएस प्रोबेशनर, एक सब इंस्पेक्टर समेत 12 पुरुष व 10 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

- **दल में कुल 22 खिलाड़ी हैं जिनमे एक आरपीएस प्रोबेशनर, एक सब इंस्पेक्टर समेत 12 पुरुष व 10 महिला खिलाड़ी शामिल हैं**

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन एवं मुख्य खेल अधिकारी राजस्थान पुलिस जंगा श्रीनिवास राव ने बताया कि आगामी 9 से 13 नवम्बर तक भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा 39वीं वाहिनी, आईटीबीपी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दसवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरदांजी प्रतियोगिता-2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान पुलिस तीरदांजी टीम के 22 अधिकारी व कर्मचारियों को कम्पनी कमाण्डर, दसवीं बटालियन आरएसी एवं टीम मैनेजर अजीत पाल के नेतृत्व में रविवार को राजकीय बस द्वारा रवाना कर दिया गया है।

राजस्थान तीरंदाजी टीम के खिलाड़ियों की पुरुष टीम में आरपीएस प्रोबेशनर रजत चौहान, उप निरीक्षक सर्वेश पारीक, हैड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह शेखावत व प्रवीण कुमार तथा कॉन्स्टेबल राहुल मीणा, धूलजी तीरगर, दिनेश कुमार, श्याम लाल, महेन्द्र मईडा, रवि शर्मा, गोविन्द सिंह व लक्ष्मण निनामा और महिला टीम में हैड कॉन्स्टेबल मुनियां माली, दीपमाला, मीना चतुर्वेदी व वर्षा सैनी तथा कॉन्स्टेबल नीरज शर्मा, सुमन रानी, प्रियंका मीणा, मनीषा ननोमा, सुप्यार व प्राची सिंह शामिल है।

## पशुपालन विभाग के 93 अधिकारी पदोन्नत

**जयपुर, (का.सं.)।** पशुपालन विभाग ने विभिन्न संवर्ग के 93 अधिकारियों की पदोन्नति की है। पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक की पदोन्नति के लिए गत 25 अक्टूबर को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में अधिकारियों की पदोन्नति पर निर्णय लिया गया। इसी क्रम में विभाग के सामान्य एवं विशिष्ट शाखा के 40 उप निदेशक तथा 53 संयुक्त निदेशक संवर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि यह पदोन्नति होने से काफी समय से रिक्त चल रहे विभागीय अधिकारियों के महत्वपूर्ण पदों को भरा जा सकेगा जिससे विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं को गति मिलेगी और पशुपालकों को ज्यादा बेहतर ढ़ंग से लाभान्वित किया जा सकेगा।

# अपनी कुर्सी की सुरक्षा के साथ आमजन की सुरक्षा के बारे में भी सोचिए : डॉ. पूनिया

**जयपुर।** जयपुर में भाजपा की पूर्व विधायक अमृता मेघवाल पर हमले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने ट्विटर पर सरकार को घेरते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जयपुर में पूर्व विधायक अमृता मेघवाल पर पत्थरों से हमला दर्शाता है कि जब अपराधियों के हौंसले राजधानी में ही इतने बुलंद हैं तो बाकी स्थानों पर क्या हाल होगा? आप गृहमंत्री है, अपनी कुर्सी की सुरक्षा के साथ आमजन की सुरक्षा के बारे में भी सोचिए।

- **अपराधियों के हवाले है पूरा प्रदेश : गजेन्द्र सिंह शेखावत**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश अपराधियों के हवाले है।

ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपराधों पर बोलते, कहते और लिखते अब खुद के बारे में भी सोचना पड़ता है कि राजस्थान में क्या हमारी सुनवाई है? उन्होंने कहा कि जनता ने हमें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना है। क्या हम कह सकते हैं कि हम सुरक्षित हैं, क्योंकि जब हम अपने ही गृह प्रदेश में यह नहीं कह सकते तो जनता को कैसे आश्वस्त करें?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोत, अमृता मेघवाल की गलती यह थी कि उन्हें असामाजिक तत्त्वों को समझाने से पहले आपसे पूछ लेना था कि क्या वे स्वयं सुरक्षित हैं? पूरा प्रदेश तो वैसे भी अपराधियों के हवाले है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सुचित किया जाता है की मेरे पूजनीय पिताजी **श्री श्रीनारायण जी** (भगत जी) बापलावत का स्वर्गवास दिनांक 06.11.2021 को हो गया है जिसकी तीये की बैठक 08.11.2021 को 2 से 4 बजे तक निवास स्थान प्लॉट नम्बर 84, विश्वेसरीय नगर गोपालपुरा बाईपास पर रखी गई है।

**शोकाकुल-** श्रीमती मंजू देवी (धर्मपत्नी), जगदीशनारायण, मोहनलाल, लालाराम (भाई), कैलाश (पुत्र), लादूराम, रामस्वरूप, रामावतार, प्रभूदयाल, शंकरलाल, गोपाल, विष्णु (भतीजे), सुरेश, अमित, आशीष, शुभम, अक्षत, रौनक (पौत्र) एवम् समस्त बापलावत परिवार। फर्म- शर्मा प्लास्टिकस, संपर्क सूत्र-9649999445, 9829020994


# रीट और सब इंस्पेक्टर भर्ती की जांच सीबीआई से करवाने की मांग पर अड़े बेरोजगार युवा

## राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बोले ''जिन अभ्यर्थियों तक पेपर पहुंचा उन्हें क्यों बचा रही सरकार?''



**राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा ( रीट ) और सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर बेरोजगारों का धरना शहीद स्मारक पर 25वें दिन भी जारी है।**

- **राजस्थान के 1 हजार बेरोजगार उत्तर प्रदेश पहुंचकर प्रियंका गांधी और राहुल की रैलियों में विरोध करेंगे, ताकि राजस्थान सरकार की कथनी-करनी के अंतर को कांग्रेस के आला नेता भी जान सकें : उपेन यादव**
- **''इस विरोध आंदोलन के लिए 50 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल 11 नवंबर को ही उत्तर प्रदेश चला जाएगा। जो वहां एक हजार से ज्यादा युवाओं के ठहरने, भोजन और विरोध की रणनीति तैयार करेगा।''**

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) और सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर बेरोजगारों का धरना बीते 25 दिन भी जारी है। जयपुर के शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे बेरोजगार अब सरकार के खिलाफ आर-पार की लडाई का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में बेरोजगार अब राजस्थान के साथ कांग्रेस के खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी महापडाव डालेंगे।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी की है। रीट भर्ती परीक्षा में हुई धांधली के आरोपियों को पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है, लेकिन सरकार ने आनन-फानन में रिजल्ट जारी कर दिया। जबकि जिन लोगों तक फर्जी तरीके से पेपर पहुंचा था। उनकी मान्यता निरस्त कर उन्हें पकड़ा जाना चाहिए था। लेकिन सरकार इस पूरे प्रकरण पर खानापूर्ति कर वाहवाही लूटना चाह रही है। जिसे प्रदेश के बेरोजगार कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उपेन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और राहुल गाँधी प्रचार करेंगे। ऐसे में अब राजस्थान के 1 हजार से ज्यादा बेरोजगार उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी और राहुल की रैलियों में विरोध करेंगे। ताकि राजस्थान सरकार की कथनी और करनी के अंतर को कांग्रेस के आला नेताओं को भी पता चल सके। उपेन ने कहा कि इसके लिए 50 सदस्य प्रतिनिधिमंडल 11 नवंबर को ही उत्तर प्रदेश चला जाएगा। जो वहां एक हजार से ज्यादा युवाओं के ठहरने, भोजन और विरोध की रणनीति तैयार करेगा।

# जिफ के लिए चुनी गई 182 फिल्में

**जयपुर (कासं)।** 14वें जयपुर इंटरेनशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ 2022) के लिए दुनिया भर से 82 देशों से लगभग 1500 फिल्मों के आवेदन प्राप्त हुए। जिफ आयोजन समिति ने इनमें से जिफ के लिए 10 श्रेणियों में नामांकित फिल्मों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में में 52 देशों की 182 फिल्मों को स्थान मिला है। 15 देशों से 28 ज्यूरी सदस्यों ने ये फिल्में चुनी हैं। प्रथम सूची में जिफ का ये अब तक का सबसे बड़ा सलेक्शन है। पिछले साल जिफ 2021 के लिए इस समय तक 80 देशों से 1484 फिल्में प्राप्त हुई थी जिनमें से 38 देशों की 161 फिल्मों का नॉमिनेशन हुआ था। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 7 से 11 जनवरी 2022 तक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 10 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 24 फीचर फिक्शन फिल्म,22 डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म,88 शॉर्ट फिक्शन फिल्म,18 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 11 शॉर्ट एनिमेशन फिल्म,4 मोबाइल फिल्म, 5 वेब सीरीज़,1 एड फिल्म, 9 सॉन्ग और इनमें 10 स्टूडेंट्स फिल्मस शामिल हैं। जिफ में अक्सा, लव लेबोरेट्री, सॉरी आई फॉरगिव यू, विग्गलर आदि चायना से, एटलस स्विट्जरलैंड से, मेक बिल्वर्स जापान से, द लास्ट बाथ पुर्तगाल से, वेरोना ब्राजील से, दो नॉट हेजिटेट नीदरलैंड्स से, द अगली ट्रूथ जर्मनी से, द फाइनल स्टैंड रशिया से, संभाला किर्गिस्तान से और भारत से ब्रिज, नट्यम, गिलियु पनजाराडोलीला, नानी, बाबा बेबी ओ दालचीनी और लुल्लाबाय आदि फिल्मों का चयन किया गया है। फेस्टिवल में विश्व भर के जाने पहचाने और प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार जीत चुके फिल्मकारों की फिल्मों का चयन हुआ है। जिफ में पहले बार चायना, जापान और साउथ कोरिया से बडी संख्या में फिल्म सब्मिट हुई है और नॉमिनेट भी हुई हैं। 05 दिसम्बर 2021 को नामांकित फिल्मों की दूसरी सूची जारी की जाएगी।


**खोया पाया**

पथिक भवन ग्र.नि.स.स.लि. की योजना नंबर 10 सूर्यनगर प्लॉट नं. 35 की सोसाइटी की रसीद गुम हो गई है श्री छोटेलाल सैनी मो.नं. 9784473895

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 5193 तीन मन्जिला स्थित रेगरों की कोठी, चौकडी घाट दरवाजा जयपुर को, ताहिर उसमानी, खालिद उसमानी, साकिब उसमानी पुत्रान स्व.श्री अकील अहमद से मोहम्मद फरीद पुत्र इकरामुद्दीन खरीद रहा है। किसी को आपत्ति हो तो सात दिन में बतायें अन्यथा कोइ ऐतराज मान्य नहीं होगा। (मकबूल हुसैन) एडवोकेट, मो.-9828071475

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, पांच की मौत

## जैसलमेर के रामगढ़ तनोट रोड पर रविवार सुबह हुआ हादसा

- छह नवम्बर को रामदेवरा के दर्शन कर रविवार सुबह तनोट माता जाने के लिए रवाना हुए थे मृतक
- मृतकों में चार एक ही परिवार के हैं तथा एक उनका रिश्तेदार है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जैसलमेर के रामगढ़ तनोट रोड पर रविवार सुबह हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में शामिल पांच लोग श्रीगंगानगर के रहने वाले हैं। इनमें चार एक ही परिवार के हैं तथा एक उनका रिश्तेदार है। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और खेतों में पलट गई। मृतकों में एक भाई-भाभी और बहन शामिल है। दोपहर में श्रीगंगानगर के गांव 13 क्यू में हादसे की सूचना पहुंची तो सन्नाटा पसर गया। परिवार के लोगों को दोपहर तक हादसे की जानकारी नहीं थी।

हादसे में मारा गया विशाल सहारण स्कूल संचालक है। वह पीलीबंगा में प्रकाश मॉडल स्कूल चलाता है। वहीं परिवार मुख्य रूप से खेती से जुड़ा हुआ है। तीन दिन पहले वह अपनी पत्नी रिंकू, बहन वर्षिका, मौसरे भाई अर्जित और परिवार की महिला अंजू के साथ जैसल मेर गया था। ये लोग पांच नवम्बर की शाम गांव से निकले थे। छह नवम्बर को इन लोगों ने रामदेवरा में दर्शन किए। इसके बाद रविवार सुबह ये लोग तनोट माता जाने के लिए रवाना हुए।


इसी दौरान रामगढ़ तनोट रोड पर हादसा हो गया। अचानक कार अनियंत्रित होकर पल टी और विशाल (32), उसकी पत्नी रिंकू (28), बहन वर्षिका (26), मौसरे भाई अर्जित (24) और अंजू (29) की मौके पर ही मौत हो गई। इन्हें रामगढ़ अस्पताल ले जाया गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# कोटपूतली जेल में कैदी ने हाथ की नस काटी

## पारिवारिक समस्या को लेकर मानसिक तनाव में बताया जा रहा है कैदी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के रामसिंहपुरा स्थित सबजेल कोटपूतली में बंद एक बलात्कार के आरोपी द्वारा रविवार देर शाम हाथ की नश काट लेने से जेल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। वहीं कैदी को जेल प्रशासन द्वारा आनन-फानन में लहुलुहान स्थिती में यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है।

कार्यवाहक जेलर शंकर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रवि कुमार पुत्र बाबुलाल मीणा निवासी गोविन्दपुरा ढाबाई तहसील शाहपुरा बलात्कार का आरोपी था। जो करीब दो माह पूर्व ही सब जेल में आया था। जेलर के मुताबिक कैदी रवि कुमार पारिवारिक समस्याओं को लेकर मानसिक तनाव में चल रहा था। जिसके चलते उसने देर शाम शौचालय में जाकर किसी नुकीली वस्तु से अपनी हाथ की नश काट ली।



लहुलूहान स्थिती में कैदी को अस्पताल ले जाता जेल का वाहन।

## नाबालिग से दुष्कर्म का अपचारी निरुद्ध

**मंडावरी,** (निसं)। थाना क्षेत्र के एक ग्राम में दीपावली के दिन खेत पर दीपक जलाने गई नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के नाबालिग अपचारी को पुलिस द्वारा वारदात के तीन दिन बाद निरुद्ध कर लिया गया। दुष्कर्म मामले की गंभीरता को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने टीम का गठन किया। टीम ने आरोपी को पकड़ लिया गया। दुष्कर्म की पीड़िता भी नाबालिग है तो दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी भी नाबालिग है। पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता ने मंडावरी थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री चार नवंबर को शाम पांच बजे खेत पर दीपक जलाने के लिए गई थी। इसी दौरान पड़ोसी खेत के नाबालिक बालक द्वारा उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## पैंथर ने गाय का शिकार किया

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे के दडा क्षेत्र के पास बीती रात को पैंथर ने गाय के बछडे का शिकार कर लिया। गांव के हर्षवर्धन पहाडिया ने बताया कि मध्य रात्रि के समय दडा के पास स्थित मंदिर के पीछे एक पैंथर को घूमते देखा गया। जिस पर गाडी में सवार दो युवकों ने वीडियो बना लिया। सवेरे देखा तो उसी क्षेत्र में एक गाय का बछडा मृत अवस्था में पाया गया, युवाओं ने बताया कि उसी पैंथर ने गाय के बछडे का शिकार किया है। पैंथर के आबादी के पास आने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इस समय ग्रामीणों का अधिक समय खेतों में व्यतीत होता है, किसान सवेरे उठते ही खेतों में चले जाते हैं तथा देर शाम तक घर को लौटते हैं ऐसी स्थिति में गांव के पास पैंथर देखने की खबर को लेकर ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

## गलत ओएमआर शीट पर बोर्ड ने लिया संज्ञान

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2021 में प्रविष्ट हुए ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें स्तर प्रथम की परीक्षा के दौरान स्तर द्वितिय की अथवा स्तर द्वितीय की परीक्षा के दौरान स्तर प्रथम की ओएमआर शीट परीक्षा केन्द्र पर दी गई अथवा जिन्होंने ओएमआर शीट पर अपनी परीक्षा बुकलेट की सीरीज का अंकन गलत किया हो, ऐसे परीक्षार्थी अपनी आपत्ति रीट की वेबसाइट पर सोमवार से 13 नवंबर तक निशुल्क दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति दर्ज कराने के लिए परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र और ओएमआर शीट की परीक्षार्थी प्रति को स्कैन कर रीट की वेबसाइट पर दर्ज करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष जारोली ने बताया कि बोर्ड को कुछ परीक्षार्थियों से ऐसी शिकायतें मिली हैं कि उन्हें परीक्षा केंद्र पर वांछित स्तर की परीक्षा की ओएमआर शीट नहीं दी गई, जिसके कारण उनके परीक्षा में अंक कम आए। बोर्ड ऐसी आपत्तियों पर त्वरित कार्यवाही करेगा।

## नाबालिग छात्रा ने बेटी को जन्म दिया

- चचेरा भाई ही निकला आरोपी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में 10 वीं क्लास की छात्रा ने बेटी को जन्म दिया है। 15 वर्षीय नाबालिग को प्रसव पीड़ा के चलते शुक्रवार को उम्मेद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बताया जा रहा है कि चचेरे भाई ने उसके साथ रेप किया था। चचेरा भाई भी नाबालिग है। पुलिस अब आरोपी भाई की तलाश कर रही है। दरअसल, अस्पताल में भर्ती होने की सूचना के बाद बाल कल्याण समिति ने नाबालिग की काउंसिलिंग की। उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस पर बाल कल्याण समिति ने पुलिस को जानकारी दी।

नाबालिग की मां का कहना है कि वह नवजात को नहीं पालेंगे, उसे शिशु गृह के सुपुर्द करेगें। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ धनपत गुर्जर ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। उसके परिजन इस बच्चे को नहीं पालना चाहते। उन्होंने बताया कि समिति के सहयोग से बच्चे को शिशु गृह को सपुर्द किया जाएगा। आरोपी परिवार का सदस्य होने के चलते नाबालिग व उसकी मां ने चुप्पी साध ली है। बेटी के प्रेग्नेंट होने का पता मां को चल गया था, लेकिन मां ने भी किसी से शिकायत नहीं की क्योंकि आरोपी युवक परिवार का ही सदस्य था। आरोपी नाबालिग का पीड़िता के घर आना-जाना था। बताया जा रहा है कि दोनों दसवीं कक्षा में साथ पढ़ते थे। पीड़िता व आरोपी एक ही कक्षा में पढ़ ते थे। बताया जा रहा है कि गर्मियों की छुट्टियों में पीड़िता के घर चचेरे भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शर्म के मारे वह नहीं बोली, जिसका फायदा उठाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस कारण वह गर्भवती हो गई।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरुकता की कमी के चलते बालिकाएं इस तरह से दुष्कर्म की शिकार हो रही हैं। अधिकतर मामले में आरोपी परिवार का सदस्य ही होता है। ऐसे में पीड़िता व उसका परिवार चुप्पी साध लेता है।

## पानी की टंकी धमाके साथ फटी

**अजमेर,** (कासं)। आदर्श नगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय में लगी प्लास्टिक की पानी की टंकी तेज धमाके के साथ फट गई। अचानक तेज धमाके से जिस पट्टी पर पानी की टंकी रखी थी वह भी टूट कर नीचे आ गिरी। रविवार की छुट्टी होने के चलते हादसा नहीं हुआ अन्यथा बडी दुर्घटना घटित हो सकती थी।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि आदर्श नगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को पेयजल मुहैया कराने वाली छत पर रखी थी प्लास्टिक की पानी की टंकी। गनीमत रही कि रविवार का दिन होने की वजह से स्कूल की छुट्टी थी अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना या हादसा भी हो सकता था। उन्होंने बताया कि आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे हैं और प्रधानाध्यापक अर्पण को भी फोन कर जानकारी दी, वह भी मौके पर आ गई। प्रथम दृष्टया टंकी फटने का कारण टंकी का ज्यादा पुरानी होना माना जा रहा है। प्रधानाध्यापक अर्पण ने बताया कि फिलहाल नई टंकी रखवाई जा रही है।

## पुलिस ने धोरों में छिपाई आधा दर्जन भट्टियां नष्ट की

- श्रीडूंगरगढ़ के पूंदल सर गांव में हर रोज बनती है अवैध शराब

**बीकानेर,** (निसं)। एक तरफ जहां अवैध शराब से बड़ी संख्या में लोगों की मौतों की खबर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में पूंदल सर गांव में ये धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने रविवार को करीब आधा दर्जन भट्टियां नष्ट कर दी लेकिन पुलिस को पूरी आशंका है कि कुछ दिन बाद ही दूसरी जगह फिर से भट्टी बन जायेंगी।

श्रीडूंगरगढ़ से बीकानेर की तरफ बेणीसर गांव के पास ही पुंदल सर गांव है। गांव में रहने वाले कुछ लोग अवैध रूप से शराब बनाकर बेचते हैं। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस और आबकारी विभाग समय समय पर यहां भट्टियों को नष्ट करते रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हो रहा है। रविवार को भी श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने कई जगह अवैध शराब बनाने की भट्टियों को नष्ट किया। पुलिस को आशंका है कि कुछ ही दिनों में कहीं ओर फिर से अवैध शराब बनाने का काम शुरू हो सकता है।

दरअसल , पिछले दिनों बिहार में अवैध शराब पीने से एक ही दिन में कई ल ोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद बीकानेर पुलिस भी ऐसे ठिकाने ढूंढने में लगी हुई है। आबकारी पुलिस ने भी ने अवैध शराब बनाने वालों की धरपकड़ शुरू की। आबकारी पुलिस के साथ मिल कर पुलिस ने रविवार को पुंदल सर गांव में सर्च अभियान चल ाया। इस दौरान रेत के धोरों में बन रही अवैध शराब की भट्टियां मिली। पुलिसकर्मियों ने ल ट्ठ और अन्य भारी सामान से इन भट्टियों को तोड़ दिया। इसमें बनी अवैध शराब को भी नष्ट कर दिया।

## सड़क हादसे में दो की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। फलासिया थाना क्षेत्र कोल्यारी में कोल्यारी रोड़ पर दो बाइक के टकराने से युवक सहित दो जनों की मौत हो गई तथा चार जने घायल हो गए। शनिवार सांय फलासिया थाना क्षेत्र कोल्यारी गांव रोड़ पर हुए सड़क हादसे में नालवा सोम निवासी लोकेश (27) पुत्र नाथूलाल बूम्बड़िया, कमला देवी पत्नी लोकेश, रमेश (25) पुत्र कावा मीणा,अंजली (2) पुत्री लोकेश मीणा, अजय (1) पुत्र लोकेश मीणा तथा खरड़िया निवासी मालूराम (30)पुत्र सरदाराम, लसूनी बाई उर्फ राजुड़ी (50) पत्नी सरदाराम घायल हो गए। रमेश परिजनों को लेकर झाडोल से फलासिया जा रहा था। इस दौरान अन्य बाइक पर सवार मालूराम फलासिया से झाड़ोल जा रहा था। जहां बीच रास्ते दोनों बाइक की आमने सामने भिडंत हो गई। सूचना मिलने पर फलासिया थानाधिकारी रामनारायण मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को उपचार के लिए झाड़ोल चिकित्सालय पहुंचाया जहां रमेश की मौत हो गई तथा शेष घायलों को उदयपुर रैफर किया।

## फावड़ा मारकर सास की हत्या करने वाली बहू गिरफ्तार

- जमीन बेचने से प्राप्त रूपयों को लेकर दोनों के बीच होता रहता था विवाद



सास की हत्या करने करने वाली बहु पुलिस गिरफ्त में।

**उदयपुर,** (कासं)। आपसी विवाद में फावड़े से हमला कर सास की हत्या करने वाली बहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र पाराखेत कलडवास निवासी गोपीलाल ने 13 अक्टूबर 2021 को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी ।

मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद 28 अक्टूबर को जीवली की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार के निर्देश पर गठित टीम ने हत्या के आरोपी पाराखेत कलड़वास निवासी पुष्पा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया।

पूछताछ में पता चला कि पुष्पा का उसकी सास जीवली से उसके पास रखे जमीन बेचने से प्राप्त रूपयों की मांग को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। जीवली रूपये नहीं देना चाहती थी। जिससे पुष्पा परेशान थी। बडे बेटे के पास रहने के कारण पुष्पा वारदात को अंजाम नहीं दे पा रही थी। घटना वाले दिन बड़ा पुत्र परिवार सहित वल्लभनगर गया। तब मौका देख कर वारदात को अंजाम दे कर भाग गई।

## दो बच्चों की मां ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**धौलपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के खेरा गांव में शनिवार रात दो बच्चों की मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला मानसिक रूप से बीमार थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया।

पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताया कि रोशनी (32) पत्नी विनोद ने पंखे पर साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी को पिछले 2 महीने से पागलपन के दौरे आते थे। जिस कारण उसके पास ना कोई रहता था। शनिवार रात घरवालों से नजर बचाकर अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर देखा तो फंदे पर लटकी मिली। चौकी प्रभारी ने बताया कि महिला की शादी को 9 साल हुई थे। एक 7 साल का और एक 5 साल का बेटा भी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## गर्भवती महिला के पेट में शराबी पति ने मारी कांच की बोतल

**अनूपगढ़,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 3 में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी गर्भवती पत्नी के पेट में कांच की बोतल मार कर घायल कर दिया। घायल महिला पांच माह की गर्भवती थी।

घटना के बाद आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया। महिला को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिल ा की गंभीर हाल त को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला नीटू का विवाह 4 वर्ष पूर्व वार्ड नम्बर तीन निवासी गुरदास के साथ एवं उसकी सगी बहन प्रीतपाल कौर का विवाह धर्मेंद्र के साथ एक ही परिवार में दो सगे भाइयों के साथ हुआ था। पुलिस ने बताया कि धर्मेंद्र सिंह अपने घर पर शराब के नशे में आया और अपनी पत्नी प्रीतपाल कौर से मारपीट करने लगा। घटना के वक्त मौके पर प्रीतपाल कौर की बहन (देवरानी) नीटू भी मौजूद थी। धर्मेंद्र सिंह द्वारा मारपीट करने पर नीटू ने बीच-बचाव करते हुए उसे अपने घर ले आई। प्रीतपाल कौर को घर पर देखते ही नीटू का पति गुरदास सिंह नाराज होकर नीटू के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद प्रीतपाल कौर वहां से वापस अपने घर के लि ए रवाना हो गई। इस दौरान दोनों में बातचीत बढ़ गई और गुरदास सिंह ने बोतल को तोड़ कर अपनी गर्भवती पत्नी नीटू के पेट पर बोतल के कांच से हमला कर दिया। जिसमें नीटू गंभीर घायल हो गई। नीटू के शोर मचाने पर गुरदास सिंह मौके से भाग गया। शोर सुनकर आस-पड़ोस के ल ोग आए और नीटू को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया । जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद नीटू को रैफर कर दिया।

## पेड़ से लटककर खुदकुशी की

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अलवर किशनगढ़ बास मार्ग पर घासोली के पास एक युवती ने जंगल में जाकर पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। बहला-फुसलाकर भगा कर ले गए युवती को परिवार जन गाडी में बैठा कर घर ले जा रहे थे रास्ते में युवती ने पेशाब के बहाने गाडी रुकवाई और अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में जाकर पेड़ से लटक गई। गांव धानेटा राजगढ़ निवासी सुखबीर सिंह पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर 2021 को गांव गोठडा से तंत्र विद्या कर देवसिंह युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। फोन ट्रेसिंग की लोकेशन के अनुसार देवी सिंह और युवती को विकास नगर मोहन गार्डन से गाड़ी में बैठा कर गांव लेकर आ रहे थे। सुखबीर ने पुलिस को बताया कि घासोली के पास युवती अंधेरे का फायदा उठाकर गायब हो गई। करीब 40 मिनट तक मोबाइल की टॉर्च से आस-पास तलाश किया लेकिन कहीं दिखाई नहीं दी। लगभग 1 घंटे बाद एक व्यक्ति की सूचना पर लडकी पेड से लटकी मिली।

## हनुमानगढ़ में ज्यादातर क्लासिकल डेंगू बुखार के केस

- डेंगू हॅमरेजिक बुखार व डेंगू शॉक सिंड्रोम ज्यादा खतरनाक है
- दस हजार से कम प्लेटलेट्स काउंट होने पर प्लेटलट्स की जरूरत होती है
- जनवरी 2021 में अब तक एलाइजा टेस्ट में 195 डेंगू रोगी मिले हैं

**हनुमानगढ़,** (निसं)। डेंगू के डंक से बचना जरूरी है। साथ ही इससे डरने के बजाय समझना बेहद आवश्यक है क्योंकि डेंगू बुखार तीन तरह के होते हैं। इनमें से सर्वाधिक क्लासिकल डेंगू बुखार के केस ही अधिक मिलते हैं जो ज्यादा घातक नहीं है। जिले की बात करें तो यहां भी क्लासिकल डेंगू बुखार के केस ही ज्यादा मिले हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लासिकल डेंगू बुखार से गले में हल्का दर्द, त्वचा पर लाल रेश व दाने, भूख में कमी, मांसपेशी में दर्द आदि लक्षण होते हैं। इसके लिए कोई विशेष या अलग से दवा की जरूरत नहीं होती है। केवल पैरासिटामोल का ही इसमे रोल है।

रोगी घर पर रहकर खूब आराम करे। तरल पदार्थ का अधिकाधिक सेवन करे। इससे वह ठीक हो जाता है। प्लेटलेट्स को लेकर भी रोगी व उसके परिजन घबराएं नहीं। जब दस हजार से कम प्लेटलेट्स काउंट हो तो रोगी को प्लेटलट्स की जरूरत होती है। इसके अलावा डेंगू हॅमरेजिक बुखार व डेंगू शॉक सिंड्रोम होता है। नाक व मसूढ़ों से खून, शौच व उल्टी में खून, त्वचा पर गहरे काले-नीले रंग के चकते पडना आदि डेंगू हॅमरेजिक बुखार के लक्षण हैं। वहीं डेंगू शॉक सिंड्रोम में ज्यादातर लक्षण हॅमरेजिक बुखार वाले होते हैं। इसके अलावा रोगी बैचेन महसूस करता है। बुखार के बावजूद उसे ठंड ल गती है। रोगी धीरे-धीरे होश खोने लगता है। यह गंभीर स्थिति है। वार्ता के दौरान कोटपा के जिला प्रभारी निपेन शर्मा, आरसीएचओ डॉ. विक्रम सिंह, डीईओ त्रिलोकेश्वर शर्मा, आईईसी कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला कोविड प्रभारी डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि जिले में जनवरी 2021 में अब तक एलाइजा टेस्ट में 195 डेंगू रोगी मिले हैं। अब तक जिले में किसी डेंगू रोगी की ऑन रिकॉर्ड डेथ नहीं हुई है।

## खेलते समय चोट लगने से खिलाड़ी की मौत

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के रवासा निवासी दामोदर गुर्जर की पीपलू के नवरंग पुरा गांव में तीन दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेते समय खेलने के दौरान चोट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रवासा निवासी दामोदर गुर्जर पीपलू तहसील के नवरंग पुरा गांव में तीन दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट में चाकसू की ओर से कबड्डी मैच खेल रहा था। इसी दौरान दामोदर दूसरी तरफ जब पाली देने गया तो उसे विपक्षी टीम ने दबोच लिया जिससे वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत उपस्थित खिलाड़ी व ग्रामीणों ने चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में दम्पती की मौत


**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गोरधनपुरा पुलिया के पास राजनौता मोड़ पर एक बाईक सवार दम्पती को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की बाईक सवार महावीर सिंह पुत्र भगवत सिंह व कृष्णा कंवर पत्नी महावीर सिंह राजपूत निवासी कुजोता थाना सरूण्ड को लहुलुहान स्थिती में राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गांधीवादी नेता एवं पूर्व पी.डब्लू.डी. मंत्री जयनारायण पूनियां का निधन

## शव यात्रा में राजगढ, तारानगर और हरियाणा से आए लोग शामिल हुए

**सादुलपुर,** (निसं)। कृतित्व ईमानदारी व सादा जीवन व्यक्तित्व के रूप में जाना-जाने वाले राजस्थान के व्योवृद्ध गाँधीवादी, आदर्शवादी व सत्यनिष्ठ पूर्व पी.डब्लू.डी. मंत्री एवं तारानगर के पूर्व विधायक जयनारायण पूनिया ने रविवार प्रातः हिसार के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली । उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर को राजगढ मोक्षभूमि में किया गया। वहीं उनकी शव यात्रा में राजगढ, तारानगर और हरियाणा से आये हजारों आगंतुकों, समर्थकों ने उन्हें अंतिम विदाई दी । तथा उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रो.दिलीप पूनिया प्राचार्य लोहिया कॉलेज चूरू ने मुखाग्नि दी।



जयनारायण पूनियां

साथ में उनके पुत्र डीवाईएसपी (महिला अपराध शाखा) गंगानगर नरेंद्र पूनिया एवं वीरेंद्र शेरू एवं उनके भतीजे भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महावीर पूनियां, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता प्रताप सिंह पूनियां आदि ने मुखाग्नि दी। पूनियां की शव यात्रा में राजगढ़ विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया, मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, भाजपा नेता एव सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट सुभाष राठौड़ मानपुरा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा, पूर्व विधायक नन्दलाल पूनिया, पूर्व संसदीय सचिव इंद्र सिंह पूनिया, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, राकेश जांगिड, पूर्व उपजिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, करतारसिंह पूनिया एडीएम हनुमानगढ़, सीईओ जिला परिषद रामनिवास जाट, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के ओम सारस्वत तथा जिलापरिषद सरपंच, बीडीसी मेंबर, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, डॉ.सुभाष गोस्वामी, कुलदीप पूनिया एनएसयूआई आदि सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



पूर्व पी.डब्लू.डी. मंत्री जयनारायण पूनियां की शव यात्रा में शामिल राजनेता एवं ग्रामीण।

गौरतलब है कि राजगढ तहसील के गांव लाखलाण बडी के मूल निवासी गांधीवादी नेता जयनारायण सामान्य कृषक परिवार में जन्मे थे। तथा लॉ करने के बाद उन्होंने राजगढ में वकालत शुरु कर दी थी। पूनियां सन् 1977 में भैरों सिंह शेखावत की जनता पार्टी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे एवं उस समय राजगढ से ही विधायक रहे थे। इसके अलावा सन 1985 में तारानगर से तथा 2013 में पुनः तारानगर से विधायक रहे 90 वर्षीय जयनारायण पूनिया का ब्रेन हैमरेज के साथ-साथ दिल का दौरा पडने से देहांत हो गया है। ज्ञातव्य है कि इस दीपावली पर्व की रामा-श्यामा करते रहे सांय 8 बजे तक बिल्कुल स्वस्थ थे, परंतु उन्हें शाम 7 बजे ब्रेन हैमरेज के साथ-साथ दिल का दौरा पडने पर हिसार के एक निजी अस्तपाल में भर्ती करवाया गया। मगर रविवार सुबह उनका देहांत हो गया। शव यात्रा सिल्वर फैक्ट्री, दरवाजे से घण्टाघर नगरपालिका होते हुए मुख्य बाजार से गुजरी तथा पुष्प वर्षा, भजनकीर्तन करते हुए उनके पार्थिव शरीर को पुष्प मालाओं से लाद दिया गया। जय जय कार व अमर रहे के चिरस्मृति के नारों के साथ गमगीन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विदाई दी। इससे पूर्व उनके निवास पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धा व्यक्त की। गौरतलब है कि पूनियां की छाप एक गांधीवादी नेता के रूप में रही है ।

# सत्ताधारी कांग्रेस हैरिटेज निगम में बोर्ड बनाने के सालभर बाद भी नहीं बना पाई समितियां

## चर्चा है कि पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर समितियों के गठन को लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सिंह, मुख्य सचेतक महेश जोशी और विधायक रफीक खान व अमीन कागजी से मिलेगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम को दो टुकड़ों में बांटकर सत्ताधारी कांग्रेस ने हैरिटेज नगर निगम में अपना बोर्ड तो बना लिया, लेकिन सालभर बाद भी संचालन समितियों का इंतजार पार्षदों को है। इसके चलते कुछेक पार्टी पार्षदों और निर्दलीयों में नाराजगी बढ़ रही है। चर्चा है कि पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर समितियों के गठन को लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी के अलावा दोनों विधायकों रफीक खान और अमीन कागजी से बात करेंगे। मौजूदा स्थिति की बात करें तो कोई भी विधायक समितियों के गठन को लेकर मना नहीं कर रहा है, लेकिन एक वर्ष से गठन भी नहीं हो पा रहा है।




उधर विधायकों और मेयर मुनेश गुर्जर के सामने मुश्किल यह है कि अगर निर्दलीयों को चेयमैन की कुर्सी पर बैठाया तो पार्टी के सिंबल से चुनाव जीतकर आये पार्षद नाराज होंगे। वहीं अगर कांग्रेस पार्षदों को ही चेयरमैन बनाया जाता है तो बोर्ड बनाने में मददगार बने निर्दलीयों के सुर बगावती होंगे। इसी जद्दोजहद्द के चलते बीते एक साल में सिर्फ एक ही बोर्ड मीटिंग हो पाई है। वह मीटिंग भी बजट पास करवाने के लिए मेयर मुनेश गुर्जर ने बुलाई थी, उसके बाद कई बाद निर्दलीय पार्षदों ने नाराजगी जताई और कमेटियां बनाने की मांग उठाई, लेकिन सरकार हर बार यह मामला टाल गई। अब एक बार फिर सक्रिय हुए कुछ पार्षदों ने यह मुद्दा उठाया है।

सूत्रों के मुताबिक हैरिटेज नगर निगम में बोर्ड बनने के एक वर्ष बीतने के बाद भी समितियों का गठन नहीं होने से अधिकांश पार्षद खफा है। ज्यादा नाराजगी उन पार्षदों में है, जो खुद को चेयरमैन का प्रबल दावेदार मान रहे है। दरअसल जब कांग्रेस ने हैरिटेज निगम में बोर्ड बनाया तो आठ निर्दलीयों ने मदद की। उस वक्त इन्हें समितियों के गठन में उचित सम्मान देने की बात कांग्रेस नेताओं ने कही थी। बीते सालभर में कई बार यह मुद्दा उठा, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो निर्दलीय पार्षदों ने उपेक्षा का आरोप तक सरकार पर लगा डाला। पिछली बार जब निर्दलीय पार्षद एकजुट हुए थे तो मामला परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मुख्य सचेतक महेश जोशी और स्वयं यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल तक पहुंचा था।

- विधायकों और महापौर मुनेश गुर्जर के सामने मुश्किल है कि अगर निर्दलीयों को चेयमैन बनाया तो पार्टी पार्षद नाराज होंगे
- अगर कांग्रेस पार्षदों को ही चेयरमैन बनाया जाता है तो कांग्रेस के समर्थन में वोट डालने वाले निर्दलीयों के सुर बगावती होंगे

वहीं दूसरी ओर विधायकों के लिए पार्षदों को साधना आसान काम नहीं है। इसी वजह से समितियों के गठन में देरी हो रही है। पार्टी के कुछके विधायक ऐसे हैं, जो नहीं चाहते कि हैरिटेज निगम सरकार में संचालन समितियां बने। क्योंकि, उनको अपने विधानसभा क्षेत्र में बगावत के सुर उठने का डर है। उन्हें लगता है कि निर्दलीयों को साधा तो कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर जीतकर आए पार्षद नाराज हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में जब तक समितियों के गठन का टाला जाए, तब तक ठीक है। हालांकि, कुछ निर्दलीय पार्षद इस बात से बेहद नाराज हैं। समय-समय पर नाराजगी भी जताते रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर समितियों के गठन को लेकर परिहवन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी के अलावा दोनों विधायकों से बात करेंगे। मौजूदा स्थिति की बात करें तो कोई भी विधायक समितियों के गठन को लेकर मना नहीं कर रहा है, लेकिन एक वर्ष से गठन भी नहीं हो पा रहा है।

# जयपुरिया अस्पताल के बाहर मिले नवजात के शव की दूसरे दिन भी नहीं हो सकी पहचान

## बच्ची के परिजनों को तलाशने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में जयपुरिया अस्पताल के गेट नंबर 2 पर बाहर मिली मृत मिली नवजात बच्ची के माता-पिता का दूसरे दिन भी पता नहीं चला। बच्ची का शव अब भी पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखा है। वहीं पुलिस इस मामले में अब हॉस्पिटल के आस-पास मैन रोड के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मामले में अब तक कोई सुराग नहीं लगने के कारण आज बच्ची का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ।

हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि दोपहर एक बजे पोस्टमार्टम होना था, लेकिन पुलिस की तरफ से कोई निर्देश नहीं मिले, जिसके कारण पोस्टमार्टम नहीं किया गया। पुलिस अभी बच्ची के परिजनों की तलाश में जुटी है। ज्ञात रहे कि शनिवार को हॉस्पिटल के गेट के बाहर 4 घंटे पहले एक नवजात बच्ची बिना कपड़ों के पॉलिथीन में लिपटी मिली थी। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब इसे देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात के शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। नवजात को चूहों ने कुछ जगह से कुतर डाला था। शरीर पर कई जगह घाव मिले। बच्ची का एक कान भी कटा हुआ था। बताया जा रहा है कि बच्ची सात से आठ महीने की बताई जा रही है।

डॉक्टर अब पुलिस के निर्देश के बाद पोस्टमार्टम करेंगे और उसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए पुलिस को सौंप देंगे। अस्पताल के इमरजेंसी गेट के बाहर मिली बच्ची के परिजनों को तलाशने के लिए पुलिस अब जयपुरिया हॉस्पिटल वाली रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि दोपहर तक भी पुलिस को सीसीटीवी में ऐसा कोई सुराग नहीं लगा जिससे यह पता चल सके कि बच्ची को आखिरकार रखकर गया कौन है?

# ब्रांडेड कंपनियों की बोतल में सस्ती शराब भरकर बेचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** करधनी थाना पुलिस ने सस्ती शराब को ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में भरने के रिफलिंग प्लांट का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 18 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस को फैक्ट्री की कंपनी से बोतल पव्वे और नकली ढक्कन बरामद किये हैं।

डीसीपी (पश्चिम) ऋचा तोमर ने बताया कि 6 नवंबर को डीएसटी टीम ने राजस्थान निर्मित सस्ती शराब को महंगी ब्रांडेड कंपनी की बोतल पव्वों में रिफलिंग करने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया हैं। पुलिस ने इस मामले में फैक्ट्री संचालक

- करधनी थाना पुलिस ने रिफलिंग फैक्ट्री का पर्दाफाश किया, आरोपी से 18 पेटी शराब और ढक्कन जब्त

मनोहर सिंह (47) पुत्र करण सिंह बौराडा अजमेर हाल आर्मी नगर निवारू रोड करधनी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोहर सिंह का करीब एक साल से अवैध रुप से सस्ती शराब को ब्रांडेड कंपनी की बोतल पव्वों में रिफलिंग का काम अपने निवासी स्थान आर्मीनगर निवारू रोड करधनी जयपुर में ही कर रहा था।

अभियुक्त मनोहर सिंह पूर्व में जयपुर शहर के शराब के ठेकों पर सेल्समैन का काम किया करता था। अभियुक्त मनोहर सिंह से खाली पव्वों बोतल की खरीद और ब्रांडेड शराब की कम्पनियों के नकली ढक्कन के सोर्स के बारे में पूछताछ कर रही हैं। आरोपी मनोहर सिंह अवैध सस्ती



रिफलिंग की गई शराब को जयपुर शहर में अवैध शराब बिक्री से जुड़े माफियाओं को बेचा करता था और भारी मुनाफा कमाया करता था।

# अवैध शराब-स्मैक बेचने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर की डीएसटी उत्तर और थाना विद्याधर नगर थाना पुलिस ने ड्रग माफियाओं के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर स्मैक बरामद की हैं। उधर शास्त्री नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब रखने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया हैं। डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि नशीले और मादक पदार्थ की सप्लाई और बिक्री करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चलाया जा रहा हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विद्याधर नगर निवासी लखन कानवानी उर्फ लक्ष्मण उर्फ लक्की (32) पुत्र किशन कुमार को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 7.26 ग्राम स्मैक बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। इस पूरे मामले में हैड कांस्टेबल सुरेन्द्र पाल सिंह की अहम भूमिका रही हैं। उधर शास्त्री नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब रखने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़ी गई मीरा देवी (45) पत्नी शिशपाल गांव डूगरों की ढाणी मालियों का मोहल्ला झुंझुंनू हाल कलाकार कॉलोनी शास्त्री नगर की रहने वाला हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद की हैं।

# होटल और चाय की थड़ियों पर से बाइक चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी वाहन चोरी के प्रकरण में चालान शुदा हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही हैं।

डीसीपी (दक्षिण) हरेन्द्र महावर ने बताया कि 5 नवंबर को परिवादी महेश शर्मा ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें 2 नवंबर को उसकी बाइक रिंग रोड चौराहे के पास खड़ी करके दुकान पर चाय नाश्ता करने लग गया। इसी दौरान पीछे से अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले पुलिस ने वाटिका के आसपास के चोरी के चालान शुदा बदमाशों की तलाश की। पुलिस ने इस मामले में रागांव बडाबास कोटखावदा हाल वाटिका सांगानेर सदर निवासी जेश बैरवा को गिरफ्तार कर उसके पास से बाइक बरामद की।

पुलिस ने बताया कि आरोपी होटलों व चाय की दुकानों के पास खड़ी बाइक पर नजर रखता है तथा उनका मालिक अन्दर चाय नाश्ता खाना खाने लग जाता है। तब नजर चुराकर बाइक को चुराकर ले जाता है तथा उसकी नम्बर प्लेट हटाकर कुछ दिन खुद काम में ले लेता है तथा उसके बाद अन्य को बेच देता हैं पुलिस ने बताया कि आरोपी वाहन चोरी के प्रकरण में पहले चालान शुदा होना पाया गया। इस शातिर चोर को पकड़ने में कांस्टेबल भरत सिंह की विशेष भूमिका रही।

# बिहार के 'डाला छठ' पर्व की जयपुर में भी दिखेगी झलक

**जयपुर (कासं)।** उत्तर भारतीयों की लोकआस्था और सूर्यउपासना का मुख्य पर्व डाला छठ पर्व अनुष्ठान का आगाज कार्तिक शुक्ल चतुर्थी सोमवार को मूल नक्षत्र और सुकर्मा योग में नहाय-खाय से शुरू होगा। बिहारी समाज के महासचिव सुरेश पंडित ने बताया कि घरों में मिट्टी के चूल्हे बनाए जा चुके हैं। इसके साथ ही धान की धुलाई की जा चुकी है। पंडित ने बताया कि इस व्रत में जिसमें अमीर- गरीब का कोई भेदभाव नहीं है। आज लौकी की सब्जी व अरहर की दाल में सेंधा नमक का प्रयोग किया जाएगा जलाशय, पोखर या स्नान जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करके भगवान भास्कर को जलार्घ्य देकर चार दिवसीय अनुष्ठान की सफलता हेतु प्रार्थना करेंगे फिर पूरी पवित्रता से तैयार प्रसाद स्वरूप अरवा चावल, चना दाल, लौकी-कद्दू की सब्जी अनुष्ठान का आरंभ करेंगे।

- सूर्यउपासना के लिए खास पर्व के तहत छठी मैया का होगा जगह-जगह गुणगान
- भोजपुरी कलाकारों की मौजूदगी में हसनपुरा में होगा सांस्कृतिक समारोह
- चार दिवसीय उत्सव का समापन 11 नवंबर को होगा
- जयपुर में तीन लाख से अधिक लोग यह पर्व मनाएंगे

मंगलवार को खरना व्रत के तहत पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ रवियोग में महापर्व के दूसरे दिन के अनुष्ठान में व्रती खरना का पूजा करेंगे। इसमें छठ करने वाले श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास करके सायंकाल में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ठाहण करेंगे। प्रसाद पाने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान का संकल्प लेंगे। बुधवार को शाम को अस्तचलगामि यानि डूबते सूर्य को अघ्र्य देंगे। गुरुवार को छठ पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन में अहले सुबह यानि उगते सूर्य में व्रती घाटों या कृत्रिम घाट से उदीयमान सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देकर महाव्रत का समापन करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला उपवास भी पूर्ण होगा। व्रती अन्य श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देकर पारण करेगी। खरना में चूल्हे पर कच्चे चावल और गुड की खीर बनाई जाएगी। केले के पत्ते पर निकालकर, तुलसी की पत्ते-फल आदि रखकर घी का दीपक जलाया जाएगा, भगवान सूर्यदेव से सुख समृद्धि की कामना करेंगे। रिश्तेदारों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। जयपुर में बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुल तीन लाख लोग पूजा अर्चना करेंगे।

जयपुर में बिहार समाज संगठन व मैथिली भोजपुर छठ पूजा एकता समिति की ओर डाला छठ पूजा महापर्व का आयोजन जयपुर के विभिन्न क्षेत्रो में किया जाएगा। विभिन्न कॉलोनीयो में रह रहे बिहार समाज के लोगो की मौजूदगी में मुख्य आयोजन हसनपुरा स्थित एनबीसी क्वार्टर के पीछे दुर्गा विस्तार कॉलोनी में होगा। इसके तहत यहां पक्के कुंड में कार्यक्रम होंगे। भोजपुरी कलाकार छठ मैया का गुणगान करेंगे। इसके साथ किशन बाग, शास्त्री नगर कानोता बांध, आमेर मावठा, मुरलीपुरा, विश्वकर्मा, प्रताप नगर, करतारपुरा, रॉयल सिटी माचवा, बाईस गोदाम, गुर्जर की थडी, में भी महापर्व को मनाया जाएगा।

# बीवीजी से कचरा नहीं उठा तो नगर निगम ने अपने जेसीबी-डंपर और हूपर बाजार-कॉलोनियों में भेजे

## चार हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर पुनः काम पर बुलाया

**जयपुर (कासं)।** दीपावली के बाद जयपुर में सफाई व्यवस्था सबसे ज्यादा बंटाधार है। अधिकांश बाजारों और परकोटे में गली-नुक्कड़ों पर गंदगी के ढेर लगे रहे। हालांकि इस कचरे को उठवाने के लिए हैरिटेज नगर निगम ने रविवार को अतिरिक्त संसाधन लगाए और छुट्टी पर रहे सफाईकर्मियों को भी बुला लिया। पहले चरण में मुख्य बाजारों की सफाई हुई और दोपहर बाद गलियों में निगम के सफाईकर्मी और हूपर पहुंचे। शाम चार बजे तक सफाई व्यवस्था को सुधारा गया।

इसी प्रकार संघर्ष की प्रवृत्ति भी धीरे धीरे खत्म होती जा रही है, जबकि चाहे हमारा राज हो या न हो अन्याय, जुल्म और अत्याचार के खिलाफ हमें लड़ते रहना पड़ेगा क्योंकि जनता हमसे ही उम्मीद और अपेक्षा करती है और उस पर खरे उतरना हमारा धर्म है, अगर यह लड़ाई लड़ना हमने छोड़ दिया तो अधिकारी वर्ग निरंकुश हो जायेगा। हमारे मार्गदर्शक रहे यह नेता स्कूटर, मोटरसाईकिल पर शहर की गलियों से लेकर गांव की चौपाल तक जनता के सुख दुख में भागीदार रहत थे, आज हमारी पार्टी के नेता लोगों से राम राम करने के बजाय लक्जरी कारों के काले शीशे चढ़ ाये घूमते रहते हैं, ऐसी कार्यशैली से जनता दूर होती जायेगी, अब इन हालातों को सुधारने की जरूरत है। यह सत्य है कि आधुनिक तकनीकी उपयोगी है लेकिन पीढ़ि यों की परम्परा को संजोना भी जरूरी है।

कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा एवं कोटा स्टोन एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश मित्तल, मण्डल अध्यक्ष हुकमचन्द शर्मा, मण्डल अध्यक्ष नेमीचन्द नागर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष गालव, मण्डल महामंत्री कमलेश गौतम, भामाशाह मण्डी गोपेश मालव, ओबीसी मोर्चा के प्रेमराज बंजारा, किसान मोर्चा महामंत्री महावीर सुमन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कान सिंह, एससी मोर्चा के पंकज घेंघट, घुमंतु प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री घासी लुहार, पूर्व पार्षद मधुकंवर हाडा, हेमकंवर हाडा, वार्ड अध्यक्ष हुकम सिंह, पूर्व वार्ड अध्यक्ष जयराज सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया।

## संक्षिप्त

### अवैध शराब बेचते एक जना पकड़ा

**निवाई।** रविवार को बाईपास पर अवैध देशी शराब बेचने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर मुखबीर से सूचना मिली कि बाईपास पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में रखकर अवैध देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने अवैध देशी शराब बेचते हुए विनोद पुत्र प्रेमचंद सांसी निवासी ढाणीजुगलपुरा निवाई को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से अवैध देशी शराब के 52 पव्वे जब्त किए है।

### मारपीट का मामला दर्ज

**निवाई।** बरोनी पुलिस थाने में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि गांव खोडा का खेडा निवासी छोटूलाल पुत्र रामअवतार बैरवा ने मामला दर्ज करवाया है कि पांच अक्टूबर को वह परिवार के साथ सुबह करीब 7 बजे चाय पी रहा था। इसी दौरान राहुल, बद्रीलाल, रविन्द्र, गोरधन, नरेन्द्र, रतनलाल, हजारी, राजीव, राजकुमारी ने एकराय होकर हथियार से हमला कर दिया। हमले में राधेश्याम, रामअवतार, छोटू, कजोडी घायल हो गए। राधेश्याम के सिर में चौट आई है। हमलावर मौके से फरार हो गए।

### पैंथर के हमले से चार भेड़ों की मौत

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के अरावली पर्वत श्रंखला पर स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्य प्राणियों को पानी व भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र में नीचे आना पड़ रहा है। पर्वत श्रंखला के पास बसे रवासा गांव के खेतों पर शुक्रवार रात्रि को एक पैंथर ने रवासा निवासी मीठा लाल गुर्जर के खेतों पर बने बाड़े पर बंध रही अपने रिश्तेदार की भेड़ों पर हमला कर दिया इस हमले के दौरान पैंथर ने चार भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया।

### रामलाल सोनी अध्यक्ष बने

**कोटपूतली।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कोटपूतली के चुनाव रविवार को बानसूर रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला में सम्पन्न हुए। चुनाव में रामलाल सोनी को अध्यक्ष, दिलीप सोनी को उपाध्यक्ष, यशवंत सोनी को कोषाध्यक्ष, मनोज सोनी (सरूण्ड) को सचिव निर्वाचित किया गया। इस दौरान बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### हनुमान संगठन मंत्री बने

**निवाई।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश संगठन मंत्री पद पर हनुमान प्रसाद बैरवा को मनोनीत किया गया है। टोंक जिलाध्यक्ष धनसिंह राजावत ने बताया कि संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव जयपुर में विधिवत सम्पन्न हुए। चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने निवाई ब्लॉक के शिक्षक हनुमान प्रसाद बैरवा को प्रदेश का संगठन मंत्री बनाया है। बैरवा के संगठन मंत्री बनने पर शिक्षकों ने स्वागत किया।

### स्वैच्छिक रक्तदान किया

**कोटपूतली।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2244 दिनों से लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान यहां के राजकीय बीडीएम ब्लड बैंक में अमित कुमार यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी बड़ाबास एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता रानी ने वर्तमान में चल रहे डेंगू के प्रकोप से चल रही रक्त की कमी को देखते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं नेकीराम पुत्र रामनिवास स्वामी निवासी ग्राम कानूगोवाली तहसील बानसूर जिला अलवर ने अपनी भतीजी के जन्मोत्सव अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### जगह-जगह हुई आगजनी

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रायकरणपुरा में मुकेश, कृष्ण सिंह, उमेश व इन्द्र हवलदार आदि के खेत में आग लगने से खरीद कर डाली गई करीब 500 मण कडबी जलकर राख हो गई। मौके पर पहुँची नगर पालिका फायर बिग्रेड ने आग पर काबु पाया। इसी प्रकार कस्बे की बालाजी कॉलोनी में भी आग लगने से कडबी जलकर खाक हो गई। वहीं दूसरी ओर निकटवर्ती ग्राम टोरडा रामपुरा में विगत रात्रि एक खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण करीब 300 मण कडब जलकर खाक हो गई।

# मुंडिया के सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग पर ताला लगाया

**क**(निसं)। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर लाखों रुपए की लागत से ग्राम पंचायत मुंडिया में बने सामुदायिक शौचालय महज दिखावटी बनकर रह गए हैं। इनके उपयोग पर आमजन के लिए ताला लगा दिया जाता हैं। इसी बात को सरपंच पति और ग्राम विकास अधिकारी ने भी स्वीकार किया है।

पिछले दिनों जिला कलेक्टर व संभागीय आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों का पंचायत समिति ने दौरा करवाया और खूब वाहवाही लूटी।

- **सरपंचपति व ग्राम विकास अधिकारी ने स्वीकारी गलती, पर सुधार नहीं**



निवाई की ग्राम पंचायत मुंडिया में सार्वजनिक शौचालय के लगा ताला।

लेकिन आज भी यह शौचालय केवल दिखावटी नजर आ रहे हैं। शौचालय पर ताला लटका होने को लेकर ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रशासन सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन केवल आश्वासन ही प्राप्त हुए हैं।

**विशेष आयोजन पर ही खुलते हैं शौचालय :** जब शौचालय के बारे में विकास अधिकारी ने जानकारी दी तो चौंकाने वाला मामला सामने आया उनका कहना है की विशेष आयोजन पर ही शौचालयों का ताला खोला जाता है बाकी दिनों तो बंद कर दिया जाता है और समय-समय पर इनकी सफाई भी करवाई जाती है।

ग्राम पंचायत मुंडिया में सार्वजनिक शौचालय उपयोग को लेकर मुंडिया सरपंच कस्तूरी देवी से संपर्क किया तो उसके पति राधेश्याम बलाई ने बोला कि सरपंची का सारा काम मैं ही करता हूं। आप मेरे से ही बात कर लो जो जानकारी आप चाहोगे सब मिल जाएगी। जब शौचालय को लेकर बात की गई तो उनका कहना है कि नवरात्रा या विशेष आयोजन पर ही शौचालयों का ताले खोले जाते हैं अन्यथा लोग गंदगी फैला देते हैं।

## गांव झिलाय में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**निवाई,** (निसं)। गांव झिलाय में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व डीआर नरेश बंसल, प्रधान राम अवतार लांगड़ी मौजूद थे। बाबूलाल मण्डालिया ने बताया कि सांसद जौनापुरिया ने गांव झिलाय से सींदरा तक प्रधानमंत्री सडक़ योजना के तहत 70 लाख रुपये की सडक़ स्वीकृत होने की जानकारी दी। इसी प्रकार गांव टोरडी से धतूरी तक 60 लाख रुपये की रोड स्वीकृति हो गई है। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने गांव झिलाय के बडे तालाब को मॉडल तालाब बनाने की घोषणा की।

इस अवसर पर डीआर नरेश नायक, शंकर पडियार सहित सरपंच, उपसरपंच व वार्ड पंचों ने अतिथियों को साफा बंधवाकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

## राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ की बैठक

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ तहसील इकाई श्रीमाधोपुर एक जनरल मीटिंग रविवार को मीणा धर्मशाला श्रीमाधोपुर में आयोजित की गई ।

संघ के अध्यक्ष सांवरमल मीणा थोई से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीटिंग में दहेज प्रथा, मृत्यु भोज बंद करने पर विचार विमर्श किया गया तथा मीटिंग में प्रतिभाशाली बालकों को 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सांवरमल मीणा अध्यक्ष ने एक एक स्कूटी देने की घोषणा की तथा पूरणमल मीणा अजमेरी द्वारा समाज के गरीब बालकों को निशुल्क पढ़ाई तथा हॉस्टल सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई।

बैठक में मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया वहीं पार्षद जगदीश प्रसाद मीणा श्रीमाधोपुर ने मीणा द्वारा धर्मशाला का पट्टा जारी करवा देने की घोषणा की गई। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पी डी मीणा ने 10 वीं व 12 वीं में 95 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होने पर 11-11 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की गई। बैठक में सांवरमल मीणा अध्यक्ष थोई, ज्ञान चंद मीणा त्रिलोकपुरा संगठन मंत्री, बी एल मीणा श्रीमाधोपुर ,पी डी मीणा श्रीमाधोपुर, जगदीश प्रसाद मीणा पार्षद ,पूरणमल मीणा अजमेरी, अशोक कुमार श्रीमाधोपुर ,मुन्ना लाल पबड़ी कंचनपुर, सुनील कुमार मीणा त्रिलोकपुरा ,गणेश राम मीणा महासचिव, रतन लाल मीणा दुल्हेपुरा, चौथमल मीणा मऊ व अन्य लोग उपस्थित थे।

## लाइसेंस धारी शराब ठेका मालिकों ने गांव-गांव में अवैध दुकानें खोली

**फागी,** (निसं)। आबकारी विभाग की अनदेखी और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण फागी कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र में लाइसेंस धारी शराब ठेका मालिकों ने गांव-गांव में शराब की अवैध दुकानें खोलकर कई गरीब परिवारों को उजाड़ने का कारोबार शुरू कर दिया है।

इन अवैध शाखाओं से जहां ठेका मालिक और आबकारी विभाग के अधिकारी चांदी कूट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गांव के कई परिवारों की जिंदगी उजड़ रही है। वर्तमान में क्षेत्र के हालात यह है कि कई गांवों में घरों तक अवैध शराब धड़ल्ले से पहुंचा कर बेची जा रही है। इन शराब माफियाओं ने अपना ज्यादा फोकस गांवों में कर रखा है, ग्रामीण क्षेत्र में लोग मजदूरी पर जाते

- **गांवों के कई परिवारों की उजड़ रही जिंदगी**

समय व आते समय गांव के अवैध शराब ठेकों पर मुंह मांगी रकम देकर शराब के आदि हो रहे हैं। फागी क्षेत्र के कई परिवारों के लोगों ने बताया कि यह शराब के ठेके गांव से हट जाएं तो हमारे परिवार की माली हालात सुधर जाए।

फागी क्षेत्र के एक 13 वर्षीय बालक सोनू ने यह कहते हुए अपनी आंखें भर ली कि अगर घर का मुखिया ही 24 घंटे शराब के नशे में धुत रहेगा तो उस परिवार का पालन पोषण कैसे हो पाएगा, यही हालात यहां कई गांवों में कई घरों में पिता के शराबी हो जाने पर बच्चों को अधूरी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। गावों के कई लोगों ने बताया कि इससे पहले शराब के लिए 10-12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब तो यह शराब घरों में ही मुहैया हो रही है, और शराब माफियाओं को मना करने व विरोध करने पर मारपीट के लिए उतारू हो जाते हैं। इन शराब माफियाओं द्वारा क्षेत्र में कई गांव में कई अवैध शराब ठेके खोल लिए गए हैं। कई लोग अपने घरों से अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। इन सब की जानकारी स्थानीय आबकारी निरीक्षक को है, लेकिन कार्रवाई करने से कतराते नजर आते हैं। इस संबंध में संपर्क करने की कोशिश करते हैं तो कोई जवाब नहीं देते हैं इससे साफ जाहिर हो रहा है कि क्षेत्र में शराब माफिया बड़े स्तर पर पैर पसार चुका है।

## मतभेद भुलाकर कार्यकर्ता आमजन की सेवा करें : चौधरी

**सांभरझील।** पूर्व सांसद स्व. डॉक्टर हरिसिंह के पुत्र एवं फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे विद्याधर सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है, इसलिये सभी को मिलजुलकर पार्टी को मजबूत करने के लिये यह बेहद जरूरी है कि सभी खुले दिल से आमजन की सेवा करें, उनका यथा संभव सहयोग कर लोगों में अपनी और अधिक विश्वसनीयता बनायें।

सांभर में कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि आज से सभी कार्यकर्ता यदि किसी के प्रति कोई मतभेद या मनभेद है तो उसे दूर कर पार्टी हित में काम करें, क्योंकि कांग्रेस सभी कौमो को साथ लेकर चलने वाली देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आमजनता को मिले इसके लिये भी पूरा प्रयास किया जाये। नगरपालिका के बाद पंचायत समिति में कांग्रेस का परचम लहराने पर उन्होंने क्षेत्र की जनता का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया तथा कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सांभर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल सकरवाल ने कहा कि क्षेत्र

- **पूर्व सांसद स्व. हरिसिंह के पुत्र ने कार्यकर्ताओं को एकता का पाठ पढ़ाया**

के विकास के लिये यह जरूरी है कि हम सभी मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से इन्हें प्रतिनिधित्व का मौका मिले, इसके लिये हमें अभी से कमर कसनी होगी। बार एसोसिशन के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीमुलहक ने कहा कि पूर्व सांसद डॉक्टर हरिसिंह की स्मृति में अपने निजी खर्चे से सांभर बार एसोसिएशन के लिये विशााल भवन बनाये जाने की घोषणा कर जो उदारता का परिचय दिया है उसके लिये हमारी ओर से ये साधुवाद के पात्र भी है।

इस मौके पर सांभर वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी, जयपुर हाईकोर्ट के वकील अशोक मिश्रा, प्रधान सहदेव गुर्जर, कैलाश सकरवाल, सीपी व्यास, बाबूखां अगवान, राकेश कश्यप, अरविन्द कुमार, अरूण व्यास सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर पश्चिम रेलवे से मुलाकात की

**फुलेरा।** फुलेरा जंक्शन पर रविवार को प्रात: 10:19 बजे जयपुर से बुम्बई जाते समय स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों ने प्रमुख मुख्य विद्युत इंजिनियर पश्चिम रेलवे जी एस भावरिया का साफा व मालाए पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सतीश ज्यानी, चन्दन चौधरी,जीतेश रोज़, रामस्वरूप चौधरी, गजानंद, रामवतार, शंकर, कुलदीप, उपेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी

**कोटपूतली।** भैया दूज के पर्व पर बस में पावटा से कोटपूतली वापस आ रही दो विवाहिताओं के मंगलसूत्र अज्ञात चोर पार कर ले गये। कस्बे की ढ़ाणी उपली कोठी निवासी रामनिवास ने दर्ज करवाया कि उसकी पुत्रवधु सुनीता पत्नी सुरेन्द्र व अनिता पत्नी रवि भैया दूज पर पावटा से कोटपूतली आई थी। कोटपूतली स्टैण्ड पर उतरते समय बस में से अज्ञात चोरों ने उन दोनों के मंगलसूत्र पार कर दिये।

## कायस्थ बंधुओं ने चित्रगुप्त मंदिर में कलम की पूजा की

**सांभरझील।** सांभर-नावां रोड स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जयपुर के अध्यक्ष अरूण सक्सेना के सानिध्य में कायस्थ बंधुओं ने कलम की पूजा की तथा चित्रगुप्त भगवान की कथा का वाचन कर गुड़-चने का प्रतिमा को भोग लगाया गया। इस मौके पर जयपुर से आये पदाधिकारियों की ओर से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये शैलेश माथुर व राजीव श्रीवास्तव को शॉल औढ़ाकर श्रीफल व स्मृति चिंह भेंट किया गया। इस मौके पर समाज के सचिव महेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष युगराज माथुर, कल्पना माथुर, कोषाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद माथुर, राजनारायण माथुर, युवा अधिवक्ता बिंदेश्वर राय माथुर, संजीव श्रीवास्तव, यशवर्धन राय माथुर, अरूण जौहरी सहित मौजूद समाज के अन्य सदस्यों को कायस्थ एकता की प्रतीक के लिये उनका भी अभिनन्दन किया गया।

## अन्नकूट महोत्सव में लोगों ने प्रसादी पाई

**राजगढ़ अलवर।** राजगढ़ कस्बे के बस स्टैंड टंकी के समीप रविवार को मानसरोवर कॉलोनी के बाशिंदों की ओर से विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। रविवार के अवकाश के दिन भारी संख्या में महिला पुरुष एवं अन्य श्रद्धालुओं ने कढ़ी बाजरे एवं अन्य सामग्री का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इससे पूर्व विगत रात्रि को प्रसादी बनाने का कार्य कॉलोनी के समाजसेवी लोगों की ओर से सतत निगरानी में हुआ। विशाल अंकूट महोत्सव में प्रसादी लेने वालों की दोपहर बाद तक लाइनें नहीं टूटी। इस अवसर पर रामचरण सुनारी, लाल जी मीणा, विशंभर दयाल, बी एल मीणा, पार्षद गोविंद गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी गणमान्य महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# सामाजिक सरोकार के साथ गरीब की सेवा भी करनी चाहिए : प्रहलाद

**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुरा में दीपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी प्रहलाद मीणा आभानेरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है व्यक्ति को समय रहते सामाजिक सरोकार की भूमिका में भी रहना चाहिए।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी फैली राम मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क सेवा के अधिकारी रामजी लाल मीणा, चिकित्सा सेवा के अधिकारी डॉक्टर रामअवतार मीणा, पंचायत समिति नांगल राजावतान के प्रधान दिनेश बारवाल, नबरदाराम मीणा, प्रधानाचार्य कृष्णा मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठन के युवा साथी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि स्थानीय भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रह्लाद मीणा आभानेरी ने कहा कि गरीब की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस ग्रुप के सभी सदस्य गरीब



ग्राम पंचायत गोपालपुरा में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करते समारोह के अतिथि।

की सेवा के लिए आगे बढ़ कर कार्य करें। आवश्यकता पडने पर अवगत कराएं जो हमसे बन पाएगा वह सहयोग भी करेंगे और लोगों से भी कराएंगे।

इस अवसर पर फैली राम मीणा ने कहा कि गरीब की सेवा के लिए एक संगठन का होना जरूरी है। सभी व्यक्ति एक साथ मिलकर मन से कार्य करें तो किसी भी व्यक्ति को सहयोग किया जा सकता है।

इस अवसर पर सहायक निदेशक रामजी लाल मीणा ने कहा कि गरीब की सहायता के साथ-साथ उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराएं।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर संस्था प्रधान कृष्णा मीणा, ग्राम पंचायत गोपालपुरा के सरपंच प्रतिनिधि प्रह्लाद मीणा, पंचायत समिति सदस्य ,संस्था के सदस्य सचिव नानक राम मीणा, पी डी मीणा डूंगरपुर सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।

## प्रधान ने कार्यभार ग्रहण किया

**पिनान।** रैणी प्रधान मीरा मांगीलाल मीणा ने कार्यभार ग्रहण समारोह पूर्वक किया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक जोहरी लाल मीणा व विशिष्ट अतिथि उप प्रधान सतीश कुमार मीणा थे। नवनिर्वाचित प्रधान मीरा मांगीलाल ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों के समक्ष कहा कि आप सभी के सहयोग से मैं विकास के नए आयाम स्थापित करूंगी। मेरा उद्देश्य दलगत राजनीति से परे हटकर विकास कार्य करवाना रहेगा। विधायक जोहरी लाल मीणा ने कहा कि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र की रैणी राजगढ़ व लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस के प्रधान बनने से विकास कार्य को गति मिलेगी। इससे पूर्व नवनिर्वाचित प्रधान एवं विधायक ने समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विधायक ,विकास अधिकारी कालूराम मीणा ने विधि विधान से प्रधान को कार्य ग्रहण करवाया। समारोह में उपस्थित नवनिर्वाचित प्रधानउप प्रधान जिला पार्षद एवं 17 पंचायत समिति सदस्यों का सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिप्रसाद मीणा शिक्षक संघ एवं पंचायत समिति स्टाफ ने शाल भेट व साफा बंधवा कर स्वागत किया।

## सार-समाचार

### माली समाज का सम्मान समारोह



**बस्सी।** कस्बे के एनटीपीसी रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को माली समाज विकास संस्थान बस्सी द्वारा आमसभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना, अतिविशिष्ट अतिथि हीरा लाल सैनी जिला प्रमुख दौसा, सुरेश सांखला सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी, विशिष्ट अतिथि इंद्रा देवी शर्मा प्रधान बस्सी रहे। समारोह की अध्यक्षता लल्लूलाल सैनी घाटी वाले द्वारा की गई। इस दौरान हाल ही में पंचायत चुनाव में विजयी सामाजिक प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुरेश सांखला ने समाज बंधुओं से कहा कि शिक्षा ही सभी समस्याओं का हल है। साथ हाल ही में सरकारी सेवाओं में चयनित हुए समाज के युवाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर करीब 150 से अधिक समाज की प्रतिभाओ का सम्मान किया गया।

### प्रधान भौरी देवी का कई जगह स्वागत

**राजगढ़ अलवर,** (निसं)। पंचायत समिति की नवनिर्वाचित प्रधान भौरी देवी का रविवार को श्रीनगर बांदेन में समाजसेवी एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह जैसावत एवं अन्य की ओर से सभी नागरिक अभिनंदन किया गया। राजपूती परंपरा के साथ रंग बिरंगी परिधानों में सजी धजी महिलाओं ने प्रधान का भावपूर्ण अभिनंदन किया। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ धर्मेंद्र सिंह जैसावत, महेंद्र सिंह जैसावत एवं अन्य गणमान्य जनों ने उत्साह एवं उल्लास के साथ नवनिर्वाचित प्रधान का स्वागत किया। इधर समाजसेवी एवं राजपूत सभा के तहसील उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिरावली ने सभी को साथ लेकर



संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य करवाने का संकल्प व्यक्त किया। इससे पूर्व कांग्रेस के मुंशी गुप्ता, अशोक चाणक्य, राधेश्याम एवं नवनिर्वाचित प्रधानभौरी देवी व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं अन्य तरीके से स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान ने विजय के लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मूनपुर, टहला बाईपास, एवं अनेक स्थानों पर ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

### युवक ने स्कूल के कमरों में आग लगाई



**पिनान,** (निसं)। समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यायल में आपा खोए युवक ने विद्यालयों के कमरों में आग लगाकर स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज जलाकर राख कर दिये। स्कूल प्रधानाचार्य पुष्पा यादव व पुस्तकालय प्रभारी गिर्राज प्रसाद मीना ने पुलिस में मामला दर्ज कर बताया है कि स्कूल परिसर में एक युवक द्वारा तोड-फोड की सूचना मिली जिस पर ग्रामीणों सहित स्टाफ के लोग मौके पर पहुंचे जहां प्रधानाचार्य व पुस्तकालय रूम आदि कमरों के ताले टूटे मिले तथा दस्तावेजों में आग लगा रखी थी। लोगों ने आग को बुझाकर पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुहावना किया। आग से महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित पोर्टफोलियो फाईल, पिलाईबोर्ड, कम्प्यूटर, सी0सी0टी0वी0 कमैरा आदि जला दिये।

### शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रहित



**श्रीमाधोपुर।** गांव नाथूसर स्थित राजकीय प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रयास सेवा संस्थान व गीतांजलि अस्पताल अजीतगढ़ के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर के अतिथि डॉक्टर माधव सिंह, डाक्टर मंगल यादव, डॉक्टर बजरंग लाल सोनी ने रक्तदान के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। आयोजक कुलवेंद्र सिंह व विक्रम सिंह ने बताया कि शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान किया। जिन्हें अतिथियों व आयोजकों के द्वारा प्रमाण पत्र, टीशर्ट व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, रतन लाल सोनी, जयराम गंगवाल, नाथूसिंह, कानसिंह, दशरथ सिंह, मुरलीधर जितरवाल, अमर सिंह जितरवाल, अंकित सामोता, दीपेंद्र सिंह, डॉ देवेन्द्र सिंह, दुष्यंत सिंह, रघुवीर सिंह, नवदीप सिंह, दिनेश कुमावत सहित अतिथियों ने रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया। शिविर में दंपति मंजू कंवर व शोभाग सिंह ने भी रक्तदान किया ।

### 7100 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के निकट स्थित ग्राम काचरोदा के अखाड़ा बालाजी मन्दिर परिसर में स्थानीय वासियों के द्वारा एक साथ 7100 दीपक जलाकर दीपोत्सव का त्यौहार मनाया गया। समाज सेवी पवन नराणिया ने बताया कि पांच दिवसीय दीपोत्सव त्यौहार के उपलक्ष में प्रत्येक परिवार ने दीपक व तेल एकीकृत कर एक साथ 7100 दीपक जलाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी महेश नेमीवाल, एमपीएस नेमी चन्द कुमावत, नवल किशोर शर्मा, जुगल कुमावत, सुरेश मीणा, सूर्यप्रकाश कुमावत, रामवतार नागा, हीरा लाल कुमावत, पवन कुमावत, गुलाब कुमावत, हिमांशु सारडीवाल, पुरषोत्तम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शुलभ शौचालय बनवाने की मांग

**नारायणपुर,** (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानदार व ग्रामीणों ने शुलभ शौचालय बनवाने की मांग की है । ग्रामीणों ने बताया कि बाजार में दूर-दराज से आने वाले लोगों को शौच के लिए पुरुषोत्तम मार्केट से मुख्य बस स्टैण्ड के बीच में कही पर भी शुलभ शौचालय नहीं होने पर दुकानदार, महिला व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है । जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्य बाजार में ग्राम पंचायत से शुलभ शौचालय बनवाने की मांग की है । इधर सरपंच मन्त्री देवी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए बस स्टैण्ड और पुरुषोत्तम मार्केट में सुविधाओं से युक्त शुलभ शौचालय बनाना प्रस्तावित है । जल्द निर्माण कार्य शुरू कर शुलभ शोचालय बनाया जायेगा ।

## संक्षिप्त

### कमेटी की बैठक स्थगित

**टोंक** (नि.स.)। टोंक जिले की तहसील उनियारा के गलवा बांध की जल वितरण समिति की 8 नवम्बर को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। यह जानकारी जल संसाधन वृत अजमेर की अधीक्षण अभियंता ने दी है।

### रवि जैन ने अध्यक्ष की शपथ

**मालपुरा,** (निसं)। रविवार को आदिनाथ धर्मशाला में रोटरी क्लब मालपुरा सीटी का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सहायक प्रान्तपाल विरेन्द्र शर्मा व पूर्व सहायक प्रान्तपाल राजेन्द्र तिवाडी के आतिथ्य में एडवोकेट रवि कुमार जैन ने नवीन क्लब अध्यक्ष की शपथ ली।

### फोगिंग से मच्छरों का प्रकोप हुआ कम

**निवाई।** अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि शहर में 20 दिन से फोगिंग करवाई जा रही है। जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हुआ है।

# प्रतिमाह 20 लाख रुपये का भुगतान फिर भी मालपुरा शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा नगर पालिका शहरी क्षेत्र के 35 वार्डों में सफाई व्यवस्था के नाम पर नगरपालिका के सरकारी कोष से प्रतिमाह अनुमानित 20 लाख रुपये से अधिक का भुगतान होने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था पूर्णरूप से चरमरा रही है।

जिसका प्रमाण शहर के मुख्य बाजारों में गंदगी से अटे पड़े सड़क के दोनों और बने नाले व नालीयां बयां कर रहे हैं। दीपावली पर्व से पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नालों की सफाई व मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करने सहित नालियों की सफाई व कीटनाशक पावडर का छिडकाव करने की तैयारियों के लिए राज्य सरकार द्वारा निकाय प्रशासन को निर्देशित किये जाने के बावजूद मालपुरा शहर में ना तो नालों की सफाई की गई और ना ही मच्छररोधी दवा व पावड़र का छिड़काव किया गया।

अपवाद स्वरूप कुछ जागरूक पार्षदों द्वारा अपने वार्ड की नालियों में पावडर डलवा कर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरी गई है। रविवार को शहर के वार्ड नम्बर 35 में व्यास सर्किल व बस स्टैण्ड के बाहर महावीर मार्ग, सुभाष बाजार, ट्रक स्टेण्ड, जयपुर रोड के व्यापारियों ने गंदगी से भरे नालों व शौचालयों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर शहर की सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत बयां की।



गंदगी से भरे मालपुरा शहर के नाले।

मीडिया कर्मियों द्वारा अन्य वार्डों की भी जानकारी चाही गई तो सामने आया कि मालपुरा शहर को तीन जौन में बांट टोंक की एक निजी संस्था को सफाई का ठेका जारी कर प्रतिमाह अनुमानित 7 लाख रूपये का भुगतान किया जा रहा है तो पहल संस्थान मालपुरा को शहर के नालों की सफाई व घर-घर कचरा संग्रह के लिए लगे ऑटो कीपर व जेसीबी सहित ट्रेक्टर इत्यादि के नाम पर लाखों रूपयों का भुगतान किये जाने की जानकारी मिली है तो पालिका में तकरीबन 30 से अधिक स्थाई सफाईकर्मचारी कार्यरत है।

ऐसे में शहर में सफाई व्यवस्था के नाम पर सरकारी व निजी एजेन्सी के 100 से अधिक कर्मचारी तथा दो दर्जन वाहन लगे होने के बावजूद शहर की नाली व नालों की सफाई नहीं होने से शहर में मच्छरों के बढते प्रकोप से मलेरिया व डेंगू के रोगीयों की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। जानकारी में सामने आया कि तकरीबन दो दर्जन सफाईकर्मचारी जो कि अधिकारियों के बंगले व कार्यालय सहित प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों की जीहुजुरी व नगरपालिका कार्यालय में अधिकारियों की सेवा चाकरी में लगे हुए हैं तो कैशियर जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी सफाईकर्मचारी कार्य कर रहा है।

- मुख्य बाजारों में गंदगी से अटे पड़े सड़क के दोनों ओर बने नाले व नालियां
- जिससे मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मलेरिया व डेंगू के रोगियों की संख्या में रोजाना वृद्धि हो रही है

## सार-समाचार

### वोर्रियर कैंपस का उद्घाटन



**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाडाकाबास के राजमार्ग पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास वोर्रियर कैंपस का उद्घाटन बहरोड विधायक बलजीत यादव के मुख्य आतिथ्य में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता व त्रिभुवन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया । उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान 1600 मीटर दौड प्रतियोगिता, 400 मीटर दौड प्रतियोगिता, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । सभी प्रतियोगियों ने बहुत उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे आसपास क्षेत्र के सभी सरपंच, डेलीगेट व आसपास के समानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद रहे। वही जानकारी देते हुए डायरेक्टर राकेश यादव ने बताया कि वार्रियर केंपस एक एजुकेशन हब है जिसमें बच्चों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था व कोचिंग मौजूद है। साथ ही बच्चों को फिजिकल की तैयारी कराई जाएगी।

### राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आज से

**पावटा।** कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में 8 से 13 नवंबर तक छह दिवसीय राज्य स्तरीय 17 वर्षीय छात्रा हॉकी क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य व विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता एवं संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जयपुर संभाग घनश्याम दत्त जाट, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुभाषचंद्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय रविंद्र कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपुतली जगदीश आर्य, पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली रामकुमार कस्वा, मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा मुरलीधर यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा। वहीं रविवार रात से ही राजस्थान से खिलाड़ियों की टीमों का पावटा उपखंड में आना शुरू हो गया है। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा मुरलीधर यादव द्वारा किसी भी छात्रा को एवं आने वाले अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए इसके लिए विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन कर संयोजक सह संयोजक एवं सदस्य व समितियां बनाकर अपनी जिमेदारी का निर्वहन करते हुए आवास समिति,-सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति,-लाइट एवं जलपान समिति,-माइक साउंड समिति,-वित्त समिति कंट्रोल रूम,-पुरस्कार वितरण समिति,-रजिस्ट्रेशन समिति,-कार्यालय समिति आदि कार्य सौपे गए है।

### एपीसीआर टोंक यूनिट के चुनाव 13 को

**टोंक,** (निसं)। सरदार नगर टोंक में आयोजित बैठक में मानव अधिकारों की सुरक्षा एवं पीड़ितों को निःशुल्क न्याय दिलाने के लिए विचार विमर्श किया गया। टोंक यूनिट के सचिव एडवोकेट कमरूजमा तंवर ने बताया कि कोरोना काल के चलते पिछले डेढ वर्ष से ंचबत की बैठक नहीं हो पा रही थी। इस अवसर पर एपीसीआर के प्रान्तीय अध्यक्ष एडवोकेट सय्यद सादत्त खान ने कहा कि वर्तमान कार्यकरणी को नियमानुसार 2 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। नए चुनाव कराए जाना आवश्यक है । 13 नवंबर को टोंक जिला कार्यकरणी के चुनाव घोषित किए जाएंगे। प्रांतीय सचिव समाजसेवी मुजम्मिल इस्लाम रिजवी ने चुनाव प्रक्रिया पर रोशनी डालते हुए कहा कि राजनैतिक ओर फौजदारी मुकदमों में सम्मिलित व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित नही हो सकेगा। इस अवसर पर एडवोकेट फेजनुल हक प्रांतीय उप सचिव, एडवोकेट मुबीन खान, खालिद भय्या, एडवोकेट मोहम्मद तारीक खान, नजमुल हसन, एडवोकेट रईस अहमद, जाकिर सना, इम्दादुल्लाह, मोइनुल्लाह, आरिफ मोहम्मद, शेख मोहम्मद अब्दुल्ला, अबुल्लाह मुजाहिद, डॉक्टर कमाल हुसैन, फेजनल हक मौजूद रहे।

### अन्नकूट महोत्सव में प्रसादी पायी

**बोराज,** (निसं)। कस्बे में वीर तेजाजी गौशाला में रविवार को सन्त बाल व्यास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट प्रसादी तथा भजनों को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जयपुर झोटवाडा व आसपास क्षेत्र के गौ भक्तों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की तथा गौशाला में गौ माता की सेवा की। गौशाला सरंक्षक पुर्व सरपंच प्रेमचन्द टेलर ने बताया कि कार्यक्रम में भजन कलाकार मनोज शर्मा सहित गौसेवा समिति झोटवाडा के प्रतिनिधि कैलाश शर्मा, रामसिंह, कमल शर्मा सहित अनेक भक्तों का योगदान रहा। इस भव्य आयोजन में सन्त बालव्यास महाराज का गौ भक्तो को अर्सिवचन प्राप्त हुआ। गौशाला सचिव बन्नाराम व समिति सदस्यों ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन में सहयोग प्रदान किया ।

### नीट परीक्षा में नाम रोशन किया

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पाथरेडी निवासी अंकित यादव पुत्र महेंद्र व कुनेड निवासी नितिन यादव पुत्र ओमप्रकाश ने नीट परीक्षा 2021 मे श्रेष्ठ रैंक लाकर सफलता प्राप्त की है । छात्र अंकित ने 720 में से 668 व नितिन ने 631 अंको के साथ क्रमशः 1752 व 8001 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर अपने गाँव, परिवार व क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता -पिता व डॉ. जयराम यादव को दिया है जो रिश्ते में इनके मामा लगते है ।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान में राजस्व विभाग के प्रकरणों के निस्तारण में टोंक जिले की सराहना

**टोंक,** (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की प्रो एक्टिव मॉनिटरिंग के कारण टोंक जिला राजस्व विभाग के 6 बिंदुओं में प्रतिदिन औसत प्रकरण निस्तारण में राज्य औसत से सबसे बेहतर स्थिति में है। इन प्रकरणों के निस्तारण में टोंक राज्य के टॉप 5 जिलों में शामिल है। राज्य स्तर पर अभियान की गई समीक्षा में राजस्व विभाग के प्रकरणों के निस्तारण में जिला कलेक्टर एवं राजस्व टीम की सराहना की गई।

जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने निरन्तर ग्राम पंचायतों में स्वयं शिविर दिवस में जाकर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उनके इन्हीं प्रयासों के कारण जिले में 30 अक्टूबर तक आयोजित 104 शिविरों में राजस्व विभाग ने प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की है।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत 104 कैंप में आपसी सहमति से खाता विभाजन के कुल 1,217 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। जिसका जिले में प्रतिदिन औसत 12 है। रास्ते प्रकरण के कुल 708 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है इसमें प्रतिदिन औसत 7 प्रकरण निस्तारण का है।गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरण में जिले में 157 प्रकरणों का निस्तारण किया है। जिले का प्रतिदिन औसत 2 प्रकरण निस्तारण है।आपसी सहमति से खाता विभाजन ,रास्ते प्रकरण, गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों के निस्तारण में जिला पांचवे स्थान पर है। आयोजित शिविरों में 14,991 प्रकरण निस्तारित किए गए हैं जिले में 144 प्रकरण प्रतिदिन औसत निस्तारित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन के 344 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। 3 प्रकरण प्रतिदिन औसत निस्तारित किए गए। इसी तरह सीमाज्ञान, पत्थर गढी के 1,444 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। 14 प्रकरण प्रतिदिन औसत निस्तारित किए गए। नामांतरण सार्वजनिक,राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन एवं सीमा ज्ञान पत्थरगढी प्रकरणों के निस्तारण में जिला तीसरे पायदान पर है।

# 'सृजकश्री अच्छे कार्यों का सम्मान है'

## अलवर में सृजकश्री सम्मान समारोह सम्पन्न

**अलवर।** समाज में मौन रह कर अच्छा काम करने वालों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना उत्साहवर्धक और प्रेरक कार्य है। इस रूप में सृजकश्री सम्मान अच्छे कार्यों का सम्मान है। किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित कर समाज उन लोगों को प्रेरित करता है जो काम करना चाहते हैं। मनुष्यता के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपने परिवेश के प्रति संवेदनशील होकर सतत रूप से अच्छे कामों को करते रहें।

हमें अपनी मौलिक चेतनाओं के ह्रास को रोकने के लिए पढने की संस्कृति को पुनः स्थापित करना होगा। उक्त विचार वरिष्ठ बाल साहित्यकार एवं लिटिल बर्ड पब्लिकेशन दिल्ली की निदेशक कुसुम लता सिंह ने सृजकश्री सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रखे।


समारोह में पांच लोगों को सृजकश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

रविवार को अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक सामाजिक संस्था सृजक की ओर से मेंहदी बाग स्थित तोलानी हाऊस के एच एम टी सभागार में विख्यात बाल साहित्यकार एवं लिटिल बर्ड पब्लिकेशन की निदेशक कुसुम लता सिंह को राष्ट्रीय स्तर का सुरेश पंडित स्मृति सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा पांच लोगों को सृजकश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। अलवर में साहित्यिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार कवि रघुवर दयाल जैन को, सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए स्व0 रामावतार पंडित को, सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये निर्वाण वन फाउंडेशन के निदेशक ख्यातिलब्ध समाजसेवी निर्वाण बोधिसत्व को, विशिष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए ख्यात शिक्षाविद प्राचार्य मेहताब चौधरी को तथा खेलों को समर्पित खेल प्रशिक्षक पन्ना लाल सैनी को खेल क्षेत्र का सृजकश्री सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती प्रतिमा एवं स्मृतिशेष सुरेश पंडित जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सृजक संस्थान के उपाध्यक्ष खेमेन्द्र सिंह चन्द्रावत ने स्वागत भाषण एवं सृजक संस्थान के कार्यों का परिचय दिया।

- बाल साहित्यकार एवं लिटिल बर्ड पब्लिकेशन की निदेशक कुसुम लता सिंह को राष्ट्रीय स्तर का सुरेश पंडित स्मृति सम्मान से नवाजा गया

सृजक संस्थान द्वारा आयोजित सृजकश्री सम्मान समारोह की अध्यक्षता सृजक संस्थान की अध्यक्ष डॉ अंजना अनिल ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में में मंच पर भामाशाह समाजसेवी इन्द्र कुमार तोलानी एवं भागीरथ मीणा ने सभी सम्मानित व्यक्तित्वों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ कवयित्री राज गुप्ता, दुर्गा प्रसाद शर्मा दुर्गेश मुकेश मीणा, ललित धानावत, वरिष्ठ कवि गोकुल राम शर्मा शिदवाकर एवं डॉ देशराज मीणा और उनके सहयोगी कलाकारों का रहा।

# विकास कार्यों में मील के पत्थर की कहावत को कायम करें : इंद्राज गुर्जर

**पावटा।** क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने रविवार को भूरीभडाज स्थित आवास पर जनसुनवाई की। आमजन ने अपनी समस्याएं विधायक गुर्जर के समक्ष रखीं, इस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने सबन्धित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि जनसुनवाई में पानी, बिजली और सडक से जुडे प्रकरणों के निस्तारण के लिए आमजन ने परिवाद प्रस्तुत किए। जिनके निस्तारण के निर्देश विधायक इंद्राज गुर्जर ने दूरभाष पर सबन्धित अधिकारियों को दिए। वही विकास कार्यों को एक नई गति देने के लिए ग्रामवासियो द्वारा विधायक इंद्राज गुर्जर का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत एवं समान किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कमी नही आने दूंगा बशर्ते आमजन विकास कार्यो में सकारात्मक सोच रखतें हुए विकास कार्य में सहयोग प्रदान करे। जिससे विकास कार्यों में मील के पत्थर की कहावत को कायम कर सके। जनसुनवाई के दौरान सुरजपुरा ग्राम के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग से जुडे रैगर, बलाई, खटीक, धानका, मीणा एवं धोबी समाज के करीब पाँच दर्जन लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर लोहे की टिनशेड व शवदाह स्थल प्लेटफार्म निर्माण के लिए 18 लाख रुपये की स्विकृति की माग की।

जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने सुरजपुरा ग्रामवासियों की परेशानियों को देखते हुए जल्द विधायक कोटे से मोक्षधाम हेतु टिनशेड व प्लेटफार्म निर्माण के लिए 18 लाख रुपये की राशि स्वीकृती करने की सहमति जाहिर की है।

# स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईं

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ श्रीमाधोपुर के द्वारा भारत स्काउट गाइड के 71 वें स्थापना दिवस पर रविवार को अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। संघ के सचिव अशोक तिवाडी मऊ ने बताया कि स्थापना दिवस पर रंगोली व डेंगू से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्काउट गाइड ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उमावि श्रीमाधोपुर की गाइड नैन्सी कुमावत अव्वल रही। स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित स्काउट गाइड सचिवालय में स्काउट्स द्वारा श्रमदान किया गया तथा लोगों को डेंगू से बचने एवं समय पर उपचार लेने हेतु जागरूक किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला प्रभारी कमिश्नर स्काउट मालीराम रेगर ने बताया कि स्काउट संघ का अभिनवन शिविर एवं वार्षिक अधिवेशन 9 एवं 10 नवंबर को शहीद सुरेश कुमार नटवाड़िया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिमारला ग्राम पंचायत कोटडी में आयोजित होगा।

# आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज का पिच्छी परिवर्तन समारोह आयोजित

**टोंक,** (निसं)। श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्रपुरी मेहंदवास में रविवार को ससंघ वर्षायोग कर रहे आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज का भव्य पिच्छी परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने भी भाग लेकर आचार्य इंद्र जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में प्रतिष्ठाचार्य मनोज बागरोही मध्यप्रदेश के द्वारा विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न करवाई गई।

समारोह में आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज को नवीन पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य कजोडमल, कमलेश कुमार, बेणीप्रसाद, पवन कुमार कलई वाले परिवार टोंक को, मुनि क्षमानंदी महाराज को पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य सोहनलाल, संपत कुमार, शंभू कुमार सतीश कुमार लावा को आर्यिका कनक श्री माताजी को पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य प्रवीण चन्द, इन्द्रमल, राजेंद्र कुमार मेहरूवाले टोंक व क्षुल्लक विनम्र नन्दी को पिच्छीका भेंट करने का सौभाग्य चौथमल, लालचन्द, बेणीप्रसाद निवाई को मिला। समारोह के बाद तीन साल बाद मानस्तम्भ का कलशाभिषेक किया गया। समारोह में चन्द्रप्रभु मंदिर समिति कमेटी के अध्यक्ष कमलेश कलई टोंक, मंत्री वीरेन्द्र संघी टोंक, सह मंत्री ज्ञानचंद जैन टोंक, कोषाध्यक्ष राजेश जैन मेहन्दवास, सह कोषाध्यक्ष नीरज जैन देवली, सीए श्यामलाल जैन, महावीर सूराशाही मालपुरा, नेमीचंद निवाई, शिखर चंद देवली, प्रकाश चन्द सोनी टोंक सहित बडी संख्या में लावा, डिग्गी, मालपुरा, टोंक, निवाई, देवली, उनियारा, बनेठा के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तीन वर्ष बाद मंदिर में आयोजित मान स्तंभ के मस्तकाभिषेक में पूर्व दिशा में अभिषेक करने का सौभाग्य अशोक कुमार शिखर चंद जी निवाई, दक्षिण दिशा में दिनेश कुमार मुकेश कुमार पश्चिम दिशा में प्रकाश चंद प्रमोद कुमार उत्तर दिशा में नरेंद्र कुमार अनिल कुमार वैभव कुमार को, शांति धारा पूर्व दिशा राजकुमार बसंत कुमार दक्षिण दिशा में महावीर प्रसाद नीरज कुमार धीरज कुमार धूंधरी वाले पश्चिम दिशा में चांदमल, विरेंद्र कुमार विकास कुमार, जम्मू कुमार, उत्तर दिशा में नेमीचंद संजय कुमार अंकित कुमार सिरस वाले को मिला। पंचामृत अभिषेक में बाबूलाल संजय कुमार, सोहनलाल संपत कुमार, महावीर प्रसाद निहालचंद, त्रिलोकचंद ललित कुमार बनेठा, महावीर प्रसाद नेमीचंद मनोज कुमार दिनेश कुमार, महावीर प्रसाद पवन कुमार मालपुरा प्रसाद सुरेश कुमार राजेश कुमार विश्वास विनोद कुमार आशीष कुमार मेहंदवास ने भाग लिया।


आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज का भव्य पिच्छी परिवर्तन समारोह कार्यक्रम।

- जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने लिया भाग

# बढ़ती चोरीयों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ती चोरी की वारदातों के बावजूद क्षेत्र के चारों थानों की पुलिस द्वारा एक भी चोरी की वारदात के आरोपियों की गिरफ्तारी तथा वारदातों का खुलासा नहीं करने से चोरो के हौंसले बुलंद हैं।

शनिवार की रात्री को राजपुरा गांव की बैरवा ढाणी में लगी विद्युत डीपी को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर ताम्बा व ऑयल चुरा ले गये। तो लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के अडुस्या गांव में एक कुंए पर लगे इंजन के पाईप व पार्टस चुरा ले गये। वही सीतारामपुरा गांव में भी विद्युत डीपी से ऑयल व ताम्बा चुरा ले जाने की जानकारी सामने आई।

बीते दिनों जयपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय मालपुरा के जेईएन द्वारा मालपुरा थाने में दी गई रिपोर्ट में एक महिने में एक दर्जन विद्युत डीपी चोरी होने तथा बावडी से जुडी 33 केवी विधुत लाईन तकरीबन 6 किमी से अधिक रात के अंधेरे में काट ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

महज डेढ महीने में निगम को 10 लाख से अधिक का आर्थिक नुकसान होने तथा उपखण्ड क्षेत्र के थानों में डीपी चोरी होने तथा किसानो के इंजन व कृषि उपकरण सहित सिंचाई के संसाधन चोरी हो जाने के बावजूद मालपुरा, डिग्गी, पचेवर, लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस द्वारा एक भी चोरी की वारदात का खुलासा नहीं करने से आमजन मे दहशत व्याप्त है।

# कालाडेरा भाजपा देहात मण्डल का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**चौंमू /कालाडेरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी देहात मण्डल कालाडेरा द्वारा रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कस्बे के अनोपुरा रोड पर स्थित हनुमान मैरिज गार्डन में किया गया।

कार्यक्रम में सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं चौंमू विधायक रामलाल शर्मा, जयपुर जिला देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, जालसू पंचायत समिति प्रधान हरदेव यादव, आमेर पंचायत समिति प्रधान बद्री नारायण शर्मा ने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का भारतीय जनता पार्टी देहात मण्डल कालाडेरा के पदाधिकारियों ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माला पहनाकर स्वागत किया।

वहीं कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी देहात मण्डल कालाडेरा के जिम्मेदार, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पूर्व पदाधिकारियों ने कार्यक्रम से दूरी बना कर अपनी नाराजगी जाहिर की। जिसके कारण कालाडेरा मण्डल के कार्यकर्ता दो खेमों में बटे नजर आये। कार्यक्रम में आशा के अनुसार कार्यकर्ता नहीं पहुंचे। हाल ही में संपन्न हुए पंचायत समिति चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं में फूट होने के कारण पंचायत समिति प्रत्याशी को हार का सामना करना पडा था। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार पर रीट परीक्षा करवाने के दौरान लापरवाही बरतने एवं रीट परीक्षा के दौरान जिस प्रकार से डमी परीक्षार्थियों मुन्ना भाइयों को पकड़ा जाना सरकार की नाकामी सामने आ रही है। चौंमू विधानसभा क्षेत्र में 1993 से लेकर आज तक सर्वाधिक विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुए हैं। वही सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार से कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर योजनाओं का जनता को लाभ पहुंचाने का काम करें। जिससे आने वाले दिनों में पार्टी को का जनाधार और आगे बडे। कार्यक्रम में इस दौरान गोविन्दगढ पंचायत समिति की उपप्रधान कमला चौधरी, पूर्व पंचायत समिति प्रधान महेश चंद मीणा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव यादव, बन्शीधर मण्डल (यादव ) पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, कालाडेरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष हनुमान खोज, पूर्व सरपंच विष्णु नागर, रिछपाल कुमावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

- दीपावली स्नेह मिलन समारोह को लेकर बीजेपी बटी दो खेमों में


कालाडेरा भारतीय जनता पार्टी देहात मण्डल के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।



हमने मैच जीतने की पूरी कोशिश की, ताकि ऑस्ट्रेलिया को तय नेट रन रेट के तौर पर पछाड़ा जा सके, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हम इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखकर जा रहे हैं। हमने अच्छा खेल दिखाया और हमने बहुत कुछ सीखा है और यह चीजें बहुत अहम हैं। – तेम्बा बावुमा

दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान, सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने पर कहा।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ राशिद खान



**अफगानिस्तान** के लेग स्पिनर राशिद खान ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 सुपर 12 चरण के ग्रुप 2 मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनर मार्टिन गप्टिल को आउट कर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। अबु धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में रविवार को करो मरो मैच में राशिद ने गप्टिल को बोल्ड कर कीवी टीम को दूसर झटका दिया। गप्टिल 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए। टी20 क्रिकेट में राशिद ने गप्टिल के रूप में अपना 400वां शिकार किया। राशिद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

क्या आप जानते हैं ?... ट्वंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज वेस्टइंडीज के क्रिस गेल थे। दूसरा व तीसरा शतक न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम व भारत के सुरेश रैना ने लगाया।

## अफगानिस्तान को हराकर न्यूज़ीलैंड सेमीफाइनल में, भारत वर्ल्डकप से बाहर

### न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

### जादरान की 73 रनों की शानदार पारी बेकार



अबू धाबी, 7 नवम्बर। न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को 11 गेंद शेष रहते रविवार को आठ विकेट से हराकर टी 20 विश्व कप के ग्रुप दो से सेमीफाइनल में जगह बना ली जबकि न्यूज़ीलैंड की इस जीत के साथ भारत सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो गया। भारत सोमवार को नामीबिया से अपना आखिरी विश्व कप मुकाबला खेलेगा लेकिन अब उसकी सारी उम्मीदें समाप्त हो चुकी हैं।

नजीबुल्लाह जादरान की 48 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों से सजी 73 रन की शानदार पारी के बावजूद अफगानिस्तान टी 20 विश्व कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मुकाबले में 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन ही बना सका। न्यूज़ीलैंड ने 18.1 ओवर में दो विकेट पर 125 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल कर ली। नजीबुल्लाह जादरान की 48 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों से सजी 73 रन की शानदार पारी के बावजूद अफगानिस्तान टी 20 विश्व कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मुकाबले में रविवार को 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर ही बना सका ।

जादरान को छोड़ कर अन्य कोई अफगान बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक सका। गुलबदीन नायब ने 18 गेंदों पर एक चौके के सहारे 15 रन और कप्तान मोहम्मद नबी ने 20 गेंदों में बिना किसी बॉउंड्री के 14 रन बनाये। अफगानिस्तान की टीम अपने तीन विकेट मात्र 19 रन पर गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट सकी।

जादरान ने नायब के साथ चौथे विकेट के लिए 37 रन और नबी के साथ पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़े। नबी का विकेट 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर गिरा। अफगानिस्तान ने छह रन के अंतराल में तीन विकेट गंवाए जिससे उसकी एक अच्छे स्कोर पर जाने की उम्मीद टूट गयी। राशिद खान पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। न्यूज़ीलैंड की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने 17 रन पर तीन विकेट और टिम साउदी ने 24 रन पर दो विकेट लिए। लक्ष्य ज्यादा मुश्किल नहीं था और कीवी टीम ने 18.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

अफगान स्पिनरों के पास भी इस स्कोर को बचाने का कोई मौका नहीं था। न्यूज़ीलैंड की तरफ से ओपनर मार्टन गुप्तिल ने 23 गेंदों में चार चौकों के सहारे 28 रन, ओपनर डेरिल मिशेल ने 12 गेंदों में 17 रन, कप्तान केन विलियम्सन ने 42 गेंदों में तीन चौकों के सहारे नाबाद 40 और डेवोन कॉन्वे ने 32 गेंदों में चार चौकों के सहारे नाबाद 36 रन बनाये और 11 गेंद शेष रहते मैच समाप्त कर दिया। भारत की सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदें इसी बात पर टिकी थीं कि अफगानिस्तान कीवी टीम पर जीत दर्ज करे ताकि वह कल नामीबिया के खिलाफ मैच में सारे समीकरण जानते हुए उतरे लेकिन न्यूज़ीलैंड ने भारत को उसका सपना पूरा होने का कोई मौका नहीं दिया और बडे आराम से अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज की।

न्यूज़ीलैंड इस जीत से ग्रुप दो में पाकिस्तान को पीछे छोड़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, हालांकि पाकिस्तान के पास आज शाम को स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में जीत दर्ज कर फिर से ग्रुप में नंबर एक बनने का मौका रहेगा। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को इनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

पेरिस, 7 नवंबर। विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने कोर्ट पर शानदार वापसी करते हुए पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई है। नोवाक जोकोविक ने सेमीफाइनल मुकाबले में हुबर्ट हुरकाज को कड़े



मुकाबले में हराकर खिताबी मैच के लिए प्रवेश किया है। नोवाक जोकोविक ने हुबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-0, 7-6 (5) से हराकर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। जोकोविक इसके साथ ही रिकार्ड सातवीं बार शीर्ष स्थान पर रहते हुए वर्ष का समापन करेंगे। नोवाक जोकोविक ने शीर्ष पर रहते हुए साल का समापन करने के मामले में अमेरिका के पीट सम्प्रास को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविक से पहले पीट सम्प्रास ने 1993 से 1998 तक छह बार शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का समापन किया था। वहीं, जोकोविक ने इससे पहले 2011-12, 2014-15, 2018 और 2020 में शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का अंत किया था और अब वे 2021 में भी साल का समापन शीर्ष पर रहते हुए करेंगे, क्योंकि पेरिस मास्टर्स के बाद कोई टूर्नामेंट इस साल नहीं खेला जाएगा। सर्बियाई दिग्गज जोकोविक का यह 71वां, जबकि हुरकाज का दूसरा मास्टर्स सेमीफाइनल था। नोवाक जोकोविक इस समय सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। जोकोविक ने 20 ग्रैंड स्लैम अपने नाम किए हैं, जबकि इतने ही ग्रैंड स्लैम रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने भी जीते हैं। नोवाक जोकोविक अब तक 31 बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल खेल चुके हैं। वहीं, सबसे कम ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलकर 20 बार विजेता रहने वाले राफेल नडाल हैं।

## आजम और मलिक के तूफानी अर्द्धशतकों से पाकिस्तान की लगातार पांचवीं जीत



शारजाह, 07 नवम्बर (वार्ता) कप्तान बाबर आजम (66) और शोएब मलिक (नाबाद 54) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों से पाकिस्तान ने स्कॉटलैंड को आईसीसी टी 20 विश्व कप के ग्रुप दो में रविवार को 72 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और सुपर 12 में अपराजित रहने वाली वह एकमात्र टीम रही। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मोहम्मद रिजवान 19 गेंदों में 15 और फखर जमान 13 गेंदों में आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आजम ने मोहम्मद हफीज के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। आजम टूर्नामेंट में लगातार चौथा अर्धशतक बनाकर टीम के 142 के स्कोर पर आउट हुए। आजम ने 47 गेंदों पर 66 रन में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। मलिक ने मात्र 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और भारत के लोकेश राहुल की बराबरी की। मलिक ने पारी के आखिरी ओवर में क्रिस ग्रीव्स की गेंदों पर छक्का, चौका, छक्का, वाइड और छक्का लगाते हुए 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह टी 20 विश्व कप में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। मलिक ने 18 गेंदों पर नाबाद 54 रन में एक चौका और छह छक्के लगाए। स्कॉटलैंड की तरफ से ठीव्स ने 43 रन देकर दो विकेट हासिल किये जबकि हम्जा ताहिर को 24 रन पर एक विकेट और साफ्यान शरीफ को 41 रन पर एक विकेट मिला। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 189 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर स्कॉटलैंड को छह विकेट पर 117 रन पर रोककर अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा।

## नेमार ने दागे दो गोल, लीग-1 के मुकाबले में पीएसजी ने बोरडिओक्स को 3-2 से हराया

पेरिस, 8 नवंबर। नेमार के दो गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांस की फुटबाल लीग-1 के मुकाबले में बोरडिओक्स को 3-2 से हराया। इस मुकाबले में टीम के स्टार खिलाड़ी लियोन मेसी घुटने की चोट के कारण



नहीं खेल रहे थे। मैच में शुरुआत से ही पीएसजी ने अपना पलड़ा भारी रखा। नेमार ने सबसे पहले 26वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद पहला हाफ खत्म होने से कुछ समय पहले उन्होंने 43वें मिनट में एक और गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी पीएसजी ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन जारी रखा और कायलियन एमबापे ने 63वें मिनट में गोल किया और टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई। इस वक्त ऐसा लग रहा था कि पीएसजी इस मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल करेगी लेकिन बोरडिओक्स ने वापसी की और चुनौती देने की कोशिश की। बोरडिओक्स की ओर से पहला गोल एलबर्थ एलिस ने 78वें मिनट में किया। इसके बाद इंजुरी समय में एमबायो निआंग ने गोल कर बढ़त कम की। हालांकि, ये दो गोल काफी नहीं रहे और बोरडिओक्स को हार का सामना करना पड़ा। पीएसजी ने इस जीत के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है और उसके अब 13 मैचों में 34 अंक हो गए हैं।

## हमने विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया जो पर्याप्त नहीं था : कीरोन पोलार्ड

अबू धाबी, 7 नवंबर। वेस्ट इंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने यहां शनिवार को टी-20 विश्व कप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट से हार के बाद कहा कि टीम ने विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया जो पर्याप्त साबित नहीं हुआ।

पोलार्ड ने मैच के बाद कहा, हमने टी-20 विश्व कप अभियान में सीनियर और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया, लेकिन मैं यह स्वीकार करता हूं कि टीम द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के बावजूद अनुभवी खिलाड़ियों को लाने का विचार कारगर साबित नहीं हुआ। हमने सोचा था कि हम इस रणनीति से खिताब हासिल हासिल करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ये चीजें होती हैं। यह पहली बार नहीं है जब आप किसी टूर्नामेंट में क्वालीफाई नहीं करते और यह भी पहली बार नहीं है जब खिलाडी पूरे अभियान में विफल रहे हों।



कप्तान ने कहा, हमने विश्व कप अभियान में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन यह बहुत अच्छा नहीं था और हम इसे स्वीकार करते हैं, इसलिए अब सारी बात आगे बढ़ने और यहां से पुनर्निर्माण करने की कोशिश करने और इनमें से कुछ खिलाडियों के अनुभव और आने वाले युवाओं की प्रतिभा का उपयोग करने की है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है यह हमारे लिए सोचने का अवसर है कि हमारे ड्रेसिंग रूम के कुछ खिलाड़ियों ने पिछले दस वर्षों में एक पीढ़ी से अधिक समय तक वेस्ट इंडीज क्रिकेट के लिए क्या किया होगा। हमने न केवल कैरेबियन में, बल्कि पूरी दुनिया में उपलब्धियां हासिल की हैं और टी-20 क्रिकेट का चेहरा बदल दिया है।

पोलार्ड ने कहा, हमने सोचने और संजोने के लिए कुछ अच्छे क्षण निर्धारित किए, लेकिन कुल मिलाकर एक अभियान के रूप में यह मुश्किल रहा है और ऐसा होता है। एक टूर्नामेंट क्रिकेटरों को बुरा नहीं बनाता है। मुझे दंड देने का विचार पसंद नहीं है। हमारे टी-20 विश्व कप अभियान को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। आखिरकार हम खिलाडी हैं और हर बार जब हमने क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा तो मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि हमनें 100 प्रतिशत दिया।

## सौरभ ने प्रेसिडेंट्स कप में जीता रजत, अभिषेक को कांस्य

व्रोकला, 7 नवंबर। भारतीय निशानेबाज सौरभ चौधरी ने यहां रविवार को पहले आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में रजत, जबकि उनके हमवतन अभिषेक वर्मा ने कांस्य पदक जीता। सौरभ ने 24 और अभिषेक वर्मा ने 21 अंक अर्जित कर फाइनल में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि जर्मन निशानेबाज क्रिस्टियन रिट्ज ने 34 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल तीन पदक जीते हैं। 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा सहित दो स्पर्धाओं में भारत की चुनौती बाकी है, जहां मनु भाकर, राही सरनोबत और चिंकी यादव एक्शन में होंगी। वहीं पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में प्रतिभाशाली युवा राइफल निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर एक्शन में नजर आएंगे।

## भारतीय क्यूरेटर मोहन सिंह की संदिग्ध हालत में मौत

अबू धाबी, 7 नवंबर। अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट ग्राउंड की पिच बनाने वाले भारतीय क्यूरेटर मोहन सिंह की यहां आज सुबह संदिग्ध हालत में मौत की खबर सामने आई है। समझा जाता है कि मोहन, जो पहले चंडीगढ़ के मोहाली स्टेडियम से जुड़े थे, की मौत के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। अबू धाबी क्रिकेट अधिकारियों ने मोहन की मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि मोहन के परिवार को सूचित कर दिया गया है और वे अबू धाबी आ रहे हैं।



यह खबर तब भी सामने आई है जब अबू धाबी के मैदान पर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मामले में तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय मूल के क्यूरेटर की सेवाओं का इस्तेमाल किया था। समझा जाता है कि आईसीसी अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ के साथ जुड़ा हुआ है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह ने इस पर कहा, यह बहुत चौंकाने वाली खबर है। मोहन मुझे बहुत अच्छी तरह से जानते थे। वह बहुत मेहनती, प्रतिबद्ध और महत्वाकांक्षी इंसान थे। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। उल्लेखनीय है कि लगभग 10 साल पहले संयुक्त अरब अमीरात जाने से पहले मोहन ने दलजीत के अधीन 10 साल से अधिक समय तक काम किया था। मोहन 90 के दशक के मध्य में अबू धाबी क्रिकेट की ओर से नियुक्त किए गए थे।

## अपनी-अपनी टीमों की जीत में चमकी हरमनप्रीत, जेमिमा और पूनम

मेलबोर्न,7 नवम्बर। जेमिमाह रॉड्रिग्स के 45 रन और हरमनप्रीत कौर के तीन विकेट की मदद से मेलबोर्न रेनेगेड्स ने मेलबोर्न स्टार्स को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी स्टार्स की टीम रेनेगेड्स की स्पिन जोड़ी सोफ़ी मोलिन्यू और हरमनप्रीत के सामने टिक ही नहीं सकी और निर्धारित 20 ओवरों में सिर्फ़ 103 रन ही बना पाई। दूसरे ओवर में ही हरमनप्रीत ने एलिस विलानी को बैकवर्ड प्वाइंट पर जेमिमा के हाथों लपकवाया। मेग लानिंग भी आज सिर्फ़ 17 रन ही बना सकी। नौ ओवर में स्टार्स का स्कोर 41 रन पर चार विकेट था। इसके बाद किम गार्थ (32) और एरिन ऑस्बोर्न (29) ने धीमे चाल में पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इसके बाद फिर स्टार्स की पारी भरभरा के गिर पड़ी। मोलिन्यू और हरमनप्रीत ने मिलकर पारी के आख़िरी चार विकेट लिए। पारी की आख़िरी गेंद पर हरमन ने एक रन आउट कर टीम हैट्रिक भी पूरी की। इससे पहले वह लगातार दो गेंदों पर दो विकेट ले चुकी थीं। 104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनेगेड्स के लिए भी शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही। ईव जोंस शून्य पर आउट होकर चलती बनीं। लेकिन इसके बाद रॉड्रिग्स (45) और कार्ली लीसन (41) ने दूसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़कर जीत को आसान बना दिया। हालांकि जीत से पहले ही दोनों ग्राथ का शिकार हो गईं।

## गेल ने अभी संन्यास न लेने की पुष्टि की, जमैका में विदाई मैच पर नजरें

अबू धाबी, 7 नवंबर। वेस्ट इंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने दोहराया है कि उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। दरअसल शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में गेल के क्रिकेट से संन्सास लेने की अटकलें तब तेज हो गई थी, जब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहे ड्वेन ब्रावो के साथ दिखाई दिए थे।

यूनीवर्स बॉस गेल ने पुष्टि की है कि वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने संन्यास लेना चाहेंगे। उन्होंने कल टीम के आखिरी टी-20 विश्व कप मैच के बाद फेसबुक चैट पर आईसीसी के साथ बातचीत के दौरान कहा, यह एक अभूतपूर्व करियर रहा है, हालांकि अभी मैंने संन्यास की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर मुझे जमैका में मेरे घरेलू दर्शकों के सामने एक मैच खेलने का मौका मिलता है तो मैं ऐलान कर सकता हूं।

गेल ने कहा, देखते हैं, क्या होता। अगर यह मैच नहीं होता तो मैं संन्यास घोषणा कर दूंगा। फिर मैं बैकएंड में ड्वेन ब्रावो के साथ शामिल होऊंगा और सभी को धन्यवाद कहूंगा, लेकिन मैं अभी ऐसा नहीं कह सकता। मैं आज केवल मजाक कर रहा था। जो कुछ हुआ उसे गंभीरता से न लें।

## फाइनल में पहुंचने के लिए हमें दबाव में भी निखर कर आना होगा : लैंगर

दुबई, 7 नवम्बर। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार मैचों में लक्ष्य का पीछा करके टी20 विश्व कप के सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई है लेकिन अब उनके प्रमुख कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि फ़ाइनल में पहुंचने के लिए उनकी टीम को अब दबाव में निखर कर प्रदर्शन करना होगा।

सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना संभावित रूप से पाकिस्तान से होगा, जो अब तक ग्रुप 2 में पहले स्थान पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के बाद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही थी। इस विश्व कप और ख़ासकर दुबई में मुख्यतः लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ही जीत रही हैं। न्यूज़ीलैंड एकमात्र टीम रही जिसने पहले बल्लेबाज़ी



करते हुए दुबई में जीत दर्ज की, लेकिन उनका मुक़ाबला अपेक्षाकृत कमज़ोर टीम स्कॉटलैंड से था। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट का एकमात्र मुक़ाबला इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पहले बल्लेबाज़ी करते हुए हारा है, जबकि चार मैच दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए वे जीत चुके हैं।

लैंगर ने कहा, "इस टूर्नामेंट में अधिकतर टीमें दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी कर जीत रही हैं। हमारे पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ है, जो दबाव के सामने हमारे लिए उपयोगी साबित हो सकता है।" लैंगर ने इस टूर्नामेंट में एक बड़ा बदलाव करते हुए सात बल्लेबाज़ों के साथ जाने का बहादुरी भरा फ़ैसला किया, जो कि उनके दीर्घकालिक संयोजन छह बल्लेबाज़ और पांच गेंदबाज़ से अलग है।

## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अंपायर सुनीत घोष का 87 वर्ष की उम्र में निधन

कोलकाता, 7 नवंबर। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर सुनीत कुमार घोष का यहां रविवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनके दो बेटे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दो टेस्ट मैचों और सात वनडे मैचों में अंपायरिंग की। उन्हें मैदान में बिल्टू दा के तौर पर याद किया जाता है। उन्होंने भैरब गंगोपाध्याय के साथ एक यादगार जोड़ी बनाई थी। 2016 में बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के वार्षिक पुरस्कार दिवस के दौरान उन्हें एक स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सीएबी के अध्यक्ष अभिषेक डालमिया ने उनके निधन पर कहा, यह एक दुखद दिन है। क्रिकेट के लिए उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। एसोसिएशन की ओर से मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## पांच गेंदबाजों को खेलाने से हमेशा भारत को विदेश में सीरीज जीतने में मदद मिली : अरुण

दुबई, 7 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने रविवार को कहा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री और कप्तान विराट कोहली के सभी परिस्थितियों में पांच गेंदबाजों को खेलाने के फैसले से भारत को ऑस्ट्रेलिया सहित विदेश में कई सीरीज जीतने में मदद मिली है। भरत ने कहा, टीम प्रबंधन और कप्तान ने हर बार हमेशा पांच गेंदबाजों के साथ खेलने का साहसिक कदम उठाया। मुझे लगता है कि यह सबसे सकारात्मक कदम था और इससे हमें विदेश में तीन प्रमुख श्रृंखलाएं जीतने में मदद मिली, जिसमें से दो लगातार ऑस्ट्रेलिया में थी।

गेंदबाजी कोच ने रविवार को यहां कल नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, हम एक ऐसी श्रृंखला जीतने के बहुत करीब आ गए हैं जो सिर्फ एक टेस्ट मैच के लिए अधर में लटकी हुई है, इसलिए मुझे लगता है कि यह सभी का एक संयुक्त प्रयास है जिसे हमने सच में बल बनाया है। मेर हिसाब से यह जारी है और रहेगा। रवि और विराट एक संतुलित टीम बनाना चाहते हैं, जिसमें स्पिनर और तेज गेंदबाज हों, जो सभी परिस्थितियों में जीत सके और ऐसा होने के लिए हम अनुशासन के प्रति प्रेरित करने पर जोर दे रहे हैं, ताकि खिलाडी हर समय तरोताजा रहें।



उन्होंने कहा, दरअसल इस तरह की गेंदबाजी इकाई बनाने में हमें थोडा समय लगा, लेकिन हमें एक ऐसा कार्यभार सुनिश्चित करना था जो तेज गेंदबाजों को किसी भी समय फिट रख सके, ताकि हम उन्हें रोटेट भी कर सकें।

अरुण ने अपने करियर के अंत में जसप्रीत बुमराह को छोडकर तेज गेंदबाजों के साथ तेज गेंदबाजी इकाई के परिवर्तन के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, भारत में बहुत तेज गेंदबाजी प्रतिभा है, जिसमें मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाडी शामिल हैं और सिराज तथा प्रसिद्ध जैसे खिलाड़ियों के आने से भारत का तेज गेंदबाजी अटैक काफी बेहतर हो गया है। देश में कई अन्य रोमांचक तेज गेंदबाजी संभावनाएं भी हैं। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में वे एक ताकत बनेंगे।

गेंदबाजी कोच ने एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि टीम मौजूदा टी-20 विश्व कप 2021 के अपने पहले मैच में थोड़ी खराब दिख रही थी, लेकिन दुबई में टॉस एक बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, मैं कोई बहाना नहीं दे रहा हूं, लेकिन इस विश्व कप में यह चलन रहा है कि टॉस जीतने वाली टीम को बड़ा फायदा होता है, खासकर जब आप दुबई में खेल रहे हों। जब आप दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हैं तो विकेट आसान हो जाता है। यह कोई बहाना नहीं है, हमें बेहतर करना चाहिए था। पहले मैच में हमारे पास अपने स्कोर को डिफेंड करने का मौका था, लेकिन हमने इसे थोड़ा कम स्कोर आंका।

अरुण ने गेंदबाजी कोच के रूप में अपने कार्यकाल के बारे में कहा, यह उनके लिए एक शानदार और उत्कृष्ट यात्रा रही है। उतार-चढ़ाव आए हैं, लेकिन उन्होंने जारी रखा। टीम उस समय की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है जब उन्होंने शुरुआत की थी। इसको लेकर बहुत खुश हूं कि हमारे पास इस तरह की गेंदबाजी है। हमने एक टीम के रूप में विदेश में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और हम इसे हासिल करने के लिए आगे बढ़े।

## ग्रुप में शीर्ष पर रहते सेमीफाइनल में पहुंची इंग्लैंड की टीम : मोर्गन

शारजाह, 7 नवम्बर। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली 10 रन की हार के बाद कहा कि उन्हें इस बात की गहरी ख़ुशी है कि उनकी टीम अपना आखिरी विश्व कप मैच गंवाने के बावजूद ग्रुप एक में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची। फिंच ने कहा, यह बहुत अच्छा विकेट था, साउथ अफ्रीका ने अच्छी बल्लेबाजी की। हमने हाल में अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन हमें लगा कि ओस आएगी और हमारे लिए आसान हो जाएगा। मोईन और लिविंगस्टन ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन हम मैच नहीं जीत पाए। कप्तान ने कहा,सेमीफाइनल में पहुंचना चुनौती थी, हमने बड़े मुश्किल मैच खेले हैं, श्रीलंका के खिलाफ मुश्किल था, कल का मैच मुश्किल रहा। टूर्नामेंट और उससे पहले कई खिलाड़ियों को चोट लगी हैं। हमने ऐसा ग्रुप बनाया है कि सभी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं खुश हूं कि हम ग्रुप 1 से शीर्ष के तौर पर सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।





*कोलम्बिया के वन्यजीव अधिकारी एक विशालकाय और घुसपैठिया प्रजाति "हिप्पोपोटमस" की समस्या से जूझ रहे हैं। अस्सी के दशक में यहां का कुख्यात ड्रग तस्कर पाब्लो एस्कोबार अफ्रीका से अवैध रुप से कई हिप्पोपॉटमस कोलम्बिया लाया था और तब से ही ये सैमी एक्वेटिक स्तनपायी दक्षिण अमेरिकी देश की उष्णकटिबंधीय नदियों में खूब फले फूले। तथापि, अब ये दरियाई घोड़े क्षेत्र के इकोसिस्टम के लिए खतरा बन गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जीव वैज्ञानिक दरियाई घोड़ों को गर्भनिरोधक इंजेक्शन लगा रहे हैं ताकि वे प्रजनन ना करें। अभी तक 11 हिप्पो को ये इन्जेक्शन लग चुके हैं तथा 24 को लगने हैं। एक वैटरनेरी डॉक्टर, जीना पाओला ने कहा कि, यह गर्भनिरोधक दवा नर व मादा दोनों में असरदार है। अमेरिका के वन्य जीव अधिकारी हिरणों व जंगली घोड़ों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। एक क्षेत्रीय एनवायरमैंटल एजेंसी, कॉरनैर के अधिकारियों का आकलन है कि कोलम्बिया के अंदरुनी भाग में मैगडलेना नदी के समीपवर्ती क्षेत्र में तीन स्थानों पर कुल 80 हिप्पो हैं। कोकेन तस्कर एस्कोबार, जिसे 1993 में गोली मार दी गई थी, अफ्रीका से अन्य जानवरों के साथ चार हिप्पो (एक नर और तीन मादा) लाया था, जिन्हें उसने अपने हासिएन्डा नेपोलीज़ एस्टेट में रखा था। देश की राजधानी बोगाटा से 155 मील दूर उत्तर पश्चिम में स्थित यह क्षेत्र अब एक थीम पार्क है। एस्कोबार की मौत के बाद अधिकारियों ने उसकी सम्पत्ति जब्त कर ली, अन्य जानवरों को तो बेच दिया पर हिप्पो बच गए, क्योंकि उन्हें कहीं भी ले जाना मुश्किल था, इसलिए हिप्पो को वहीं छोड़ दिया गया। लेकिन ये दरियाई घोड़े इकोलॉजिकल टाइमबम साबित हुए क्योंकि अनुकूल हालात मिलने के कारण हिप्पो की आबादी बहुत ज्यादा बढ़ गई, जिसका पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ा। हिप्पो टनों पेड़ -पौधे खा जाते हैं। यहाँ पर उनके मल से पानी में भारी मात्रा में एल्जी पनपी, जिससे पानी में ऑक्सीजन की कमी हो गई। इसके अलावा हिप्पो, जिनका वजन 6000 पाउण्ड तक हो जाता है, इंसानों के लिए गंभीर खतरा बन गए। गत वर्ष एक हिप्पो ने स्थानीय रैन्चर पर हमला कर दिया, उसकी टांग, पसलियाँ, आदि टूट गईं। पर्यावरण अधिकारियों ने पहले तो इन्हें विष देकर मारने का विचार किया पर भारी जनविरोध के बाद यह आइडिया ड्राप कर दिया। नर हिप्पो का बंध्याकरण शुरु किया गया, पर इसमें काफी धन व समय खर्च होता था। एक जानवर पर 50,000 पाउण्ड की लागत आ रही थी। इसके बाद अमेरिकन अधिकारियों से सलाह मशविरा के बाद इन्हें गर्भनिरोधक दवा देने की प्रक्रिया शुरु की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि जन्मदर को नियंत्रित कर इनकी आबादी को नियंत्रित किया जाता सकता है।*

# थप्पड़ मारने के विवाद में बाप-बेटे को गोली मारी, मौत

## भरतपुर एस.पी. विश्नोई ने रात्रि चेतक प्रभारी व कोतवाली एच.एम. मानसिंह को निलम्बित किया

- **परिजनों व ग्रामीणों ने शव लेने से पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।**
- **पुलिस ने एक जने को हिरासत में भी लिया।**

भरतपुर, 7 नवम्बर (नि.सं.)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर कॉलोनी में आपसी विवाद में दो भाइयों ने पड़ोस में रहने वाले बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सनसनी फैल गई। मृतकों में डहरा का पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह व उसका पुत्र सचिन है। घटना की सूचना मिलने के बाद महानिरीक्षक पुलिस रेंज प्रसन्न कुमार खमेसरा, जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता एवं एस.पी. देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया। एफ.एस.एल. टीम से घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मामले को लेकर परिजनों व अन्य लोगों ने अस्पताल में शव लेने से पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मामलें में एस.पी. देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने एक आदेश जारी कर लापरवाही बरतने पर रात्रि चेतक प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विजयपाल व कोतवाली एच.एम. मानसिंह हैड कानिस्टेबल को निलम्बित कर दिया।

मामले में राज्य के स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक से कहा कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की। संभवतया इसी कारण यह घटना घटित हुई। उन्होंने इस घटना में लापरवाही मानते हुये दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

पुलिस ने मृतकों के शवों का मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। घटना को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है। मृतक के भाई चंदन ने बताया कि शनिवार देर शाम सुरेंद्र के घर उनके रिश्तेदार का बेटा आया हुआ था। इस बीच शाम को रिश्तेदार के बेटे और सुरेंद्र के पड़ोस में रहने वाले लाखन के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई। इस पर रिश्तेदार के बेटे ने लाखन को थप्पड़ मार दिया और वहां से फरार हो गया। घटना के कुछ देर बाद लाखन सुरेंद्र के घर के बाहर आया और हवाई फायरिंग कर दी। जिस पर दोनों बाप-बेटे घर से नहीं निकले। रविवार सुबह दोनों पक्षों के बीच राजीनामा को लेकर सुरेंद्र के घर बातचीत चल रही थी। इसमें लाखन और उसका भाई दिलावर भी मौजूद था। राजीनामा के दौरान फिर से बहस हो गई। उस समय सुरेंद्र का बेटा सचिन दूध लेने बाहर गया था। जब वह लौटा तो लाखन ने उसके पिता पर पिस्तौल से फायर कर दिया। बीच-बचाव में सचिन आया तो उसके भी पैर में गोली मार दी। इस घटना में घायल हुए दिलावर को आर.बी.एम. अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### महंगाई और...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शुरूआत में 29 जनवरी, 2021 को वैट में 2 प्रतिशत की कमी की थी। इससे राज्य को राजस्व में एक हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की हानि हुई। इस तरह अब राज्य के कोष पर कुल 2800 करोड़ प्रति वर्ष की राजस्व हानि का भार आ गया है। गहलोत ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि केन्द्र पेट्रोलियम कंपनियों को पाबंद करे कि वे रोज-रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि न करें, क्योंकि ऐसा होने पर पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने से केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से आमजन को दी गई राहत का लाभ शून्य हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2014 से उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए पेट्रोल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी 6 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये प्रति लीटर एवं अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी शून्य बढ़ाकर 8 रुपये प्रति लीटर एवं अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

### देवबंद में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यह संस्था शिक्षा का केंद्र है। पूर्व में अनेक राजनीतिक दलों के नेता चुनावी लाभ के लिए यहां किसी न किसी बहाने आते रहे है। संस्था के जिम्मेदारान की यह सोच है कि कोई भी जाने-अनजाने इस संस्था का सियासी कारणों से लाभ न उठा पाए।

मुफ्ती नोमानी ने कहा सियासतदानो के अलावा कोई भी व्यक्ति इस संस्था में किसी भी वक्त आ-जा सकता है। सभी का स्वागत है लेकिन हमारी कोशिश यह है कि चुनावों के दौरान राजनीतिज्ञों को यहां आने से परहेज करे और उनके इस निर्देश का पालन करे।

# सरकार ने बच्चों की एक करोड़ डोज़ वैक्सीन खरीद का ऑर्डर दिया

## यह ऑर्डर जाइडस कैडिला से जाइकोव-डी वैक्सीन की खरीद के लिए दिया गया है

- **कंपनी के अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय को बताया कि, जायडस कैडिला प्रति माह जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक मुहैया कराने की स्थिति में है। इसके तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है, जो डी.एन.ए.-आधारित एवं सुई-रहित है।**
- **जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा (ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इण्डिया) से नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली थी।**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। भारत में अब बच्चों को भी करोना का टीका जल्द लगेगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों के टीकाकरण के लिए मंजूरी दे दी है। सरकार ने अहमदाबाद की कंपनी जायडस कैडिला की तीन खुराक वाली वैक्सीन जाइकोव-डी की एक करोड़ डोज खरीदने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही यह वैक्सीन राष्ट्रीय करोना वायरस रोधी टीकाकरण अभियान में इस महीने शामिल हो जाएगी। शुरुआत में इसे वयस्कों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

केंद्र जायडस कैडिला को जाइकोव-डी टीके की एक करोड़ खुराक के लिए ऑर्डर दे चुका है, जिसकी कीमत कर को छोड़कर करीब 358 रुपये है। इस कीमत में 93 रुपये की लागत वाले जेट एप्लीकेटर का खर्च भी शामिल है। इसकी मदद से ही टीके की खुराक दी जाएगी।

कंपनी के अधिकारियों ने मंत्रालय को बताया कि जायडस कैडिला प्रति माह जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक मुहैया कराने की स्थिति में है। इसके तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है, जो डी.एन.ए.-आधारित एवं सुई-रहित है।

जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली थी। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल ने 30 सितंबर को कहा था कि दुनिया का पहला डी.एन.ए.-आधारित टीका राष्ट्रव्यापी अभियान में बहुत जल्द इस्तेमाल किया जाएगा। जॉयकोव डी की तीन खुराकें लगेंगी। पहली खुराक के 28 दिन बाद दूसरी खुराक दी जाएगी और 56 दिन बाद तीसरी।

## 'भारत में इस समय 33 लाख बच्चे कुपोषित हैं'

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में इस समय 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। इनमें से आधे से ज्यादा यानी कि 17.7 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात में हैं। इस बात की जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक आर.टी.आई. के जवाब में दी है। केन्द्र सरकार ने एक आर.टी.आई. के जवाब में कहा कि यह 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आंकड़ों का संकलन है। देश में कुल 33,23,322 बच्चे कुपोषित हैं।

मंत्रालय का अनुमान है कि करोना महामारी से गरीब से गरीब व्यक्ति में स्वास्थ्य और पोषण संकट और बढ़ सकता है। इस पर चिंता जताते हुए मंत्रालय ने कहा कि 14 अक्तूबर 2021 तक भारत में 17.76 लाख बच्चे अत्यंत कुपोषित (एस.ए.एम.) और 15.46 लाख बच्चे अल्प कुपोषित (एस.ए.एम.) थे। हालांकि ये आंकड़े अपने आप में खतरनाक हैं।



*हिमालयन फंगस में मिले एक अणु से एक नई कीमोथैरेपी ड्रग प्राप्त हुई है, जो कैंसर की कोशिकाओं को खत्म कर सकती है। ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन की एक फार्मा कम्पनी न्युकाना के साथ मिलकर इस दवा को सिंथसाइज़ (संश्लेषित) किया है जिसका अभी ट्रायल चल रहा है। इस दवा के एक्टिव घटक को कॉर्डीसेपिन कहा जाता है, जो सबसे पहले परजीवी फंगस प्रजाति, ऑफियोकॉर्डिसैप्स साइनेसिस में मिला था। इस फंगस को कैटरपिलर फंगस भी कहते हैं क्योंकि यह मॉथ के लार्वा को मार कर उन्हें "ममीफाई" कर देती है। सदियों से चीन की पारम्परिक दवाओं में इस फंगस का इस्तेमाल हो रहा है। कॉर्डिसेपिन में एंटीकैंसर, एंटीऑक्सीडैन्ट और एंटी इन्फ्लमेटरी प्रभाव मिलता है, इसलिए इस फंगस को प्रायः विश्व का सर्वाधिक कीमती परजीवी फंगस भी कहते हैं। प्राकृतिक कॉर्डिसेपिन के एंटीकैंसर एजेंट, एन.यू.सी.-7738 की क्षमता बढ़ाने के लिए इस पर कई प्रयोग किए गए हैं जिससे इसकी कैंसररोधी क्षमता 40 गुना बढ़ने की संभावना है। अभी इसके दूसरे चरण के ट्रायल चल रहे हैं।*

## 'आर्यन खान का फिरौती के लिए एन.सी.बी. ने अपहरण करवाया'

मुंबई, 7 नवंबर (वार्ता)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री नवाब मलिक ने रविवार को आरोप लगाया कि बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन को मुंबई क्रूज रेव पार्टी में फंसाकर फिरौती के लिए अपहरण किया गया था तथा बाद में इन सभी को आरोपी बनाया गया था।

मलिक ने आज यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शाहरुख खान को तब से धमकी दी गई है जब से उन्होंने छह अक्टूबर से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन.सी.बी.) के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े पर एक्सपोज सीरीज बनाना शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि वानखेड़े हाई-प्रोफाइल लोगों को फंसाने और उनसे करोड़ो रूपये की उगाही के लिए एक निजी सेना चला रहे थे।

# इराक के प्र.मंत्री पर ड्रोन हमला, अस्पताल में भर्ती हुये

## राजधानी बगदाद में प्रधानमंत्री के आवास को निशाना बनाकर रॉकेट दागा गया

- **रॉकेट हमले के बाद प्रधानमंत्री अल-कदीमी ने ट्वीट कर कहा, मैं ठीक हूं और इराक की खातिर सभी से शांति और संयम बरतने का आह्वान करता हूं।**
- **भारत, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका सहित कई देशों ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।**

बगदाद 7 नवंबर (वार्ता/स्पूतनिक)। इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी रविवार तड़के एक ड्रोन हमले में घायल हो गये और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अल अरबिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन हमले में इराकी प्रधानमंत्री के आवास को लक्ष्य कर एक कत्यूषा रॉकेट छोड़ा गया। हमले में अल-कदीमी और उनके कई सुरक्षा अधिकारी घायल हो गये।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बगदाद में ग्रीन जोन के पास भी भारी गोलाबारी हुई। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि अल-कदीमी के आवास पर हमले में शामिल एक ड्रोन को पकड़ लिया गया है। इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने कहा है कि वह ठीक हैं तथा देश की खातिर सभी को शांति और संयम बनाये रखना अपरिहार्य है।

अल-कदीमी ने ट्वीट कर कहा, मैं ठीक हूं और इराक की खातिर सभी से शांति और संयम बरतने का आव्हान करता हूं। इराकी न्यूज एजेंसी (आई.एन.ए.) ने सुरक्षा बलों का हवाला देते हुए कहा कि ड्रोन के जरिए प्रधानमंत्री की हत्या का असफल प्रयास किया गया, लेकिन उन्हें चोट नहीं आयी। ईरानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली शामखानी ने कहा है कि इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी के आवास पर किया गया ड्रोन राकेट हमला देश में विद्रोही गतिविधियों को भड़काने की एक साजिश है और इसका संबंध विदेशी ताकतों से हैं।

गौरतलब है कि इस राकेट हमले में कदीमी घायल हो गए थे और उन्हें बाद में अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उन्होंने खुद ट्वीट कर कहा था कि वह ठीक हैं। इस हमले में उनके तीन सुरक्षा गार्ड घायल हो गए हैं।

शामखानी ने एक ट्वीट कर कहा अल कदीमी पर किया गया हमला एक राजद्रोह की कार्रवाई है जिसका संबंध विदेशी ताकतों से हैं जिन्हें देश में असुरक्षा, अशांति और अस्थिरता फैलाने के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ है।

इराकी प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट के जरिए देशवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### जी-20...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिलेगी। कोयला से चलने वाले बिजली संयंत्रों को लेकर भी विश्व समुदाय ने भारत की मांग को स्वीकार किया है। विकसित देशों का दबाव था कि सभी ताप बिजली संयंत्रों को बंद करने का लक्ष्य तय होगा लेकिन भारत का कहना था कि पहले चरण में ताप बिजली संयंत्रों को किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं देने शुरुआत होनी चाहिए। रोम घोषणा पत्र में इसे स्वीकार किया गया है।

## यू.पी. में जेल में कैदियों ने उत्पाद मचाया, 30 पुलिसकर्मी घायल

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ स्थित जिला जेल में एक बंदी की मौत पर साथी भड़क गए।

गुस्साए बंदियों ने पथराव कर जेल में आग लगा दी। सूचना मिलते ही जेल और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। बंदियों ने जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। हमले में 30 पुलिसकर्मी घायल होने की खबर है।

वहीं, कई बंदी भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, मेरापुर थाना क्षेत्र निवासी संदीप हत्या के मामले में जिला जेल में बंद था। हालत बिगड़ने पर उसे सैफई रेफर किया गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर बंदियों ने हंगामा कर दिया।

## पंजाब सरकार ने भी पैट्रोल-डीजल पर वैट में बड़ी कटौती की

चंडीगढ़, 7 नवम्बर(वार्ता)। केंद्र और अन्य पड़ोसी राज्यों का अनुसरण करते हुये पंजाब सरकार ने भी पेट्रोल और डीज़ल पर वैट में क्रमश: दस रूपये और पांच रूपये प्रति लीटर की कटौती करने की आज घोषणा की। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने उनकी अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को सम्बोधित करते हुये यह जानकारी दी। ये कीमतें रविवार आधी रात से प्रभावी होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले के बाद राज्य सरकार ने जनता को राहत देने का फैसला लिया है। उन्होंने लेकिन साथ ही यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीज़ल से उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिसमें 42 प्रतिशत हिस्सा राज्यों का होता है। केंद्र के इस फैसले से राज्यों को राजस्व का ज्यादा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को उत्पाद शुल्क घटाने के वजाय अधिभार या शुल्क कम करना चाहिये जो उसने समय-समय पर बढ़ाया है। उन्होंने दावा किया कि पंजाव में पेट्रोल उत्तर भारत में सबसे सस्ता होगा। कीमतें कम होने के बाद राज्य में पेट्रोल की कीमत 105 रूपये से घट कर अब 95 रूपये और डीज़ल 88.75 रूपये से घट कर 83.75 रूपये प्रति लीटर हो जाएगा।

### प्रदेश की आठ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

केवल, महिला अत्याचार, बाल अपराध, भ्रष्टाचार में अव्वल बनाया है। पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री एक नम्बर कहलाते थे, अपना गुणगान करवाते थे लेकिन इस बार उन्होंने प्रदेश को अपराधों में ही नम्बर वन किया है। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल डीजल पर पांच व दस रुपए कम किए।

इसके बाद भाजपा शासित प्रदेशों में वेट कम करके ओर कीमतें घटाकर जनता को राहत दी गई लेकिन राजस्थान में वेट कम नहीं करने पर अड़ी है। मुख्यमंत्री गहलोत को लगता है कि इससे राज्य सरकार का मुनाफा घट जाएगा। इसलिए वेट कम नहीं किया जा रहा है। देवनानी ने तत्काल प्रभाव से राजस्थान में जनता को राहत देने के लिए वेट कम करने की मांग की है, समय रहते कोई निर्णय नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन करेगी।

देवनानी ने कहा कि रीट परीक्षा और अन्य पात्रता प्रतियोगी परीक्षाओं में 40-50 लोग नकल करने वाले पकड़े गए लेकिन सरकार कुछ नहीं कर पाई, शिक्षा विभाग असहाय नजर आ रहा है। पात्रता परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को और सरकार के नुमाइंदों को नियमों की जानकारी तक नहीं है। ऐसे में लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है।

जोधपुर में कांग्रेस विधायक द्वारा अल्प संख्यकों के लिए अलग से बोर्ड बनाने संबंधी प्रस्ताव के संबंध में पूछे गए सवाल पर पूर्व केबिनेट मंत्री देवनानी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा केवल तुष्टिकरण की बात करती आई वो सिर्फ वोटों की राजनीति करती है। कांग्रेस ने सदैव एक पक्ष को खुश करने का प्रयास किया है। देवनानी ने कहा कि यह भाजपा की सफलता ही है कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को मंदिर जाना एवं जनैउ धारण करना सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सदैव सभी को साथ लेकर काम किया है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। केन्द्र सरकार इसी मूलमंत्र के साथ काम कर रही है।

# 'किसान आंदोलन में अब तक 600 लोग शहीद हुये'

## मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने यह भी कहा कि, इतने पर भी लोकसभा में प्रस्ताव पास नहीं किया गया जबकि कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेता शोक संदेश जारी करते हैं

- **जयपुर में एक कार्यक्रम में सत्यपाल मलिक ने कहा, देश में इतना बड़ा आंदोलन आज तक नहीं चला, जिसमें 600 लोग शहीद हो गए।**
- **मलिक ने कहा, मुझे राज्यपाल बनाया दिल्ली में 2-3 बड़े लोगों ने, मैं उनकी इच्छा के खिलाफ बोल रहा हूं, मैं तो यह जानता ही हूं कि उनको दिक्कत होगी। वे जिस तरह कहेंगे कि हमें दिक्कत है छोड़ दो, मैं एक भी मिनट नहीं लगाउंगा।**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। मेघायल के गवर्नर सत्यपाल मलिक ने किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा। हाल के समय में कई बार किसानों के मुद्दे पर सरकार और बीजेपी की लाइन से हटकर बोल चुके मलिक ने साफ कहा कि वह दिल्ली के उन 2-3 लोगों की इच्छा के खिलाफ बोल रहे हैं, जिन्होंने उन्हें गवर्नर बनाया है और जब कहेंगे तो वह तुरंत पद से हट जाएंगे। मलिक ने कहा कि किसान आंदोलन में 600 लोग शहीद हो गए तो लोकसभा में प्रस्ताव पास नहीं किया गया, जबकि कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेता शोक संदेश जारी करते हैं। जयपुर में एक कार्यक्रम में सत्यपाल मलिक ने कहा, देश में इतना बड़ा आंदोलन आज तक नहीं चला, जिसमें 600 लोग शहीद हो गए। कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेताओं का शोक संदेश जाता है, लेकिन 600 किसानों का प्रस्ताव लोकसभा में पास नहीं हुआ।

मलिक ने आगे कहा, इस समय किसानों का मुद्दा है, मैं कुछ कहूंगा तो विवाद होता है। ये अखबार वाले ऐसा कर देते हैं कि मैं दो हफ्ते तक इंतजार करता हूं कि दिल्ली से कोई टेलिफोन तो नहीं आएगा। हालांकि, गवर्नर को हटाया नहीं जा सकता है, लेकिन मेरे जो शुभचिंतक है, कहते हैं कि ये कुछ बोले और हटे। फेसबुक पर लिखते हैं कि आप जब इतना महसूस करते हो तो इस्तीफा क्यों नहीं देते, मैं कहता हूं कि क्या आपके पिता ने बनाया था। मलिक ने कहा, मुझे बनाया दिल्ली में 2-3 बड़े लोगों ने, मैं उनकी इच्छा के खिलाफ बोल रहा हूं, मैं तो यह जानकर ही बोल रहा हूं कि उनको दिक्कत होगी। वह जिस तरह कहेंगे कि हमें दिक्कत है छोड़ दो, मैं एक भी मिनट नहीं लगाऊंगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908